e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 14
मंगलवार
14.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आनंद वहा नहीं है जहा धन मिले,
आनंद तो वहा है जहा मन मिले!

## क्विक न्यूज

### मां ने बच्चों के साथ नहर में लगाई छलांग, 4 बच्चों की दर्दनाक मौत

**विजयपुरा (कर्नाटका) :** विजयपुरा के बेनाला गांव के पास नहर में एक महिला ने अपने चार बच्चों के साथ आत्महत्या करने की कोशिश की. बताया जा रहा है कि सोमवार को पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया. स्थानीय मछुआरों ने महिला को तो बचा लिया, लेकिन दुर्भाग्यवश उसके चारों बच्चे नहर में डूब गए. इस दुखद घटना में मरने वाले चारों बच्चे जुड़वां लड़के और दो लड़कियां हैं. जिनकी उम्र 13 महीने से 5 साल की थी. चारों बच्चे कोलहरा तालुक के तेलगी गांव के निवासी थे. महिला को मछुआरों ने नहर से सुरक्षित निकाल लिया था. स्थानीय लोगों और पुलिस द्वारा राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया था, जिसके बाद दो लड़कियों के शव बरामद कर लिए गए. वहीं दो जुड़वां लड़कों के शवों की तलाश जारी है.मृतक बच्चों के पिता ने बताया कि वे अपनी पत्नी और परिवार के साथ पूर्णिमा के दिन निदागुंडी के एलम्मा के बुदिहाला गांव में दर्शन के लिए गए थे. अलमट्टी में एडाडांडे नहर के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया. उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों को नहर के पास रुकने को कहा और खुद पेट्रोल लेने के लिए आगे बढ़ गए. जब वह वापस आए, तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी ने चारों बच्चों को नहर में फेंक दिया है और खुद भी नहर में कूद गई हैं.

### संपत्ति के लिए पीट-पीटकर बड़े भाई की हत्या

**नवादा :** नवादा में रिश्तों को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें छोटे भाई ने सोमवार को अपने बड़े भाई की पीट -पीटकर हत्या कर दी । यह घटना जिले के नरहट थाना क्षेत्र के हजरतपुर में छोटे भाई ने बड़े भाई गोरेलाल चौधरी के लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी। यह हत्या बच्चों की लड़ाई के विवाद में छोटे भाई जितेंद्र चौधरी ने गुस्से में आकर बड़े भाई गोरेलाल चौधरी को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। सूचना मिलने पर नरहट पुलिस मौके पर पहुंच गई,जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल नाग का हुआ परीक्षण

**नई दिल्ली :** पोखरण फील्ड रेंज में स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक फायर एंड फॉरगेट गाइडेड मिसाइल नाग मार्क-2 के तीन परीक्षण किये गए हैं। इस दौरान मिसाइल ने अधिकतम और न्यूनतम रेंज के सभी लक्ष्यों को सटीक रूप से नष्ट कर दिया। यह फील्ड मूल्यांकन परीक्षण भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुए। इसके साथ ही अब पूरी हथियार प्रणाली भारतीय सेना में शामिल होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग को बधाई दी है।

### खनन माफियाओं के आगे बेबस है प्रशासन और सरकार : जय राम ठाकुर

**शिमला :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में खनन माफिया बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की नाकामी और प्रशासन की निष्क्रियता के चलते खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि आम जनता को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है।जयराम ठाकुर ने कहा कि खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन की निष्क्रियता यह साबित करती है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदेश में ऐसा कौन है जो इन माफियाओं को बचा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को भी प्रशासन के सामने गुहार लगाते देखा जा रहा है जबकि उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करते हुए अधिकारियों को सीधे आदेश देना चाहिए।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल व बिहू पर दी शुभकामनाएं

**देहरादून:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के पर्व पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराएं आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मकर संक्रांति और उत्तरायणी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सूर्यदेव की उपासना, दान और धर्म परायणता का यह पर्व लोगों के जीवन में उत्साह और उमंग लाता है। यह पर्व भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति में दान-पुण्य और शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कामना की कि भगवान सूर्य की आराधना का यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्यूनतम | 13⁰ |

## मकर संक्रांति आज

## तिलकुट का सजा बाजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मकर संक्रांति पर राजधानी रांची सहित हर चौक-चौराहों पर बाजार सज चुके हैं। पर्व से पहले बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है।रांची के विभिन्न चौक-चौराहों कोकर, लालपुर, बरियातू, हरमू, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, रातू रोड, बूटी मोड़ और कांके चौक पर लगे बाजार में लोग खरीदारी कर रहे हैं।बाजार में स्थानीय तिलकुट के साथ गया के गुप्ता तिलकुट भी मिल रहे हैं। खोवा के तिलकुट की वैरायटी की भी डिमांड काफी है। साथ ही गजक, स्पेशल गजक, रेवड़ी और तिल पापड़ी भी ग्राहक खरीद रहे हैं। कोकर के एक तिलकुट विक्रेता ने कहा कि 300 रुपये किलो तिलकुट बेच रहे हैं। इस बार तिल का लड्डू 100 रुपये पैकेट (200 ग्राम), गजक 340 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये और तिलपट्टी 280 रुपये है।

बरियातू में तिलकुट दुकानदार ने कहा कि तिलकुट 280 रुपये किलो गया का गुप्ता तिलकुट, गुड बादाम 240 रुपये किलो, तिल लड्डू 400 किलो, चूड़ा 60, 100, 70 50 और 120 रुपये किलो, भूरा 100 रुपये, गुड 60 किलो, चूड़ा लड्डू 160 रुपये किलो, चावल लड्डू 160 किलो के भाव से बिक्री हो रही है। पंजाब स्वीट के एक स्टाफ ने कहा कि इस बार लोग घी वाले घेवर अधिक खरीद रहे हैं। एक घेवर की कीमत 120 रुपये है। इसमें मलाई डाला गया है। इसके अलावा प्रीमियम गुड रेवड़ी 440 रुपये किलो, स्पेशल खोवा तिलकुट 500 रुपये किलो, तिल रोल 400 रुपये किलो, गुड़ तिलकुट 360-400 रुपए किलो, स्पेशल तिलपट्टी 380 रुपये किलो और स्पेशल तिलकुट 360 किलो है। इस संबंध में पंडित आलोक मिश्र ने कहा कि पंचांग के अनुसार, माघ माह की प्रतिपदा तिथि पर मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन आत्मा के कारक सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करेंगे। इसलिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन पुण्य काल प्रातः काल 9 बजकर 3 मिनट से लेकर संध्याकाल 5 बजकर 46 मिनट तक है। इस अवधि में स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान कर सकते हैं। इस दौरान पूजा और दान करने से सूर्य देव की विशेष कृपा प्राप्त होगी। संक्रांति का शुभ समय 9 बजकर 3 मिनट पर है।

## पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हुआ विश्व का सबसे बड़ा महाकुंभ मेला

# महाकुंभ का हुआ आगाज

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ मेला सोमवार से शुरू हो गया। सोमवार को डेढ़ करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया।पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष माह के शुक्ल पक्ष के 15वें दिन पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान से सभी तरह के पाप मिट जाते हैं। उन्होंने कहा,पौष पूर्णिमा के साथ एक महीने तक चलने वाला कल्पवास भी आज से प्रारंभ हो गया। इस दौरान लोग एक माह तक तीनों समय गंगा स्नान कर एक प्रकार का तप वाला जीवन व्यतीत करते हैं और भगवान के भजन गाते हैं। पौष पूर्णिमा के साथ ही 26 बता दें कि फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ की शुरुआत हो गई है। इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। महाकुंभ के पहले दिन से प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। हजारों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। यह गंगा, यमुना और रहस्यमय सरस्वती नदियों का पवित्र संगम है।

### डेढ़ करोड़ों लोगों ने संगम पर लगाई आस्था की डुबकी

#### 183 देशों के लोगों के आने की उम्मीद

समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का आज से आगाज हो गया। इस बार महाकुंभ में 183 देशों के लोगों के आने की उम्मीद है। इन विदेशी मेहमानों के स्वागत और आतिथ्य के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से भव्य तैयारियां की गई हैं।

#### 144 साल बाद बना है दुर्लभ संयोग

144 साल बाद दुर्लभ संयोग में रविवार की आधी रात संगम पर पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी के साथ महाकुंभ का शुभारंभ हुआ। विपरीत विचारों, मतों, संस्कृतियों, परंपराओं स्वरूपों का गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर महामिलन 45 दिन तक चलेगा। इस अमृतमयी महाकुंभ में देश-दुनिया से 45 करोड़ श्रद्धालुओं, संतों-भक्तों, कल्पवासियों और अतिथियों के डुबकी लगाने का अनुमान है। घना कोहरा, थरथरा देने वाली कंपकंपी आस्था के आगे मीलों पीछे छूट गई। संगम पर आधी रात लाखों श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची। इसी के साथ संगम की रेती पर जप, तप और ध्यान की वेदियां सजाकर मास पर्यंत यज्ञ-अनुष्ठानों के साथ कल्पवास भी आरंभ हो गया।



### महाकुंभ के शुभारंभ पर पीएम मोदी ने दी शुभकामना

प्रयागराज : विश्व के सबसे विशाल, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 का सोमवार तीर्थराज प्रयागराज में शुभारंभ हो गया. इस पवित्र अवसर पर पीएम मोदी ने समस्त श्रद्धालुओं,संतों,महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,पौष पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के साथ ही आज से प्रयागराज की पुण्यभूमि पर महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है. हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़े इस दिव्य अवसर पर मैं सभी श्रद्धालुओं का हृदय से वंदन और अभिनंदन करता हूं. भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह विराट उत्सव आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही कामना है. वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं.


### महाकुंभ : ज्योतिष्पीठाधीश्वर की देखरेख में सनातन संरक्षण परिषद का गठन

महाकुंभ नगर -प्रयागराज महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पर सोमवार को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मौजूदगी में परम धर्म संसद में सनातन संरक्षण परिषद का गठन हुआ। यह जानकारी शंकराचार्य के वाराणसी मीडिया प्रवक्ता संजय पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि धर्म संसद में उत्तराखण्ड की बदरीश गाय का आगमन हुआ, जिससे परम धर्म संसद और भी पवित्र हो गई। सनातन धर्म के अनुसार गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है और आज सत्र को 33 करोड़ देवी- देवताओं का भी आशीर्वाद मिल गया। बाहर इन्द्रदेव भी वर्षा कर अपना आशीर्वाद दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जयोद्घोष के साथ परम धर्म संसद का सत्र शुरू हुआ।

## सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपए : गडकरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार सड़क हादसे में घायल होने वालों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले अच्छे लोगों के लिए इनाम राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये करेगी। फिलहाल यह राशि 5,000 रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान दी। एक इंटरव्यू के दौरान मंत्री ने कहा कि उन्होंने सड़क परिवहन मंत्रालय को इनाम राशि बढ़ाने का निर्देश दिया है। हम सड़क हादसों को लेकर गंभीर क्यों नहीं हैं ? इस पर मंत्री ने कहा कि अगर कभी-कभार कुछ होता है तो हम उस मामले को लेकर गंभीर हो जाते हैं। मगर, जब रोजाना कुछ होने लगता है तो हमें सामान्य लगने लगता है। ऐसे में अगर इन हादसों को रोकना है तो अकेले हम कुछ नहीं कर सकते। इसके लिए स्कूल, कॉलेज, एनजीओ, खिलाड़ी, सेलिब्रिटी व अन्य लोग जब जा-जाकर लोगों को समझाएंगे, तब बदलाव आएगा। गडकरी ने कहा, कोविड, दंगों या लड़ाई में इतनी संख्या में लोगों की मौत नहीं हुई, जितनी सड़क हादसों में होती है। अधिकतर मरने वालों की उम्र 18-34 होती है। हम इंजीनियर से पूछते हैं कि आप गलतियां क्यों कर रहे हैं आपको कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं, कभी-कभी कोई सड़क पर बने गड्ढों में छोटे-छोटे पत्थर डाल देता है, इससे स्कूटर वाले लोग गिर जाते हैं। ऐसे में इन सबसे तभी बचा जा सकता है कि जब हम सब मिलकर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा,पहले जब कोई दुर्घटना होती थी, तो लोग घायल को अस्पताल ले जाने से कतराते थे। मगर हमने नियम बनाया कि अगर घायल शख्स को अस्पताल लाने वाले व्यक्ति पर कोई केस नहीं बनेगा। वहीं अच्छे काम के लिए पांच हजार की राशि भी दी जाती है। मगर मैंने आदेश दिया है कि यह राशि बढ़ाकर 25 हजार कर दी जाए।



## बिहार-झारखंड में भारत माला प्रोजेक्ट के साइड पर हमले के 6 आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्तार आरोपियों में बिहार स्थित औरंगाबाद के प्रिंस कुमार, गया के अमित कुमार शर्मा और सौरभ सिंह, गढ़वा जिला थाना भवनाथपुर के अमित कुमार चौधरी, पलामू के समीर अंसारी और गढ़वा के धर्मेंद्र कुमार पांडेय है.**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने अच्छा कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गिरफ्तार आरोपियों में बिहार स्थित औरंगाबाद के प्रिंस कुमार, गया के अमित कुमार शर्मा और सौरभ सिंह, गढ़वा जिला थाना भवनाथपुर के अमित कुमार चौधरी, पलामू के समीर अंसारी और गढ़वा के धर्मेंद्र कुमार पांडेय है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस उनसे पूछताछ की. उन्होंने कई अहम खुलासे किए हैं. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़े छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है.

गिरफ्तार अपराधी बिहार और झारखंड में भारत माला से जुड़े कई प्रोजेक्ट साइट पर हमले के आरोपी हैं. गिरफ्तार आरोपियों में धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने 2007-08 में पलामू सेंट्रल जेल पर हमला किया था. 2019 में चाईबासा जेल पर हुए फायरिंग में धर्मेंद्र कुमार पांडेय नहीं भूमिका निभाई थी. पलामू एसपी ने बताया कि बिहार के औरंगाबाद में भारत माला प्रोजेक्ट से जुड़े साइट पर हमला हुआ था, इससे पहले पलामू के इलाके में भी इस प्रोजेक्ट पर हमले हुए थे. सभी हमलों में इन छह अपराधियों की भूमिका थी. हाल के दिनों में पलामू के कई माइनिंग कारोबारी से रंगदारी की मांग की गई थी. रंगदारी के मामले में उत्तर प्रदेश के गोंडा से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था. दोनों आरोपी गिरफ्तार अमित चौधरी की मदद से रंगदारी की मांग करते थे.

गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल और कई गोली बरामद किया है.

## जापान में भूकंप से कांप गई धरती, सुनामी की चेतावनी

**एजेंसी**

**टोक्यो :** जापान में भूकंप के झटकों धरती कांप गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी का कहना है कि जापान के क्यूशू में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप के बाद तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है।



अभी तक इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या लोगों के हताहत की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। भूकंप का केंद्र मियाजाकी प्रांत में था। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, सुनामी की लहरें एक मीटर तक ऊंची उठ सकती हैं। भूकंप रात को 9 बजकर 19 मिनट पर आया और इसके तुरंत बाद मियाजाकी प्रांत के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। प्रशांत बेसिन में ज्वालामुखियों के आर्क, रिंग ऑफ फायर और फॉल्ट लाइन के किनारे स्थित होने के कारण जापान अक्सर भूकंप की चपेट में रहता है। इससे पहले बीते साल नवंबर के महीने में भी जापान के उत्तर-मध्य क्षेत्र नोटो में भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किए गए थे। जापान में 2004 में आए भयानक भूकंप के बाद सुनामी आई थी। इस सुनामी ने जापान को इतना दर्द दिया, जिसे लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। 26 दिसंबर, 2004 को भूकंप के बाद आई सुनामी के कारण जापान में हजारों लोगों की मौत हो गई थी।

## जाट समाज के प्रतिनिधियों से केजरीवाल ने की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से अपने निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर याद दिलाया था कि 2015 में प्रधानमंत्री ने जाट समाज को केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया था।

अभी दिल्ली का जाट समाज दिल्ली सरकार में ओबीसी की कैटेगरी में आता है लेकिन केंद्र की ओबीसी की लिस्ट में नहीं आता है। हमने प्रधानमंत्री से दिल्ली के जाट समाज केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी डालने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के किसी भी कॉलेज में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। क्योंकि राजस्थान का जाट समाज केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल है लेकिन दिल्ली का जाट नहीं शामिल है।

इससे बड़ी विसंगति व अन्याय और क्या हो सकता है।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# टीम वर्क से होगा पलामू का समग्र विकास : किशोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं उपायुक्त शशि रंजन की मौजदूगी में सोमवार को सितंबर तिमाही 2024 की जिला स्तरीय समीक्षा समिति सह परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मंत्री द्वारा सितंबर तक की वार्षिक साख योजना की उपलब्धि,साख जमा अनुपात की उपलब्धि,किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना सहित अन्य योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा की गयी।माननीय मंत्री द्वारा सभी सेक्टरों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि पर जानकारी ली गयी। बैठक में मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य 98359 के विरुद्ध सितंबर तिमाही तक 16928 किसानों को लाभ दिया गया है।यह आंकड़े में तेज़ी लाने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में देना सुनिश्चित करें। सांसद श्री राम ने भी दिशा की बैठकों में केसीसी से जुड़े शिकायतें प्राप्त होने को रेखांकित किया एवं संबंधितों को इस पर गंभीरता बरतते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही।इसी तरह सीडी रेशीयो की समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री ने कुछ बैंकों द्वारा डिपॉज़िट से अधिक एडवांस देने के विषय को रेखांकित करते हुए संबंधितों से रिपोर्ट देने की बात कही।उन्होंने कहा कि कुछ लोन रिकवरी एजेंट्स द्वारा गलत तरीके से लोन की रिकवरी की जाती है,लोन रिकवरी आरबीआई के गाइड लाइन्स के अनुरूप हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।वहीं मुद्रा लोन के संबंध में माननीय मंत्री ने लीड बैंक मैनेजर को प्रखंड स्तर पर इस विषय से संबंधित आम जनों को जागरूक करने की बात कही।इसी तरह उन्होंने अन्य विषयों पट गहन समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

**आर्थिकी में महिलाओं की हो सहभागिता : मंत्री**

सभी सेक्टरों की समीक्षा के पश्चात मंत्री ने लाभार्थियों की सूची में महिलाओं के प्रतिशत कितनी है,इसकी जानकारी ली।सभी कॉन्सर्ड लोगों को अगली बैठक में उनके विभाग से लाभान्वित हो रही महिलाओं की जानकारी का प्रतिवेदन के साथ शामिल होने की बात कही।उन्होंने कहा कि हमारे देश में नारी सशक्तिकरण की बात होती है।ऐसे में महिलाओं को भी ऋण देकर उनके हाथों को मजबूत बनाने में सहयोग करें।आर्थिकी में महिलाओं की सहभागिता आवश्यक है।इसमें आप सभी बैंक के प्रतिनिधि विशेष ध्यान दें।उन्होंने कहा कि इस बैठक का एकमात्र उद्देश्य पलामू का समग्र विकास करना है और यह तभी संभव है जब हम सभी टीमवर्क की भावना के साथ लोगों के कल्याण के लिए कार्य करें।बैठक में पलामू सांसद द्वारा रामगढ़ के एसबीआई ब्रांच में कैश ट्रांसफर से जुड़े मामले को भी रेखांकित किया गया।इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, आरबीआई के प्रतिनिधि, चतरा सांसद प्रतिनिधि, विभिन्न विधायक प्रतिनिधि, अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी सेमत कई बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला हुनर आर्ट में अनीशा को चुना गया मिस पलामू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** चैंबर आफ कमर्स इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा गांधी उद्यान में आयोजित महिला हुनर आर्ट 2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पलामू जिले के बिश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम निवासी भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी की बिटिया अनिशा तिवारी ने प्रथम स्थान लाकर मिस पलामू का खिताब जीतकर अपने गांव तोलरा का नाम रौशन की है।अनीशा ने प्रथम प्राइज जीतने पर पत्रकारो से बात करते हुए बताया सबसे पहला गुरु माता-पिता है, जिनके उचित मार्ग दर्शन पर चलकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करना संभव हो पता है। आज के जमाने में लोग माता-पिता का ख्याल न रखते हुए वृद्ध आश्रम तक छोड़ जाते हैं जो पूरी तरह गलत है,इसमें कही न कही मां-बाप को एक अच्छी संस्कार बच्चों को देने में चुक साबित हो जाती है, जिसका नतीजा आने वाले समय में भुगतना पड़ता है,आज के समय मे बेटिया देश के अच्छे-अच्छे पदों पर नियुक्त होकर देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही है। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू सांसद वी डी राम, आनंद शंकर, मेदनीनगर माहपौर अरुण शंकर, अविनाश वर्मा, उपस्थित थे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को लेकर सशक्तिकरण व विकास के प्रति जागरूक करना था।

# राजकीय मध्य विद्यालय बभंडी हैदर नगर में साइकिल वितरण के नाम पर वसूली का मामला



**हैदर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदर नगर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बभंडी में एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जहां प्रधानाध्यापक मोहम्मद आजाद द्वारा साइकिल वितरण के नाम पर छात्रों से 50-50 रुपए की वसूली की जा रही है। इस वसूली का मामला गंभीर होते हुए अब एक वीडियो के रूप में सामने आया है, जो इस भ्रष्टाचार को उजागर करता है। यह घटना न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि यह सवाल उठाती है कि क्या हमारे शिक्षा संस्थानों में भी भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है। इस मामले में प्रखंड उप प्रमुख पप्पू पासवान ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इस घटना की उचित जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों से वसूली गई राशि को वापस किया जाना चाहिए। समाज के विभिन्न हिस्सों में इस घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की जा रही है और सबकी उम्मीद है कि जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चुने गये नरेश



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मुखिया कक्ष में हुसैनाबाद के मुखियों की बैठक हुई। सर्वसम्मति से प्रखंड मुखिया संघ का गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष पद का चुनाव गुप्त मतदान से किया गया। इसमें 18 मुखियों ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए श्रवण राम एवं नरेश पासवान ने दावेदारी पेश की। गुप्त मतदान में नरेश पासवान निर्वाचित हुए। नरेश राम को 11 जबकि श्रवण राम को 7 मत प्राप्त हुए। मुखिया संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर सभी मुखिया ने नरेश पासवान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष नरेश पासवान के नेतृत्व में मुखियो की समस्याओं का समाधान होगा। सर्वसम्मति से संघ का सचिव अमरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मीना देवी चुने गए। संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर नरेश पासवान ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का वह प्रयास करेंगे। बैठक में अवंती देवी, विजय राम,संजू देवी, सुषमा देवी, पूनम कुमारी, सुदामा यादव, मंजू देवी, मीना कुमारी आंचल देवी समेत कई मुखिया शामिल थे।

# बीपीओ ने प्रधानध्यापको के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड के सभी कोटि के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालय वार विभागीय कार्यो की समीक्षा किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे ने सभी विधलायों के एनॉर्लमेंट गैप ,आधार, खाता,शिशु पंजी सहित अन्य कार्यों की क्रमवार समीक्षा किया।बीपीओ ने परीक्षा पर चर्चा के लिये सभी विधलायों के प्रधानाध्यापको को शिक्षक व बच्चों का मोबाइल फोन में लिंक से एड करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक माह के 25 तारीख को करने तथा कार्यवाही रजिस्टर का फ़ोटो कॉपी बीआरसी में देने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी विधलायों मे प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रयास कार्यक्रम का सफल संचालन किया जाना चाहिये। उन्होंने अपार आईडी का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, प्रधानाध्यापक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद, सुधीर चौबे, रामलला मिश्र, नरेंद्र श्रीवास्तव, संजय कुमार, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप विश्वकर्मा, अशोक यादव, रागिनी रवानी, संजीता कुमारी, नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, संजय कुमार, उदय कुमार, रमेश प्रसाद, अशोक कुमार ठाकुर, मदन राम सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : डॉ. बिनेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वाधान में हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 200 मरीजों की आंखों की जांच व 80 मरीजों को आईएलओं विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपन किया गया । इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.बिनेश कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुनीत का कार्य है। उन्होंने कहा कि इसमें जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ता से अपील की है कि अपने -अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रस्ति लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉ. अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। शिविर के चौथे दिन 80 लोगों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन सभी मरीजों को निःशुल्क चश्मा व दवा दी जाएगी। इस मौके पर नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद, दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी, विपिन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# भक्ति जागरण से सराबोर हुआ चैनपुर, भोजपुरी गायक और गायिका ने बांधा समां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर महान क्लब द्वारा आयोजित तालाब रोड स्थित सूर्य मंदिर के समीप भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया व मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया। इस दौरान भोजपुरी गायक आर्यन बाबू अभिमन्यु सिंह एवं गायिका खुशी कक्कर ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों के साथ लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। आर्यन बाबू का गाना अवध में भईल लेकर जन्मवा जानत होखब राम जी के नमवा पर खूब वाहवाही बटोरी गई।तो इधर किसी के बाप का नहीं अयोध्या रामलला का धाम है भारत के रघुनायक कौशल्या नंदन राम है गीत पर खुशी कंकर ने लोगों को भरपूर मनोरंजन कराया। भक्ति जागरण में लोग खूब झूमे तो अभिमन्यु सिंह गायक के द्वारा एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीत की प्रस्तुति की गई। उनका द्वारा गया हुआ माई के मंदिरिया में पुजारिया सब नाचे संगीत पर भक्तजन झूम उठे। मंच मानो भक्ति में सराबोर हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भक्ति जागरण का आनंद उठाएं।पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।महान क्लब के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफल रहा जिसे लोगों ने भरपूर सराहा।

# मवेशी तस्कर गिरफतार पांच मवेशी जब्त



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका पुलिस ने पांच मवेशियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि मवेशी लेकर जा रही एक गाड़ी को पुलिस ने देखा, तो तस्कर ने वाहन को तेजी से चलाना शुरू कर दिया। भागने के प्रयास में गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया, जिसके बाद पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और मवेशियों को जब्त कर लिया।

# बालिका वर्ग में शांति निवास को खिताब, दसवीं बार जमाया कब्जा

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता बालिका वर्ग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 23 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के फाइनल में शांति निवास ने बीएनटी संत मैरी को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार और कप में दसवी बार चेम्पियन बना। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 रनों पर ही सिमट गई। शांति निवास की और से रिमझिम ने तीन, शीतल ओर चांदनी ने दो दो विकेट प्राप्त किया। जबाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम तीन विकेट खोकर जीत दर्ज करते खिताब पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के रिमझिम को दिया गया। मैच से पूर्व आरपी कॉलेज आफ फार्मेसी के निदेशक डॉ पतंजलि केशरी प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर खिलाड़ियों का संबोधित करते हुए आरपी कॉलेज और फार्मेसी के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केशरी ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति जिले के सभी क्षेत्र के प्रतिभाओं को आगे लाने का काम कर रही है। मैं आयोजक को बधाई देता हूं कि लड़कियों की प्रतिभा को आगे लाने का काम किया जा रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, अभय दुबे आकाश, प्रवीण मिश्रा, धीरज सिंह, आकाश, नैतिक, हेमंत, गोलू दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में मां महा मैत्रायणी योगिनी का मनाया गया महानिर्वाण दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में सोमवार को माँ महा मैत्रायनी योगनी जी का महानिर्वाण दिवस पूरे विधि विधान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना हुयी.श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया गया.इसके अलावा एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया.गोष्ठी की अध्यक्षता रश्मि राय व संचालन संजीत कुमार मिश्रा ने किया.गोष्ठी के मुख्य अतिथि रंजित सिंह ने सर्वेश्वरी समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी.बताया कि जीवन के आदर्शों से अवगत कराने के लिये,भूले भटके लोगों को सिखाने व आदर्श जीवन की प्रेरणा देने के लिये ही सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की गयी है.बच्चों के बीच में अच्छे संस्कार देना व नशा मुक्ति अभियान पर भी जोर दिया.समूह द्वारा चलाये जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम पर भी उन्होंने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. इसके बाद समूह के द्वारा तोलरा दुसाध टोला स्थित स्कूल परिसर में गर्म वस्त्र वितरण समारोह आयोजित किया गया. जहां परमपूज्य गुरुदेव गुरुपद संभव बाबा जी, परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी व अघोराचार्य बाबा किना राम जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये उन्हें नमन किया गया.यहां भी विशेष पूजा आरती हुयी.इसके बाद वस्त्र वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन रश्मि राय,रंजित सिंह व मुखिया रोहित तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया.अतिथियों द्वारा जरूरतमंदों के बीच 50 कंबल,22 साड़ी,72 टोपी व 72 मोजा का वितरण किया गया.इसके अलावा 60 बच्चों के बीच स्वेटर व टोपी भी वितरित किया गया.यहां पर मुखिया रोहित तिवारी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था,जिसमे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.मौके पर जयराम मिश्रा,लखन पाण्डेय, हलकानी राम, चंद्रदेव साव, साहेब राम, हीरा साव, ज्वाहीर साव, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, अंश राज, श्रेया कुमारी, बिनोद पांडेय, धर्मराज तिवारी, सचिता तिवारी, इंद्रमणि तिवारी, राधा तिवारी, नारद तिवारी, राजेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# मेसर्स सनटेक प्लास्टिसाइजर ने किया 101 कम्बल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला के डंडीला खुर्द स्थित मेसर्स सनटेक प्लास्टिसाइजर प्रा.लिमिटेड के द्वारा सोमवार को कंबल वितरण अभियान के पांचवे दिन बिश्रामपुर नगर परिषद के घोरडीहा में 101 अभावग्रस्तों के बीच कंबल वितरण किया गया.इसके अलावा कंपनी प्रबंधन द्वारा गढ़वा रोड (रेहला) रेलवे स्टेशन पर ठंड से ठिठुर रहे दर्जनों लोगों के भी कम्बल वितरित किया गया. जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव, शिवानन्द कुमार, अशोक कुमार, अमरेशकांत मिश्रा, पंकज पांडेय व समाजसेवी गुलाम नबी अंसारी ने संयुक्त रूप से किया.नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि मेसर्स सनटेक प्लास्टिसाइजर कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करती है.क्षेत्र में हमेशा समाजसेवार्थ कार्य करते रहती है.इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाता है.उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा देवसेवा तुल्य है.इसलिए गरीबों के मदद के लिये सभी साधन संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# थाना गेट के सामने चला वाहन चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

बारियातु : उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक लातेहार के आदेशानुसार बारियातू थाना व एमवीआई,लातेहार के संयुक्त करवाई के क्रम में बारियातू थाना के सामने एन एन एच पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने



बताया कि बढते सड़क दुर्घटना व सड़क सुरक्षा के मद्देनजर बारियातु थाना गेट के सामने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे रूल्स ड्रुल्ह के नियमों का उल्लंघन, बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, ड्रंकन ड्राइव के विरुद्ध करवाई की गई,व कुल 99500/- रुपए का चालान किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

## झारखंड के 6 लाख पेंशनधारियों को 6 महींने से नहीं मिला पेंशन, लाभुक परेशान

**रांची :** झारखंड के 6 लाख पेंशनधारियों को 6 महींने से पेंशन नहीं मिला है. इससे उनके सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है. सर्वजन पेंशन योजना के तहत सरकार बुजुर्गों, दिव्यांगों, एकल महिलाओं और विधवाओं आदि को 1000 रुपये प्रतिमाह देती है. लेकिन कई महीनों से लाभार्थियों को यह राशि नहीं मिल रही है. लोग जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय व प्रखंड कार्यालय पहुंचकर पेंशन नहीं मिलने के कारण की जानकारी ले रहे हैं. जिसके कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पेंशन योजना के लाभुक सरकारी कार्यालय का चक्कर काटते थक जा रहे हैं. पेंशन बंद होने से उन लोगों के बीच भुखमरी एवं दुकानदारों से कर्ज लेने को मजबूर हैं. सर्वजन पेंशन के लाभार्थियों की मानें तो उन्हें कई महीनों से पेंशन की राशि नहीं मिल रही है. इससे उनके सामने परेशानी खड़ी हो गई है. वे सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. वहीं कई लाभार्थियों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान करेगी.

## विधायक प्रतिनिधि बनने पर लोगों ने दी बधाई

**रांची** : राजू राम को शहरी क्षेत्र के खाद जन वितरण व उपभोगता मामले कांके नगर (वार्ड ) शहरी क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, जिसके बाद विधायक रिम्स के प्रतिनिधि विनोद सिंह ने बुके देकर बधाई दी। बधाई देने वालों में मैहुल प्रसाद, राकेश सिंह, वशिष्ठ लाल पासवान, गौरी शंकर महतो, अमित कुमार चौरसिया, सुरज कुमार राम, प्रकाश राम, बसंत पासवान, शिव कुमार पासवान आदि शामिल हैं।

# अफीम की खेती करोगे तो सीधे जाओगे जेल : ग्रामीण एसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पुलिस उप-महानिरीक्षक- सह-वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को गुप्त सूचना मिली कि दशमफॉल थाना अन्तर्गत ग्राम कडरूडीह के आस-पास के क्षेत्र में वृहत पैमाने पर अवैध अफीम की खेती की गयी है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कडरूडीह के आस-पास के वन क्षेत्र में लगे करीब 05 एकड़ अवैध अफीम की खेती को ट्रैक्टर चलाकर विनिष्ट किया गया, इस सम्बन्ध दशमफॉल थाना में कांड अंकित कर अवैध अफीम की खेती करने में शामिल मेघनाथ मुण्डा, ग्राम कडरूडीह, थाना दशमफॉल, जिला राँची को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य फिरार चार के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।ग्रामीण एसपी ने बताया कि तीन सौ एकड़ से अधिक वन भूमि पर अवैध अफीम की खेती को विनिष्ट किया जा चुका है। अब सीधे गिरफ्तार करने का अभिनय चलेगा। पहले अफीम की खेती फूल खिलने के बाद यहाँ कार्रवाई होती थी, लेकिन अब अफीम की खेती की सूचना मिलते ही इस कार्रवाई शुरू कर दिया गया है और अब गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी की जा रही है।

बरामद सामान का विवरणः 2 मोटर, सिचाई पम्प,02 एलईडी लाईट, 10 अफीम का पौधा।

**छापामारी दल में शामिलः** ओमप्रकाश, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बुण्डु राँची, पुअनि प्रशांत गौरव, थाना प्रभारी दशमफॉलल, पुअनि गणेश कुमार यादव, दशमफॉल थाना, पुअनि अनिल कुमार मोहली, दशमफॉल थाना,हव0/240 अनिल कुमार यादव, दशमफॉल थाना,आ0/1627 विरेन्द्र साहु, दशमफॉल थाना, आ0/463 नन्दकिशोर महतो, दशमफॉल थाना, आ0/618 जगरनाथ सिंह मुण्डा, दशमफॉल थाना शामिल थे।

# 6 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान में आयोजित 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन धनबाद में हुआ। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि झारखंड में पहली बार आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का शुभारंभ 7 जनवरी को हुआ था। इस शिविर में देश के विभिन्न स्थानों से कई प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों तथा चिकित्सकों की टीम ने 60 महिलाओं एवं पुरुषों का उपचार किया। शिविर का मुख्य मार्गदर्शन पुण्य तीर्थ आंवल खेड़ा,मथुरा गायत्री परिवार के देख- रेख मे हुआ। इस 6 दिवसीय आवासीय उपचार शिविर का उद्देश्य आहार, जीवन शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा शैलियों के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना तथा प्राकृतिक आहार एवं उपचार के माध्यम से सभी साध्य एवं असाध्य रोगों का उपचार किया गया। शिविर में प्रतिदिन निःशुल्क ओपीडी की भी व्यवस्था की थी। तथा लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क बीपी, शुगर, तथा अन्य जांच की गई।

शिविर के प्रेरणा के मुख्य स्रोत संस्था के संयोजक अजय भरतिया थे। शिविर में धनबाद, बोकारो, रांची, जमशेदपुर, झारखंड के अन्य जिलों के अलावे कोलकाता, आसनसोल दुर्गापुर, चंडीगढ़ से उपचार के लिए आये लोगों ने 6 दिनों तक प्राकृतिक उपचार होने के बाद लोग बहुत संतुष्ट हुए तथा इस उपचार को बेहद लाभदायक बताया। सभी को घरों में निरंतर अपने से उपचार करने हेतु उपकरणों का एक किट का सेट दिया गया। संजय सर्राफ ने बताया कि इस तरह के शिविर से लोगों मे आरोग्य के प्रति जागरूकता पैदा करेगा, पवित्रम सेवा परिवार पिछ्ले कई महीनो से अपने आरोग्य अभियान के माध्यम से स्कूलों व कालेजों मे भी बच्चों को खान- पान एवं दिनचर्या को ठीक करते आरोग्य के प्रति जागरूक कर रहा है।

आने वाले दिनों इस तरह की शिविर झारखंड के अन्य शहरों में भी कराने की योजना है।

# हर जरूरत मंद को मिले कंबल : आदिल अजीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** चान्हों पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आदिल अज़ीम ने चान्हों क्षेत्र गांव में 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। आदिल अज़ीम ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया कंबल पर्याप्त नहीं होता है। इसलिए अपने स्तर से जहां भी जरूरत होती है कंबल उपलब्ध कराते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवकों को मिलना चाहिए। विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित होना जरूरी है। जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। मेरा एक ही उद्देश्य है हमारे क्षेत्र के किसी को भी कोई तकलीफ न हो।

# छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक सम्मेलन संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शौण्डिक समाज का दो दिवसीय ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौण्डिक समाज के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समाज के विकास और एकता के लिए अपने शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने समाज की मांग पर जमीन देने की घोषणा की। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-छत्तीसगढ़ शासन सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शौण्डिक समाज का समृद्धिशाली इतिहास रहा है। शौण्डिक समाज के लोग व्यापार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, संयोजक श्याम गुप्ता, हजारीबाग के विधायक श्री प्रदीप प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, सुरेश गुप्ता सहित अखिल भारतीय शौण्डिक समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# खगेन्द्र सीपीआई के बौद्धिक विरासत थे उनकी कमी हमेशा खलेगी: अजय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार मे हिंदी साहित्य जगत के प्रख्यात आलोचक आजीवन कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य डॉ खगेन्द्र ठाकुर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया एवम श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एवम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित की गई ।उसके बाद श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ खगेन्द्र ठाकुर का जीवन एक खुली किताब है, उन्होंने अपने जीवन काल में कई पुस्तके लिखी जो देश में व्याप्त सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को दशार्ता है, एवम भारतीय समाज मे व्यापत कु रीतियो को दशार्ता है, डॉ खगेन्द्र ठाकुर ने अपने जीवन काल मे कई पत्र, पत्रिकाओं और अखबारों में संपादकीय की भूमिका निभाई और कई नए लेखको को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, साहित्य जगत में तो खालीपन हुआ ही साथ ही साथ कम्युनिस्ट आंदोलन को भारी नुकसान उठाना पड़ा, बौद्धिक जगत में बेबाक टिप्पणी के लिए विख्यात थे कॉम ठाकुर । श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के संयोजक सुनील सिंह , मनोज श्यामल, श्रमिक पत्रकार संघ के सुनील सिंह, मनोज, अमरेश, संजीत ओबीसी मोर्चा के नागेंद्र चौधरी, राहुल वर्मा बाटुल शामिल थे।

# श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव कार्यकर्ताओं से मिले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राज्य सरकार के लोकप्रिय मंत्री श्रम कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव ने राजद कार्यालय पहुंचकर विभिन्न जगह से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया । इस अवसर पर राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मंत्री संजय प्र यादव को बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया । श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव ने कोडरमा, लोहरदगा, गुमला,रामगढ़ चैनपुर तथा एचईसी धुर्वा से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान कहा कि राजद एक मजबूत पार्टी है राजद का विचारधारा और राजद सुप्रीमो लालू यादव और युवा हृदय सम्राट बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का नीति सिद्धांत से प्रेरित होकर भारी संख्या में लोग राजद को अपना समर्थन दे रहे हैं । मुझे हेमंत सरकार में मंत्री बनने से लोगो में काफी आशा बढ़ी है, निश्चित तौर पर उनके आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ! कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं इनका सम्मान करते हुए पार्टी और संगठन को काफी मजबूत तथा बड़ा बनाने का काम करना है । राजद महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि मंत्री संजय प्र यादव के सक्रियता और 4 विधायक निर्वाचित होने से राजद में काफी उत्साह बढ़ा है, मंत्री संजय यादव के कर्मठ कार्यशैली से लोगो को काफी उम्मीद बंधी है।

# मस्जिद जाफरिया में जश्न मौलूद ए काबा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पैगंबर इस्लाम हज़रत मोहम्मद के दामाद हजरत अली के जन्म दिवस के मुबारक मौके पर मस्जिद जाफरिया में जश्न मौलूद काबा का आयोजन किया गया। तेरह रजब को पूरी दुनिया के मुसलमान आशिकाने अली हजरत अली की याद में मिलाद मानते हैं। उक्त बातें हजरत मौलाना हाजी सैयद तहज़ीबुल हसन रिजवी ने कही। वह सोमवार को मस्जिद जाफरिया में जश्न मौलूद ए काबा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि हजरत अली की पैदाइश तेरह रजब सन 30 उम्मूल फील को मक्के की पाक सरजमीन अल्लह के घर खाना ए काबा में पैदा हुए।

हजरत अली ने अपने मां के साथ खाना ए काबा के अंदर तीन दिन तक रहने के बाद भी आंखें नहीं खोली। तीसरे दिन जब पैगंबर इस्लाम हज़रत मुहम्मद ने अपनी चची फातिमा बिनत असद के हाथों से अपने गोद में लिया तो हज़रत अली ने आंखें खोल कर पैगंबर मोहम्मद की चेहरे की जियारत की, और आसमानी किताबों की तिलावत की। हजरत अली उस बहादुर का नाम है जिस पर इस्लाम को गर्व है। अली की मोहब्बत ईमान को ताकत देती है। अली से नफरत इंसान को जलील और रुसवा कर देता है। आओ मिलकर 13 रजब को अपने ईमान की दलील पेश करें। अली की पैदाइश का जश्न बुजदिल नहीं मनाते, बहादुर मनाते हैं। खाने काबा की जियारत करना देखना इबादत है। और उस खाना ए काबा में अल्लह ने हज़रत अली को उतार कर दुनिया को बताया कि काबे की अजमत बगैर मोहब्बत अली की नहीं समझी जा सकती। इस मौके पर शोरा ए कराम ने कसीदा खानी पेश की। जश्न का संचालन सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने किया। जश्न का आयोजन अंजुमन जाफरिया के द्वारा किया गया। इसी कार्यक्रम में अंजुमन जाफरिया के द्वारा सराहनीय कार्य करने वालों को जश्न मौलूद ए काबा अवार्ड से नवाजा गया। जिनमें डॉक्टर शमीम हैदर, डॉ मुबारक अब्बास, सैयद फराज अब्बास, नदीम रजा, फराज अहमद, नदीम रिजवी है। इस मौके पर अशरफ हुसैन रिजवी, इकबाल हुसैन, संजर हुसैन, यावर हुसैन, सैयद फराज अब्बास, इकबाल फातमी, अली हसन फातमी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पेसा कानून लागू किया जाये : मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता में करम टोली कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर तिर्की शामिल हुए इस बैठक में ज्वलंत मुद्दा पेसा कानून 1996 एवं राज्य में आदिवासियों की जमीन व्यापक रूप से लूटी जा रही है और आदिवासी मूलवीसियो की नौकरी के सवाल पर स्थानीय नीति लागू नहीं हो रहा है इस सभी सभी विषयों पर गहन चर्चाएं की गई और सहमति बनी की आदिवासियों की जमीन लूट,स्थानीय नीतिएवं पेसा कानून 1996 लागू करने की मांग को लेकर के आंदोलन तेज किया जाएगा।

इस बैठक मेंसर्व समिति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए। झारखंड में पेसा कानून हू ब हू लागू की जाए जब तक पेसा कानून लागू नहीं होता है तब तक अनुसूचित क्षेत्र में बालू घाट का नीलामी पर अभिलंब रोक लगाई जाए।

क्योंकि पेसा कानून पर पंचायती राज मंत्री मुख्यमंत्री विपक्ष के विधायक अपनी बात को स्पष्ट रूप से नहीं रख रहे हैं। इसलिए सबसे बड़ा दोषी यहां के हेमंत सरकार है और अभिलंब पेसा कानून हो बहू झारखंड राज्य में लागू करनी चाहिए। इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप, महिला मोर्चा के अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा, प्रदेश सचिव अभय भूट कुंवर , अनिल सिंह मुंडा, रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लिंडा, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन, आदिवासी जन परिषद के महासचिव प्रकाश मंडा, पवन करमाली, खूंटी के जिला अध्यक्ष दीपक टूटी मनोज, करमाली,बलराम तिर्की उमेश करमाली जॉन रुंडा, सरिता मुंडरी यादि शामिल हुए।

## 10 आईपीएस अफसरों को प्रोन्नति दी गई

**रांची :** झारखंड के 10 आईपीएस अफसरों को प्रोन्नति दी गई है. सभी अफसर 2016 बैच के हैं. इन सभी आईपीएस अफसरों को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड वेतनमान लेवल-12 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति दी गई है. इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है. प्रोन्नति पाने वाले आईपीएस अधिकारियों में ऋषभ कुमार झा, अंजनी अंजन, सौरभ, अमित रेणु, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह और मुकेश कुमार शामिल हैं. इन आईपीएस अधिकारियों के वर्तमान प्रतिस्थापन पर इस प्रोन्नति का कोई असर नहीं पड़ेगा.

# विशेष शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर प्रशिक्षित शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए 3421 सृजित पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पद सृजित किए गए हैं। सभी जिलों से रोस्टर मांगा गया है, और बहुत जल्द कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के बाद पूरे झारखंड में विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इन शिक्षकों को 1 से 5 तथा 6 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों के लिए नियुक्त किया जाएगा। विशेष रूप से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल विशेषज्ञ, मूक-बधिर एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर, और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य की स्थायी नियुक्ति की जाएगी। झारखंड में यह पहली बार होगा, जब इन पदों पर स्थायी नियुक्ति की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के अध्यक्ष पॉवेल कुमार सहित वीरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, रंजीत कुमार ठाकुर और उपेंद्र कुमार महतो शामिल थे। संघ ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द से जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर दिव्यांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेगी। मंत्री रामदास सोरेन ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद आश्वासन दिया कि प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी और जल्द ही नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की जाएगी।

# स्कूली छात्र-छात्राओं के कंप्यूटर ज्ञान का होगा मूल्यांकन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में संचालित आईसीटी योजना के तहत 5,300 सरकारी विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित किए गए हैं. इसके तहत आईसीटी लैब में आईसीटी प्रशिक्षकों के माध्यम से कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को कंप्यूटर विषय की पढ़ाई कराई जा रही है. चालू सत्र में सत्र के प्रारंभ से दिसंबर 2024 तक निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित कक्षाओं में विद्यार्थियों के कंप्यूटर विषय पर अधिगम स्तर के मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन परीक्षा 8 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुई. इस परीक्षा में अब तक कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के 1,82,362 विद्यार्थी शामिल हुए हैं. इनमें 68,834 छात्र एवं 1,13,528 छात्राएं शामिल हैं. अब तक राज्य के 2,494 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में यह ऑनलाइन मूल्यांकन परीक्षा संपन्न हो चुकी है. कक्षा 9 में अब तक सर्वाधिक 6,892 छात्र धनबाद में परीक्षा दिए हैं. कक्षा 10 में अब तक सर्वाधिक 5,812 छात्र गिरिडीह में परीक्षा दिए हैं. कक्षा 11 और 12 में भी



गिरिडीह से सबसे अधिक 3,646 छात्र ऑनलाइन मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हुए हैं. कक्षा 7 और कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन मूल्यांकन परीक्षा 16 जनवरी, 2025 तक पूरी हो जाएगी. परीक्षा का परिणाम 17 जनवरी, 2025 के बाद प्रकाशित किया जाएगा.

### पूछे गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न

छात्र छात्राओं के लिए आयोजित ऑनलाइन मूल्यांकन परीक्षा में कुल 30 प्रश्न पूछे गए. इनमे सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्न थे. जे-गुरूजी एप के माध्यम से विद्यालयों को प्रश्न उपलब्ध कराया गया था. 10 मिनट के अंतराल में दो बैच में परीक्षा का आयोजन हुआ. परीक्षा का निरंतर अनुश्रवण जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला आईसीटी योजना प्रभारी, जिला समन्वयक के द्वारा किया गया.

# सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** समाहरणालय अवस्थित कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने उपायुक्त सभागार में कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं कंबल प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सदर द्वारा भी सफाई कर्मचारियों को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि इन कर्मचारियों द्वारा अति महत्वपूर्ण कार्य को प्रतिदिन संपादित किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जीवन का महत्वूर्ण हिस्सा है, सभी अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें। आपको बताएं कि उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा समाहरणालय परिसर में बेहतर साफ सफाई के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनकी देखरेख में प्रतिदिन समाहरणालय अवस्थित कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई कराई जाती है।

## 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता मे संजीव कुमार ने प्राप्त किया दूसरा स्थान




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: एथलेटिक्स खिलाड़ी संजीव कुमार ने 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे अंडर-18 बालक आयु वर्ग में 6 किलोमीटर दौड़ मे दूसरा स्थान प्राप्त कर चतरा जिला एवं झारखंड राज्य का नाम रौशन किया है।इन्होने अपना दौड़ अठारह मिनट एक सैकेंड मे पूरा किया है। 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 12 जनवरी को मेरठ उत्तर प्रदेश मे किया गया था।चतरा जिला एथलेटिक्स कोच गणेश कुमार महतो ने बताया कि संजीव कुमार ने पिछले महीने 31 दिसम्बर को जमशेदपुर मे आयोजित 16वीं झारखंड स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे भी दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने चतरा जिला का नाम रौशन किया था।इसके बाद इन्हे झारखंड एथलेटिक्स संघ के द्वारा झारखंड एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया।संजीव कुमार चतरा जिला के गिध्दौर प्रखंड के रहने वाला है।इस खुशी मे चतरा जिला एथलेटिक्स कोच सह गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो,चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के महासचिव राकेश कुमार सिंह,चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी,चतरा जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, चतरा जिला ओलंपिक संघ के चंद्रेश शर्मा एवं कई लोगो ने संजीव कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मकर संक्रांति को देखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा खूंटी शहर के विभिन्न तिलकूट विक्रेता दुकानों का औचक नरीक्षण किया गया। सभी दुकानदारों को स्वच्छ, शुद्ध एवं मिलावट मुक्त तिलकूट बिक्री करने का निर्देश दिया गया। खोवा तिलकूट विक्रेता को शुद्ध एवं ताजा खोवा का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। बाहर से आये तिलकूट विक्रेता को सप्लायर का नाम, पता, बिल आदि रखने का निर्देश दिया गया। रोड किनारे वाले तिलकुट विक्रेता को तिलकुट ढ़ककर बेचने का निर्देश दिया गया। तिलकुट बनाने वाला किचेन में हाइजीन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**:समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य परंपरागत शिल्पकारों एवं कारीगरों को प्रोत्साहित कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण, आधुनिक टूल किट तथा वित्तीय सहायता हेतु ऋण की सुविधा प्रदान की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने मुखिया पोर्टल पर लंबित आवेदनों को शीघ्रता से निस्तारित करने का निर्देश दिया। साथ ही नए पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आवेदन सृजित कर योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के प्रचार-प्रसार में तेजी लाई जाए ताकि परंपरागत शिल्पकार इस योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार को मजबूती प्रदान कर सकें।इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के महाप्रबंधक, जिला उद्यमी समन्वयक, प्रखंड उद्यमी समन्वयक, एलडीएम खूंटी, बीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विवेकानंद के जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पटेल बीएड कॉलेज लोधमा खूंटी में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया. जयंती के अवसर पर संयुक्त रूप से पुष्प अर्पित की गयी और उनकी उपलब्धि के बारे बताया गया तथा उनके विचार से अवगत कराया. विवेकानंद के द्वारा किए गए कार्यों की संक्षिप्त रूप से चर्चा की गई जिसमें मन को साहसी और शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योगा का अभ्यास कराया गया साथ ही निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या के साथ साथ सभी शिक्षक तथा विशेष रूप से योगा शिक्षक ने भूमिका निभाई और योगा अभ्यास के माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए विवेकानंद के आदर्शो पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मुखिया सुशांति भगत ने किया कंबल वितरण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मुखिया सुशांति भगत ने सोमवार को बेड़ो पंचायत के गांव में गरीबों, असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदों के बीच 80 कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशियां देखी गई और सभी लोगों ने मुखिया का आभार व्यक्त किया। मुखिया सुशांति भगत ने कहा कि तेज ठंडी हवा से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। शाम होते ही लोग अपनेङ्कअपने घरों में दुबक जाते हैं। इस सर्दी में की ठंड से बचना बहुत जरूरी है। उन्होने आगे कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें कठिन समय में सहारा दें। ठंड से बचाव के लिए कंबल का यह छोटा सा योगदान सेवा का एक हिस्सा है। पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय ने कहा कि ठंड, कुहासा और तेज हवा चलने के बाद गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य विजय भगत,पंचायत सचिव अमित केरकेट्टा, सुशील भगत, वार्ड सदस्य अंजलि मिंज, हीरा भगत, अरुण एक्का, सुनीता उरांव, अरुणा बारला सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नाला दुमका मुख्य मार्ग पर ट्रक हादसे से अफरा तफरी
# तेल के डिब्बे और कार्टून सड़क पर फैले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** नाला-दुमका मुख्य मार्ग पर एक बड़ा हादसा हुआ है। नाला थाना घोलजोड़ के समीप सोमवार सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक नाला से दुमका की ओर जा रहा था। उक्त ट्रक में फॉर्च्यून कंपनी का तेल लोड था, जिसमें फॉर्च्यून कंपनी के टिन के डिब्बे और कार्टून का पैकेजिंग तेल उपलब्ध था। ट्रक पलटने पर तेल के डिब्बे और कार्टून गाड़ी से छूट गए और तितर-बितर होकर गिर पड़े। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नाला थाना पुलिस को सूचना दी।

मौके पर सूचना मिलते ही नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा के निर्देश पर नाला थाना के एएसआई संजय गहलोत सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक तथा तेल के कार्टून और डिब्बों को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस सड़क दुर्घटना में चालक और अन्य किसी को भी चोट नहीं आई है। चालक ने बताया कि टायर फटने से और गाड़ी का पाती टूट जाने से यह दुर्घटना हुई, जिसके कारण गाड़ी पलट गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का नंबर डब्ल्यूबी 29 सी 0859 है। इस सड़क दुर्घटना में ट्रक दुर्घटनावश मुख्य सड़क के बीचो-बीच गिर गया है, जिसके कारण छोटी बड़ी वाहनों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को रास्ते से हटाने के लिए क्रेन को बुलाया गया। खबर लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को रास्ते से हटाने का कोशिश जारी थी।

## निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करने पहुंची जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** जामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा गांव से सरैया, कदरजोरिया, लक्ष्मीपुर, हल्दीपट्टी, बेलकूपी होते हुए सुगनीबाद जामा तक जाने वाली निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण कार्य का निरीक्षण सोमवार को जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ की। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धीमी गति से रुक रुक कर कार्य करने और कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को विधायक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची थी। जर्जर सड़क निरीक्षण करते हुए विधायक ने तिरूपति कंस्ट्रक्शन कंपनी कोलकाता पर नाराजगी जताते हुए तत्काल ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता साहिल कुमार सिन्हा से दूरभाष पर बात कर गुणवत्ता युक्त सड़क बनाने और निर्माण कार्य जल्दी पूर्ण करने का निर्देश दिया है। कहा कि अगर निर्धारित समय सीमा पर कंस्ट्रक्शन कंपनी काम नहीं करती है तो दूसरे संवेदक को मौका देना चाहिये। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। प्रारंभ में पुलिया, पीसीसी एवं गार्डवाल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण कार्य के दिये गए मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। बिना वजह सभी गांव में सो सो मीटर पर पानी निकासी नाला बनाया जा रहा है तो वहीं वाहन नियंत्रण के लिए अनुपयोगी डायवर्शन बना दिया गया है। जिससे चार पहिया वाहनों और बड़ी वाहनों के लिए मुसीबत बन गयी है। इस मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, सचिव सत्तार खान, सुरेन्द्र यादव, गौतम दर्वे, निर्मल किस्कू सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## रेलवे की बैठक में सांसद प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने उठाया यात्री सुविधा का मुद्दा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची रेल मंडल और चक्रधरपुर मंडल के सांसदों की मंडलीय समिति की संयुक्त बैठक जमशेदपुर हाइवे स्थित होटल में संपन्न हुई। इसमें झारखंड व ओडिशा के नौ सांसद और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए।जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो की अध्यक्षता एवं रेल जीएम एके मिश्रा के नेतृत्व में शुरू बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने यात्री सुविधा का मुद्दा उठाया। इस दौरान सिल्ली में रांची - धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव, मुरी जंक्शन से बिसरिया गांव तक के लिए सड़क निर्माण संबंधी अधतन रिपोर्ट,मुरी में नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव ,गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास चतरा - बोंगईबेड़ा रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण,नामकोम जोरार बस्ती के पास एक्स आर्मी कालोनी जाने वाली सड़क को यथावत रखने,ट्रेनों के कोच में मोटिवेशनल पंक्ति लिखने समेत यात्रियों के सुविधा संबंधी सुझाव दक्षिण पूर्व जोन के रेल जीएम एके मिश्रा समेत रांची मंडल के डीआरएम के समक्ष रखा।

## उर्दू सहाफी खुर्शीद परवेज की याद में शोक सभा का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** इटकी गुलज़ार रोड स्थित अहयान मंजिल में रविवार को अलहाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय खुर्शीद प्रवेज सिद्दीकी की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर मज़हर इमाम ने की। उन्होंने उनका जीवन परिचय देते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके बलिदानों का जिक्र किया। श्री इमाम ने कहा कि वह 64 वर्षो तक लगातार और जिंदगी की आखिरी सांस तक पत्रकारिता की सेवा सच्चे भाव से करते रहे और झारखंड में उर्दू पत्रकारिता को नई बुलंदी तक पहुंचाया। उन्होंने अलहाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी का परिचय देते हुए बताया कि सोसाइटी का उद्देश्य शिक्षा चिकित्सा और गरीबी उन्मूलन सहित अन्य क्षेत्र में कार्य किया जाना है। मौके पर मौलाना मंजूर अहमद कासमी हाजी मुस्ताक अहमद अंजुम जमाल हाजी अली हसन समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन और संघर्ष के विषय में जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन साहब हमजा ने किया जबकि मंजूर कासमी द्वारा दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर इम्तियाज अहमद, खुर्शीद आलम, जुबेर अहमद, महताब आलम, इश्तियाक अंसारी, अयूब काशमी, जीशान अल्तमश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## चार मोबाइल चोर गिरफ्तार, जेल




**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बासुकीनाथ मंदिर से चोरी हुए जयपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का मोबाइल के साथ पुलिस ने अंतप्रांतीय गिरोह के चार चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पकड़े गए युवकों के पास से चोरी के आठ मोबाइल फोन भी बरामद किया। बता दें कि नववर्ष के उपलक्ष्य पर 1 जनवरी को जयपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भुवन गोयल बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान भीड़ का लाभ उठाकर चोरों ने बासुकीनाथ मंदिर से उनका मोबाइल फोन चुरा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला देश बॉर्डर से अंतरप्रांतीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये लोगों के पास से गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी का आठ मोबाइल बरामद किया गया।

## जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।बैठक में आईआरएडी, कॉमन सर्विस सेंटर, झारसेवा, विभिन्न प्रमाण पत्र, यूआईडीएआइ, मोबाइल टॉवर, नेक्स्टजैन ई हॉस्पिटल, सहित अन्य बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा किया गया। बैठक के क्रम में उन्होंने जिले में संचालित सभी कॉमन सर्विस सेंटर की जानकारी ली एवं सभी सीएससी को क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने संचार मीनार को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने झार सेवा पोर्टल पर विभिन्न प्रमाण पत्रों यथा जाति आवासीय आय आदि प्रमाण पत्रों के ससमय निर्गमन की जानकारी लेते हुए विभिन्न स्तरों पर लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।वहीं उन्होंने नेक्स्ट जेन ई अस्पताल संचालन की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त ने जिले में अधिष्ठापित सभी 118 सामुदायिक पुस्तकालयों के संचालन के संदर्भ में जानकारी लेते हुए कहा कि लाइब्रेरी को क्रियाशील रखें, इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारी को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।इस मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ आलोक विश्वकर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार, नोडल अधिकारी यूआइडीएआइ राजीव कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बिरजू राम, सीएससी मैनेजर सलिल कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## सीसीएल प्रबंधन ने बचरा उतरी मे 100 गरीबो के बीच बांटा कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर पंचायत के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कंबल का वितरण किया गया।इस मौके पर पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह और संचालन पिपरवार क्षेत्र के सीएसआर पदाधिकारी उज्जवल कुमार ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद थे।इस कार्यक्रम मे मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर महाप्रबंधक संजीव कुमार का स्वागत किया।कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा सीएसआर योजना के तहत बचरा उतरी पंचायत के वृद्ध जरूरतमंद विकलांग एवं विधवा महिला और पुरुषों के बीच कंबल 100 कंबल का वितरण किया।जिसकी शुरुआत मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने महाप्रबंधक संजीव कुमार के हाथों से कराया एवं सीएसआर योजना के तहत होनेवाली 2023-24, 2024-25 योजनाओं को विस्तार पूर्वक पंचायत वासियों को जानकारी दी गई।मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है।जीएम संजीव कुमार ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। इस तरह के सहयोग कार्य में क्षेत्र के सभी लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की जरूरत है।उन्होने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा इस तरह का सहयोग कर आगे भी जारी रहेगा।इस मौके पर सीएसआर ऑफिसर उज्जवल कुमार,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव पिंकी सिंह,टंडवा प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि भारद्वाज,समाजसेवी किशन कुमार सिंह,विजय महतो,सेविका बाला कुमारी, ललिता कुमारी,सहिया रेणुका कुमारी,कवित्री कुमारी,कुलदीप महतो सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजुद थे।

## कर्रा प्रखंड पूर्वी भारत में पहले स्थान पर आने पर वनभोज सह सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** भारत देश के 27 राज्य में 500 प्रखंडों को नीती आयोग के द्वारा आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया था.जिसमे झारखंड के 19 जिलों में खूंटी के कर्रा प्रखंड का चयन किया गया था.पुरे भारत वर्ष के पूर्वी क्षेत्र में बीडीओ स्मिता नगेशिया के कुशल नेतृत्व में कर्रा प्रखंड ने बहुत अच्छी पहल कर कार्य किया.जिसमें शिक्षा,स्वास्थ्य,समाज कल्याण,कृ?षि एवं आधारभूत संरचना पर बेहतर कार्य किया.शिक्षा के क्षेत्र में 30 विद्यालयों में पुस्तकालय का उद्घाटन तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान , प्रखंड प्रमुख अंजनी मिंज एवं बीडीओ स्मिता नगेशिया ने किया.जिससे कर्रा प्रखंड आज पूर्वी भारत में पहले स्थान पर आया बीडीओ के कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है.जिसे और बेहतर काम करने के लिए एक करोड़ पचास लाख रूपये का पुरस्कार माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा दिया गया है.सोमवार के इस विशेष बैठक सह वनभोज में योजना का चयन किया गया जहां और बेहतर कार्य किया जा सके. बीडीओ स्मिता नगेशिया ने कहा कि आज हम इस खुशी में शामिल पत्रकार बंधुओ का भी अहम रोल रहा है.शिक्षा विभागके बीपीओ मनमोहन साहु ने बताया कि बीडीओ हमेशा इस कार्य को लेकर पदाधिकारीयों का उत्साह हमेशा बढ़ाने का काम किया.उन्होंने कहा कि काम बहुत की कठिन था लेकिन मंजिल तक पहुंचने के दिए सिढ़ी का पायदान तो पैर के नीचे हीं हैं. इसी के उपलक्ष्य में बीडीओ के द्वारा कर्रा प्रखंड के डुमरगड़ी डैम /पार्क में सभी विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मीयों के लिए सामुहिक वनभोज का आयोजन कर अच्छे कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मीयों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया.

## पिठा खाआ ग्रामथान बावड़ी मेला धुमधाम से संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिल्ली प्रखंड के खेदाडीह केन्दुवाडीह, धधकिडीह में पिठा खाआ ग्रामथान बावड़ी मेला धूमधाम से संपन्न हुआ! मेले में पार्वती झूमर पांता नाच का आयोजन किया गया! पांता नाच को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ जमी रही। मेले में मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया। जिसमें जीतने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ! यह मेला प्रति वर्ष जनवरी महीने के 13 तारीख को लगाया जाता है! मेले में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक , मुखिया प्रतिनिधि लोटा पंचायत रविंद्र नाथ मुंडा, मौजूद थे! मेले को सफल बनाने में मेला समिति का काफी सरहानिय योगदान रहा।

## फ्री स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: ईलाही पंचायत द्वारा 13 जनवरी 2025 को ईलाही बख्श कॉलोनी कोकर रांची में सदर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा एवं शहरी स्वास्थ्य मिशन के टीम ने मिलकर लगाया फ्री स्वास्थ्य कैंप जिसमें मोहल्ले के करीब 100 लोगों का निशुल्क जांच किया गया एवं मुफ्त में दवा दिया गया। जिसमें कमिटी के सदस्य मो राजा, मो एहतेशाम रजा, मो आफताब, मिस्टर भाई और अन्य शामिल रहें और इसकी देखरेख की।

## वन भोज का किया गया आयोजन

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: निमुवा (राजागोड़ा) मेला समिति द्वारा विश्वनाथ महतो के नेतृत्व में वनभोज सह पिकनिक का आयोजन बजरंग मेला उरंगाढ़ा नदी के समीप किया गया। इस अवसर पर मेला समिति के काफी संख्या में सदस्य शामिल हुए वनभोज सह पिकनिक का जमकर आंनद लेते हुए नागपुरी डीजे पर जमकर नाचे और थिरके भी। वनभोज में शामिल पांडु महतो,धिरेन महतो,दिलीप महतो,विशाल महतो, रंजीत महतो, बलराम मुंडा समेत मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## फरार दो वारंटियों को भेजा गया जेल

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शिकारीपाड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लंबे समय से फरार दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गये अभियुक्तों में शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के जबरदहा गांव के मिथुन मिर्धा और द्वार पहाड़ी गांव के अनिल बेसरा शामिल हैं। दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

## जहर खाये युवक की इलाज के दौरान पीजेएमसीएच में मौत

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुसुमडीह गांव में जहर खाने से युवक की मौत हो गयी। मृतक मनोज भंडारी(27) कुसुमडीह गांव का रहनेवाला था। जानकारी के मुताबिक जहर खाये युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी। जहर खाने के कारणों का पता नही चल पाया है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा घटना की जानकारी नगर थाना को दे दी गयी है।

## टोटो के धक्के से बाइक सवार बैंक कर्मी घायल, रेफर

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रिंग रोड बाईपास मार्ग पर टोटो के धक्के से बाइक सवार बैंक कर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल विवेक गुप्ता धनबाद जिला के कतरास का रहनेवाला है। वह बरहेट बैंक में पदस्थापित है। घायल ने बताया कि वह बाइक लेकर घर से बरहेट जा रहा था। रिंग रोड पर टोटो के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद चालक टोटो लेकर घटनास्थल से फरार हो गया।

## अलग अलग हादसे में झुलसी बच्ची समेत दो महिला की मौत

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जिले में अलग अलग हादसे में झुलसी बच्ची समेत दो महिला की मौत रविवार की रात फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव में आग तापने के दौरान कपड़े में आग लग जाने से चांदमुनी टुडू(64) गंभीर रूप से झुलस गयी। परिजनों की सहायता से झुलसी महिला को पीजे एमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी। वहीं काठीकुंड थाना क्षेत्र के बड़तल्ला गांव में गर्म पानी में गिरकर ढाई साल की बच्ची तनीशिला मुर्मू गंभीर रूप से झुलस गयी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृत बच्ची अजय मुर्मू की बेटी थी। परिजनों ने बताया कि नहाने के लिए गर्म पानी टब में रखा हुआ था। खेलने के दौरान संतुलन बिगड़ जाने से गर्म पानी में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गयी थी।

## चार टन अवैध कोयला समेत एक बाइक बरामद

**नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रविवार को नाला थाना क्षेत्र के पलास्थली रेलवे लाइन के पास नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया।उक्त छापामारी अभियान में 4 टन अवैध रूप से डंपिंग किया हुआ कोयला जप्त किया गया साथ में एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि रविवार को पलास्थली रेलवे लाइन के पास छापामारी किया गया जिसमें अवैध रूप से डंपिंग किया हुआ चार टन कोयला के साथ एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है।अवैध कोयला एवं मोटरसाइकिल को जप्त कर नाला थाना में लाया गया है।मौके पर इस छापेमारी अभियान में नाला थाना के प्रभारी प्रदीप राणा के अलावा एएसआई संजय गहलोत एवं सशस्त्र बल उपस्थित थे।

## हाईवा की चपेट में आकर युवक की मौत

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर जामा थाना क्षेत्र के मुसवाचक गांव के पास हाईवा की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की पहचान मुसुवाचक गांव के ही राज किशोर मुसूप के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने शव के साथ दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एसआई राजेंद्र कुमार यादव, अजीत होंहागा, एएसआई कौशलेंद्र सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, राजीव रंजन आदि ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटाने का प्रयास किया। अंत में अंचलाधिकारी अशोक बढ़ाईक ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने की बात कही है। साथ ही आवास और अन्य सरकारी सहायता देने का आश्वासन दिया है। उसके बाद रात करीब 9 बजे जाम हटाया गया। शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है।

## पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंदझा ने सहराय पर्व पर ग्रामीणों को दी शुभकामनाएं

**नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा ने भंडारवाड़ा में सहराय पर्व के अवसर पर ग्रामीणों को शुभकामनाएं दीं। मदल की धुन पर नाचते हुए उन्हें देखकर ग्रामीण बहुत खुश हुए। यह उनकी एक अनोखी और प्रेरक पहल है, जो उनके नेतृत्व और सामाजिक समरसता की भावना को दर्शाती है सत्यानंद झा की यह पहल न केवल सहराय पर्व के महत्व को बढ़ावा देती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि वे अपने समुदाय के साथ जुड़े रहने और उनकी खुशियों में शामिल होने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उनकी इस पहल से न केवल ग्रामीणों को खुशी मिली, बल्कि यह भी साबित होता है कि वे एक सच्चे नेता हैं जो अपने लोगों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल में मनाई गई स्वामीजी की जयंती

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वामीजी के कथनों को स्लोग के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय की छात्रा हेमंती सिंह ने स्वामीजी के कथन ÷उठो जागो और तब तक रुको मत जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए÷ को उद्धृत किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा कि स्वामीजी ने अपने दर्शन से सभी युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करते हुए शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक श्रीमंत प्रमाणिक, स्नेहाशीष चटर्जी, सुबोध प्रसाद सिंह, डॉली डे ने स्वामी जी के जीवन से जुड़ी विभिन्न प्रसंग से युवाओं में सकारात्मक बदलाव करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



## मुर्गाघुटु में फ्लोरा ग्रीन फॉर्म हाउस की बैठक में नई कमिटी का गठन

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मुर्गाघुटु (नरवा पहाड़) स्थित फ्लोरा ग्रीन फॉर्म हाउस में रैयतों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में फॉर्म हाउस की विभिन्न समस्याओं के निदान को लेकर नई कमिटी का गठन गया गया। कमिटी में नरवा पहाड़ यूसीलकर्मी नागेंद्र सिंह को अध्यक्ष बनाया गया जबकि राम बालक सिंह सचिव चुने गए। इसके अलावा उपसचिव विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मोना राहत हुसैन व कोषाध्यक्ष राजीव रंजन को बनाया गया। बैठक में डॉक्टर अंकित, बाबू लाल डे, इमरान अहमद, मोना राहत हुसैन, वीएस मारवाह, संजीव कुमार,वीके सिंह, सन्नी प्रकाश, वीएल दास समेत नरवापहाड़ , तूरामडीह, जमशेदपुर, गोविंदपुर, आदित्यपुर, मानगो व बिस्टुपुर से लोगों ने हिस्सा लिया।



## कुचाई में वनोपजों के न्यूनतम मूल्य और बिक्री हेतु बाजार व्यवस्था पर बल

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएसएलपीएस कार्यालय कुचाई में ग्राम संगठकों की दीदियों की एक बैठक पार्वती गागराई की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सामुदायिक वन पालन संस्थान का भी संयुक्त कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए कुन्दन गुप्ता, सोहन लाल कुम्हार तथा भरत सिंह मुंडा ने वनाश्रितों को वनोपजों का न्यूनतम मूल्य और उत्पादित उत्पादों को बिक्री करने हेतु बाजार व्यवस्था करने पर बल दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि वन क्षेत्रों में महुआ, डोरी व ईमली कफी मात्रा में मिलती है। लेकिन बाजार की व्यवस्था न होने के कारण यहां के वनाश्रितों को वनोपजों का वास्तविक लाभ मिल नहीं पा रहा है। यदि क्लास्टर वाईज वनोपजों का संग्रहण किया जाये तो सामुदायिक वन पालन संस्थान बाजारों की व्यवस्था कर सकती है। मानकी मुंडा ने कहा कि हमें वनोपजों का संग्रहण कर उपयुक्त बाजारों में बिक्रय करना चाहिए ताकि सही दाम मिले। बैठक में मनोज मुदुईया, श्री कुम्हार, सुखराम मुंडा ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गीता बानरा, बबीता महतो, अनिता सोय, गुरुवारी भूमिज, राधा भूमिज, कुलोवती भूमिज, रानीमाई सोय, सीता सोय, रेशमा महतो, बिनीता गुन्दुवा, ललीता कुमारी, डुली हेम्ब्रम, सपना सोय, शुक्रमनी बानरा, सापानी बानरा, गायत्री पातर, सुनिता सामाड, यशवन्ती उरांव व दशना हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे। अन्त में 2025 में महुआ,ईमली तथा साल बीजा का संग्रहण कर उपयुक्त बाजारों मे बिक्री करने का निर्णय हुआ।



## विधायक ने किया कंबल वितरण कार्य का शुभारंभ

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को विधायक सविता महतो ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर प्रखंड क्षेत्र में कंबल वितरण कार्य का शुभारंभ किया। समाजिक सुरक्षा कल्याण विभाग की ओर से ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। सभी पंचायतों में जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कंबल का वितरण किया जाएगा।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, सपन कुमार आदित्यदेव व पशुपति बागची आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## साकची में शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में श्री शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव सह सामूहिक मंगलपाठ का भव्य आयोजन किया गया। श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ पूजा अर्चना एवं ज्योत प्रज्वलन से हुई। यजमान निशा-सुभाष सोंथालिया, सरिता-विनोद सोंथालिया, मंजू-विजय सोंथालिया, प्रीति-नवीन कांवटिया द्वारा संयुक्त रूप से माता की पूजा की गई। चंदन पंडित ने पूजा कराई तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। घर में बनाये हुए केक को प्रसाद स्वरूप माता को भोग लगाया गया। इस शुभ अवसर पर 251 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में माता का मंगलपाठ किया। स्थानीय कलाकार मनोज शर्मा मोनु ने मंगलपाठ का वाचन के साथ ही भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। इस धार्मिक अनुष्ठान में मंगल पाठ, भजन, भव्य दरबार, ज्योत प्रज्जवलित, छप्पन भोग, प्रसाद आदि आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाये।



# रेलवे जोनल कमेटी की बैठक में जीएम के समक्ष सांसदों ने उठाये विकास के मुद्दे





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोनल कमेटी की बैठक सोमवार सुबह जमशेदपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग-33 स्थित वेब इंटरनेशनल में हुई। बैठक में चक्रधरपुर व रांची डिवीजन के 19 सांसदों को आमंत्रित किया गया था लेकिन मात्र नौ सांसद ही बैठक में सम्मिलित हुए। रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, केंद्रीय आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओरांव व राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी जैसे बड़े नाम इस बैठक से अनुपस्थित रहें। हालांकि उनके प्रतिनिधि इस बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो ने की। इसमें अधिकतर सांसदों ने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने, कोविड-19 से पहले जिन स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव होता था वहां फिर से ठहराव को शुरू कराने, वंदे भारत जैसे महंगे ट्रेनों के बजाए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मेमू ट्रेनों का संचालन करने, केंद्र व राज्य सरकार के बीच समन्वय की कमी के कारण लंबित रेल परियोजनाओं को जल्द पूरा करने, रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास सहित विभिन्न योजनाओं को शुरू करने की मांग की गई। इसके अलावा कई क्षेत्रों में संचालित ट्रेनों को विस्तार देने की भी मांग उठाई गई।

**सभी बिंदुओं पर की जाएगी चर्चा : महाप्रबंधक**

रेल महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि सांसदों ने रेल विकास की जिन योजनाओं का उल्लेख बैठक में किया है, उनकी समीक्षा कर रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा। रही बात योजनाओं के लंबित होने या देरी की तो उन सभी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

**सुखदेव भगत ने सुरक्षा पर उठाए सवाल**

कांग्रेस के लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने बैठक में सुरक्षा पर सवाल उठाए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने रेल प्रशासन को आड़े हाथों लिया। कहा कि बैठक में केवल रेल विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर के स्लाइड दिखाए गए लेकिन यात्री सुरक्षा के विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई। कई अंडरपास ऐसे बनाए गए हैं जहां वर्षा के समय पानी पूरी तरह से भर जाता है, आखिर किस तरह के इंजीनियर हैं जो ऐसे डिजाइन बनाते हैं, उन्होंने इस पर भी सवाल उठाया। वहीं जन सरोकार के विभिन्न मुद्दों को जल्द पूरा करने की भी मांग की।

# चांडिल में दिनदहाड़े गोली मारकर स्टूडियो संचालक की हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित कल्पना स्टूडियो के संचालक दिलीप गोराई की सोमवार तड़के गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूत्रों के अनुसार अपराधियों ने स्टूडियो में घुसकर दिलीप गोराई पर गोली चलाई। घायल अवस्था में उन्हें टीएमएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हर दिन की तरह दिलीप गोराई सुबह स्टूडियो खोलने आए थे। तभी बाइक सवार अपराधियों ने स्टूडियो में घुसकर उन्हें गोली मारी और फरार हो गए। फिलहाल हत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। चांडिल थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर मामले का खुलासा किया जाएगा।घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर कई गांवों में लगेगा टुसू मेला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** मकर संक्रांति के अवसर पर पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह मेला क्षेत्र अगले 15 दिनों तक चलेगा। मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को पटमदा के जोड़सा, सिसदा, माचा सतीघाट, घाघराघाट एवं बोड़ाम प्रखंड के भूला भूतांगबांध, रागमागोड़ा व पाईचाडीह गांव में होगा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान व पेंशन योजना की राशि नहीं मिलने से महिलाएं परेशान हैं। झारखंड में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाई गई मंईयां सम्मान योजना की बढ़ी हुई राशि ढाई हजार रुपये एवं बुजुर्गो के लिए बृद्धवस्था पेंशन योजना की राशि जारी नहीं होने से क्षेत्र की महिलाएं व बुजुर्ग परेशान रहे। सभी को टुसू त्योहार के पहले राशि मिलने की उम्मीद थे लेकिन सोमवार तक राशि जारी नहीं की गई जिससे निराशा ही हाथ लगी।

## भारत आदिवासी पार्टी के कार्तिक मुखी को युवा मोर्चा की कमान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत आदिवासी पार्टी की टिकट पर जुगसलाई विधानसभा सीट से 2024 का चुनाव लड़ चुके कार्तिक मुखी को उनका सक्रियता को देखते हुए भारत आदिवासी पार्टी की युवा मोर्चा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सोमवार को रांची के करम टोली चौक स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन, राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर तिर्की, कुन्दरसी मुंडा, अजय भट्टकुंवर, सुरेंद्र लिंडा व सुन्दर सिंह आदि उपस्थित थे।

## शहीद स्मारक समिति ने मनाई बाबा तिलका माझी की पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बाबा तिलका माझी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को शहीद स्मारक समिति की ओर से पटमदा के बेलटांड़ चौक स्थित बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विश्वनाथ महतो ने कहा कि बाबा तिलका मांझी ने अंग्रेज हुकूमत के विरोध में सर्वप्रथम लड़ाई का नेतृत्व किया था। उन्होंने अन्याय और गुलामी के खिलाफ जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों को आजादी के लिए संगठित कर जोरदार आंदोलन किए एवं लोगों को प्रेरित किया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इतिहास के पन्नों में बाबा तिलका मांझी के योगदान का उल्लेख नहीं मिलता है। मौके पर विश्वनाथ महतो, मुखिया जामिनी बेसरा, दशरथ बेसरा, अजित रुहिदास, अजय मुर्मू, करमचांद मुर्मू, सुकदेव हेम्ब्रम, भक्तरंजन दास, श्रवण महतो, खलील अंसारी, कृतिवास महतो व धनिक लाल महतो आदि शामिल थे।

## उपायुक्त ने की शिक्षा एवं कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

*सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए हर मुमकिन प्रयास करें, बोर्ड परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लायें*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा एवं कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय व अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों की तैयारी, प्री-बोर्ड परीक्षा में बच्चों के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए पदाधिकारी, शिक्षक तथा अन्य सहयोगी कर्मी जवाबदेही के साथ कार्य करें। सरकार की योजनाओं का लाभ ससमय बच्चों को मिले, ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या में कमी आए, इस दिशा में प्रयास करें। शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति ई विद्यावाहिनी के माध्यम से हो इसे अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने की बात कही गई। विद्यालयों में भेजे गये ग्रांट की राशि का शत-प्रतिशत व्यय, पोषाक का वितरण, डायस में नामांकन, समग्र शिक्षा अभियान एवं जिला साक्षरता समिति के अन्तर्गत नवभारत साक्षरता कार्यकम से संबंधित विभागीय निदेशानुसार कार्य करने एवं अपार कार्यक्रम के तहत सभी छात्र-छात्राओं को जोड़ने का निदेश दिया गया। पोषाक वितरण में 93 फीसदी उपलब्धि को शत प्रतिशत किए जाने में कुछ बच्चों के बैंक खाता में त्रुटि या केवाईसी नहीं होने के कारण पोषाक की राशि डीबीटी करने में समस्या आ रही है। संबंधित छात्रों के अभिभावकों के बैंक खाता में राशि डीबीटी किए जाने का निदेश दिया गया। साइकिल वितरण को लेकर निदेशित किया गया कि जनवरी माह के अंत तक शत प्रतिशत बच्चों को साइकिल उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित करायें। सीएम स्पेशल स्कॉलरशिप के तहत शत प्रतिशत बच्चों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किए जाने का निदेश दिया गया। बैठक में स्कूलों में पेयजल, बिजली, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।



## जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने 12वीं के विद्यार्थियों को भावपूर्ण समारोह में दी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जुस्को ने अपने कक्षा 12 के विद्यार्थियों की विदाई का जश्न एक मार्मिक समारोह के साथ मनाया, जिसमें मधुर स्मृतियाँ, विचार और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ शामिल थीं। 13 जनवरी, 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक और विद्यार्थी एक साथ आए और विदा हो रही कक्षा की उपलब्धियों और मील के पत्थरों को याद किया।विदाई समारोह की शुरुआत स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने स्नातक कक्षा द्वारा अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान दिखाए गए समर्पण और दृढ़ता के लिए आभार व्यक्त किया। प्रत्येक स्नातक को जेएसएसपी में बिताए गए समय और उनके द्वारा पीछे छोड़ी गई अमिट छाप के प्रतीक के रूप में प्रशंसा का प्रतीक चिह्न दिया गया।स्कूल प्रिंसिपल ने कहा, जब हम अपने कक्षा 12 के स्नातकों को विदाई दे रहे हैं, तो हम न केवल उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, बल्कि उनके द्वारा प्रदर्शित व्यक्तिगत विकास और लचीलेपन का भी जश्न मना रहे हैं। सत्यम कुमार झा, श्रेया सिंह और तेगवीर सिंह को सत्र 2024-25 के लिए उत्कृष्ट जेएसएसपी का प्रतिष्ठित खिताब मिला, जबकि कुशल दिव्यम को मिस्टर जेएसएसपी और मिस जेएसएसपी का खिताब स्नेहा सिंह ने जीता।



## पटमदा साप्ताहिक हाट में टुसू पर्व की खरीदारी को उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** झारखंड की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को सहेजने वाले त्योहारों में से एक मकर पर्व (टुसू) को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में उत्साह चरम पर है। छह महीने पहले विभिन्न राज्यों में काम करने गए प्रवासी मजदूर भी परिवार के साथ मकर पर्व मनाने को लेकर लौटने लगे हैं। त्योहार को लेकर करीब 15 दिनों पूर्व से ही तैयारियों में जुटे ग्रामीण सोमवार को पटमदा साप्ताहिक बाजार में त्योहार के लिए आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी के साथ ही तैयारी पूरी कर ली है। टुसू त्योहार के बांउड़ी हाट सोमवार को पटमदा साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ कपड़ों की दुकानों में देखी गई। मकर पर्व को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है। बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने से वाहनों की आवागमन में किसी तरह दिक्कत न हो इसके लिए पटमदा थाना के पुलिस जवान सजग रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में नए साल का प्रथम पर्व होने के कारण काफी खुशी और उल्लास के साथ लोग टुसू त्योहार को मनाते हैं।



**पीठा के लिए मिट्टी के बर्तन, गुड़ व तिलकुट की हुई खरीदारी**

मकर संक्रांति मंगलवार को मनाई जाएगी। मकर स्नान के बाद बाद गुड़ पीठा व तिलकुट खाने की परंपरा है। इसके अलावे आदिवासी समुदाय के लोग मांस पीठा भी बनाते हैं। मिट्टी के बर्तनों में तैयार किया गया विभिन्न प्रकार पीठा खाने की परंपरा है। सोमवार साप्ताहिक बाजार में महिलाएं अपनी जरूरत के हिसाब से मिट्टी की बर्तन, गुड़ व तिलकुट खरीदते नजर आए।

## मां आकर्षणी पीठ पर बुरु मागे का आयोजन

⇨ **मांदर व ढोल के थाप पर मंत्री दीपक बिरुआ व विधायक दशरथ ने किया नृत्य**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी समुदाय के द्वारा प्रत्येक गांव में मागे पर्व मानने से पहले खरसावां के आकर्षणी स्थित शक्ति पीठ पर सोमवार को पारंपरिक विधि विधान के साथ बुरु मागे का आयोजन किया गया। माता के पीठ पर दिउरी ने पारंपरिक विधि विधान के साथ बुरु मागे की पूजा की। बुरु मागे में मां आकर्षणी से क्षेत्र की सुख शांति, समृद्धि की कामना की गयी। बुरु मागे में राज्य के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा तथा स्थानीय विधायक दशरथ गागराई भी शामिल हुए। दोनों ने मां आकर्षणी की पीठ पर माथा टेकते हुए क्षेत्र के सुख शांति की कामना की। मौके पर लोगों ने मांदर व ढोल बजाते हुए मागे नृत्य किया। इसमें मांदर, ढ़ेलक व नगाड़े की थाप पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि मागे हमारी परंपरा से जुड़ा हुआ है।विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि मां आकर्षणी की पीठ पर इस प्रकार के आयोजन से हमें शक्ति मिलती है साथ ही नई उमंग और उत्साह के साथ लोग एक दूसरे से मिलते हैं। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य रुप से समाजसेवी बासंती गागराई, रानी हेंब्रम, मंगल हेंब्रम, मनोज सोय, कालिया जामुदा, रामजी सिंहदेव व अजय सामद आदि उपस्थित थे।



# मानवता और विविधता का सम्मान करने वाला लीडरशीप ही आगे रहेगा : डॉ. मदन

● **एक्सएलआरआइ में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** देश की प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल एक्सएलआरआइ में तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 9 से 11 जनवरी तक चले इस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिजनेस व लीडरशिप में सम्मान के महत्व पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन टाटा स्टील की चीफ एथिक्स काउंसलर सोनी सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल एक चीज नहीं है, बल्कि सैद्धांतिक रूप से वह शक्ति है जो सामाजिक भलाई के साथ-साथ संगठनात्मक सफलता का सामंजस्य स्थापित करती है। बतौर मुख्य अतिथि इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन डॉ. मदन पिल्लुतला ने एथिकल वैल्यू पर आधारित इस प्रकार के इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की सराहना की। साथ ही कहा कि मानवता और विविधता का सम्मान करने वाला नेतृत्व हमेशा आगे बढ़ेगा। उन्होंने स्थायी विरासत बनाने के लिए लाभ संचालित उद्देश्यों को सीमित रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डीन एडमिन प्रो. संजय पात्रो और डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने भी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की उपयोगिता पर बल दिया। प्रो. संजय पात्रो ने कहा कि सम्मान वह अदृश्य करेंसी है जो एथिकल लीडरशिप को बढ़ाने में सबसे अधिक सहायक होती है। जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स के चेयर प्रोफेसर फादर कुरुविला पांडिकुट्टू ने एथिकल लीडरशिप एंड सस्टेनेबल प्रैक्टिस पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।आईआईएम इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु राय व एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर जॉर्ज सेबेस्टियन ने आज के बदलते दौर में कॉरपोरेट सेक्टर से लेकर अन्य सभी सेक्टर में एथिकल वैल्यूज पर अपनी बातें रखी।




**अतिथियों द्वारा संक्षेप में रखी गई बातें :-**

- गलतियां होने पर उसे छुपाने के बजाय गलती को स्वीकार कर उससे सीखना ही नैतिक नेतृत्व है = प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक, आईआईएम रायपुर।

- किसी के सम्मान से सहयोग मिलता है और सहयोग ही नवप्रवर्तन को जन्म देता है प्रोफेसर पवन कुमार सिंह, निदेशक, आईआईएम तिरुचिरापल्ली।

- किसी भी व्यवसाय का भविष्य बिजनेस एथिक्स, पारदर्शिता और सम्मान के सामंजस्यपूर्ण एकीकरण में निहित है = प्रोफेसर श्रीराम नारायणन, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी।

- सम्मान व नैतिकता वह हथियार है जो चुनौतियां आने पर हमेशा आपके साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा रहता है।

प्रोफेसर अरूप वर्मा, लोयोला विश्वविद्यालय, शिकागो।

## ट्रैलर व ट्रक में हुई टक्कर, एक चालक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमटांड़ मोड़ के पास एक खाली ट्रेलर और एक एलपी ट्रक के बीच सीधी टक्कर हो गई जिसमें ट्रेलर चालक चतरा निवासी 33 वर्षीय याकुब अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ट्रेलर में फंसे मृत चालक को निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना रविवार की देर रात की बताई जा रही है।

## विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल मानगो की छात्रा फरहा नाज को राज्य स्तरीय पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रामकृष्ण मिशन रांची के तत्वावधान में राज्य स्तरीय स्वदेश मंत्र वाक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें जमशेदपुर से चयनित विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा फरहा नाज शामिल थी। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों और प्रखंडों से लगभग 63 हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार उपस्थित थे। रामकृष्ण मठ एवं मिशन के जेनरल सेक्रेटरी स्वामी सुविरानंद ने वर्चुअल टेलीकास्ट के जरिए स्वामीजी के संदेशों को युवा वर्ग को आत्मसात करने की आवश्यकता को समझाया तथा सभी विजेताओं को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं । रामकृष्ण मिशन, मोराबादी के सचिव स्वामी भावेशानन्द ने स्वागत भाषण दिया तथा सभी विजेताओं, विद्यालयों और इस वृहत कार्य में सहयोग करने वाले सभी स्वयं सेवकों का आभार प्रकट किया।



# विचार प्रवाह

## संपादकीय

# नक्सलवाद अभी जिंदा है

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बार-बार दावा करते रहे हैं कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा। इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी शेष नहीं रहेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह रुह कंपा देने वाला हमला है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट करके 10 पुलिसकर्मियों को 'शहीद' किया गया था। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। हालांकि 'रोड ओपनिंग पार्टी' रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गए। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया और विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे निरस्त, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही, अनदेखी थी, जिसने हमारे जवानों की जिंदगी छीन ली। अब एक बार फिर बहस शुरू होगी कि सुरक्षा बलों की आवाजाही सडक़ मार्ग के बजाय हवाई उड़ान के जरिए क्यों नहीं हो सकती? यह सवाल फरवरी, 2019 के पुलवामा (कश्मीर) आतंकी हमले के बाद भी उठा था, जिसमें हमारे 40 सुरक्षाकर्मियों को 'शहीद' कर दिया गया था। बीजापुर जिले में इस बार का विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन के पुर्जे 400 मीटर दूर तक बिखर गए। वाहन का एक हिस्सा करीब 30 फुट दूर पेड़ पर लटका मिला। घटनास्थल पर ही करीब 10-12 फुट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। जवानों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। नक्सली विस्फोट करके भाग निकले। धमाका होते ही रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, लेकिन शहादत तो हो चुकी थी। यह हमला ही साबित करता है कि नक्सलवाद अभी जिंदा है। उनकी रणनीति कारगर साबित हो रही है। उनके पास हथियार और हत्यारे विस्फोटक हैं, लिहाजा सवाल है कि 2026 तक नक्सलियों का बिल्कुल खात्मा कैसे संभव है? बीते साल 2024 में 287 नक्सली मारे गए, करीब 1000 गिरफ्तार किए गए, 837 ने आत्मसमर्पण किया, लेकिन हमारे जवान भी 'शहीद' हुए हैं। हमारे लिए यह चिंताजनक बात है। नक्सलवाद अब भी देश के 30 जिलों में मौजूद है। इनमें 8 जिले छत्तीसगढ़ के हैं। दंतेवाड़ा और बस्तर क्षेत्र तो नक्सलियों के गढ़ माने जाते रहे हैं। नक्सलवाद के कारण करीब 94 फीसदी वारदातें और मौतें इन्हीं जिलों में होती हैं। इस हमले में जो जवान 'शहीद' हुए हैं, वे जिला रिजर्व गार्ड के थे। यह राज्य पुलिस की ही एक ईकाई है, लेकिन हमें वे घटनाएं भी याद हैं, जब 6 अप्रैल, 2010 को नक्सलियों ने एक ही हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों को मौत की नींद सुला दिया था।

> नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी शेष नहीं रहेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह रुह कंपा देने वाला हमला है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट करके 10 पुलिसकर्मियों को 'शहीद' किया गया था। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। हालांकि 'रोड ओपनिंग पार्टी' रास्ते को साफ करती चल रही थी।

### ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चें अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जिनमें इस लत के चलते बच्चे बुरी तरह तनावग्रस्त थे

# डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे गंभीर चुनौती

ललित गर्ग

> बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे-जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिये भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया, इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है।

डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे चिन्ता का बड़ा कारण बन रहे हैं। बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे-जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिये भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया, इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों पर बढ़ रहे खतरों से सुरक्षा देने के लिये एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम है। पांच वर्ष से अठारह वर्ष के बच्चों में मोबाइल, इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी एडिक्शन की लत बढ़ रही है जिनमें स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच, टैब, लैपटॉप आदि सभी शामिल हैं। यह समस्या केवल भारत की नहीं बल्कि दुनिया के हर देश की है। ऐसे अनेक ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चें अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जिनमें इस लत के चलते बच्चे बुरी तरह तनावग्रस्त थे। कुछ दोस्त व परिवार से कट गए, कुछ तो ऐसे थे जो मोबाइल न देने पर पेरेंट्स पर हमला तक कर देते थे। बच्चे आज के समय में अपने आप को बहुत जल्दी ही अपनी उम्र से ज़्यादा बड़ा महसूस करने लगे हैं। अपने ऊपर किसी भी पाबंदी को बुरा समझते हैं, चाहे वह उनके हित में ही क्यों ना हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को उजागर किया। इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना



जाने और कितने मासूम व छोटे बच्चों को अपने जाल में फंसाएगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद ज़रूरी है। यदि मोबाइल की स्क्रिन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा-चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाली बचपन की ओर ले जाना होगा। ऐसा करने से उन्हें भी खुशी मिलेगी और वे तथाकथित इंटरनेट से जुड़े खतरों से दूर होते चले जाएंगे। इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग की वजह से साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। हमारी सरकार एवं सुरक्षा एजेंसियां इन अपराधों से निपटने में विफल साबित हो रही हैं। आज के डिजिटल युग में, माता-पिता के पालन-पोषण का तरीका भी काफी हद तक बदल गया है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग के साथ, डिजिटल युग में बच्चों के पालन-पोषण में और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आभासी दुनिया के तिलिस्मी संसार के कारण जीवन में आ रहे बदलाव ने कई ज्वलंत एवं चुनौतीपूर्ण मुद्दों को सामने ला दिया है, जिनसे माता-पिता को जूझना पड़ता है, जिससे पालन-पोषण का कार्य और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऑनलाइन सुरक्षा से लेकर स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य का हिस्सा बनने तक, माता-पिता के लिए खुद ही यह काफी नया सा है। खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर, हम अपने बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में सावधानीपूर्वक हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। अपने बच्चों को तकनीक का उपयोग ऐसे तरीकों से करने में मदद करें जो रचनात्मकता और सीखने को बढ़ावा दें। उन्हें शैक्षिक ऐप तलाशने, डिजिटल कला बनाने या कोडिंग जैसे नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें तकनीक को सिर्फ़ मनोरंजन के बजाय विकास एवं ज्ञान अर्जन के साधन के रूप में देखने में मदद मिल सकती है। तकनीक के अच्छे और बुरे दोनों पक्षों को जानकर और स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित करके, हम बच्चों को उनके स्क्रीन समय के साथ एक स्वस्थ संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। इस तरह, वे बचपन की खुशियों का अनुभव करते हुए तकनीक के लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिसमें बाहर खेलना, दोस्तों के साथ समय बिताना और अपने आस-पास की दुनिया की खोज करना शामिल है। मोबाइल एवं डिजिटल साइट पर कुल निर्भरता बढ़ गई है। लोग अपने फोन एवं इन्टरनेट का इस्तेमाल खाना खाते समय, लिविंग रूम में और यहां तक कि परिवार के साथ बैठकर उपयोग करते हैं। कम से कम अस्सी प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता अपने फोन पर तब भी होते हैं, जब वे अपने बच्चों के साथ समय बिता रहे होते हैं और वे अपने बच्चों, परिवेश पर ध्यान नहीं देते हैं और जब उनके बच्चे उनसे कुछ पूछते हैं तो वे चिढ़ जाते हैं। दरअसल, भारत सरकार के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को अधिक प्रभावी एवं कारगर बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

## दृष्टि कोण

# दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत मौसम सुधार

उत्तर और मध्य भारत का मैदानी भूभाग शीत, शीतलहर और अंधेरी धुंध में परिवर्तित है। समुद्र की दैनिक प्राकृतिक गतिविधि की परिधि से बाहर के पश्चिम और दक्षिण भारत के भूक्षेत्र भी शीत ऋतु के अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव में होते ही होते हैं। शीत हो, ग्रीष्म हो या अन्य ऋतुएं हों, इनमें मौसम हमेशा से ऐसा नहीं था, जैसा कि बीते कुछ सालों में हो रहा है। उत्तर दिशा के मैदानी क्षेत्र ऋतुओं की विकृतियों के कारण जीने लायक नहीं रहे। ऐसे क्षेत्रों में जीवन अनुकूल नहीं रहा। ऐसी जगहें दिन-प्रतिदिन मौसम की मार से जीवन के प्रतिकूल होती जा रही हैं। भारत में प्रगति के परिणामस्वरूप जैसे-जैसे पेड़ों और वन-वनस्पतियों में कमी होती रही, उसी गति से ऋतुचक्र असंतुलित होता रहा। यह प्रक्रिया बीते पचास-साठ सालों से बहुत तेजी से हो रही है। इस कारण शीत ऋतु में मौसम अत्यंत मारक हो जाता है। भारत में हिमालय की श्रृंखला में मौसम कैसा है, इसका सीधा प्रभाव हिमालय की तलहटी में बसे मैदानी क्षेत्रों पर पड़ता है। हिमालय की पूरी श्रृंखला 595000 किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। यह अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भूटान, चीन, भारत और नेपाल के भौगोलिक क्षेत्रों को स्पर्श करते हुए परिव्याप्त है। भारत के अलावा दूसरे देशों में स्थित हिमालयी पट्टी की जलवायु में होने वाली अस्थिरता का असर सीधे-सीधे हिमालय में और इसके समानांतर स्थित भारत के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों पर भी होता है। इसी तरह भारत की तरफ के हिमालय के मौसम में उत्पन्न परिवर्तन का प्रभाव उक्त देशों पर भी होता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की पर्वतमाला में हिमपात और वर्षा के बाद शुरू होने वाली विकट ठंड पंद्रह दिसंबर से फरवरी तक उत्तर और मध्य भारत के मैदानी जनजीवन को थाम देती है। ठंड के साथ धुंध की घनी परत यहां-वहां सब जगह फैल जाती है। इस कारण सूरज की किरणें भी धुंधग्रस्त क्षेत्रों में दिखाई नहीं देतीं। असल में यह धुंध उसी बर्फ में से उठने वाली वाष्प होती है, जो लाखों किलोमीटर तक फैली हुई पर्वत श्रृंखला में गिरी हुई होती है। हिमपात के दो-तीन दिन बाद इसमें से वाष्प उठनी शुरू हो जाती है, जो बहुत बड़ी मात्रा में ऊंचे पर्वतों की चोटियों से उडक़र, कभी धीमे-धीमे तो कभी तेजी से सरकते हुए, नीचे के समतल भूभागों और इनके ऊपर के वायुमंडल में फैल जाती है। अधिक मात्रा में गिरी-जमी बर्फ के वाष्पीकरण की यह क्रिया कम से कम पंद्रह दिनों और अधिकतम डेढ़ महीने तक होती रहती है। हरेक साल ऋतुचक्र के असंतुलन से वाष्पीकरण की क्रिया एक निर्धारित अवधि तक ही नहीं होती। प्रति वर्ष इसकी अवधि कभी कम तो कभी ज्यादा होती है। इस वाष्प की मात्रा इतनी ज्यादा होती है कि यह कई दिनों तक मैदानी भूभाग और इसके वायुक्षेत्र में स्थिर रहती है। इससे जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। शरीर के लिए तो ऐसी ठंड और धुंध घातक होती ही होती है, साथ ही साथ यह मनोविकार और अवसाद भी बढ़ाती है। जब धरती पर नगरीकरण की गति धीमी थी, पेड़-पौधे बहुतायत में थे और प्रकृति को अलग-अलग तरीकों से विषाक्त करने वाले औद्योगिक-व्यापारिक काम नहीं हो रहे थे, तब तक ठंड-धुंध जनजीवन के लिए कष्टकारी नहीं थी। हिमपात के बाद हिम के वाष्पीकरण से उत्पन्न कोहरे को पेड़ों, फसलों और वनों की हरियाली द्वारा सोख दिया जाता था। इसलिए कोहरा एक हफ्ते से ज्यादा धरती के मैदानी भागों और वायुमंडल में ठहरता ही नहीं था। हरियाली की अधिकता के प्रभाव में ठंड, धुंध, शीत, कोहरा या शीतलहर के जनजीवन पर नकारात्मक प्रभाव नहीं होते थे। मैदानी वन क्षेत्र हिम के वाष्पीकरण से ज्यादा दिनों तक प्रभावित नहीं रहते थे। वनों, फसलों और हरियाली की उपस्थिति से शीतऋतु असहनीय, पीड़ादायी और रोगकारक नहीं होती थी। यह जनजीवन के लिए अनुकूल, सुहानी और स्वास्थ्यप्रद होती थी। केवल शीत ऋतु ही नहीं, बल्कि ग्रीष्म ऋतु में होने वाली प्रचंड गर्मी, अत्यधिक गर्म सतह के कारण उत्पन्न असहनीय और बीमार कर देने वाली गर्म लहर भी इतनी कष्टसाध्य नहीं थी। जब तक मैदानी भूभाग वन क्षेत्रों से भरे हुए थे और नगरीकरण की गति धीमी थी, तब तक शीतऋतु में होने वाले हिमपात, वर्षा और कोहरे का जनजीवन पर बुरा प्रभाव नहीं था। दिनोंदिन प्रतिकूल होती जा रही मौसमीय परिस्थितियों में सबसे ज्यादा विचारणीय यह बिंदु है कि नगरीकरण और ढांचागत विकास के लिए जितनी मात्रा में सौ-सौ, दो-दो सौ साल पुराने विशालकाय लाखों-करोड़ों पेड़ों को काटा गया है, क्या इनकी भरपाई के लिए लगाए-उगाए जा रहे पेड़-पौधे थोड़े समय में ही विशालकाय होकर उतने वन क्षेत्र के रूप में फैल जाएंगे, जितने कि जलवायु की अनुकूलता के लिए आवश्यकता है। इसी सदंर्भ में दूसरा विचारणीय बिंदु यह है कि वर्षों पुराने पेड़-पौधों को ध्वस्त करने के बाद उनकी पूर्ति के लिए बोए-उगाए जा रहे पेड़-पौधों में क्या जलवायु नियंत्रण की अपेक्षित कार्यक्षमता है। देश-दुनिया के शासकों, कर्ताधर्ताओं और धन-संसाधन संपन्न लोगों को मौसम की मार के सामने अपनी भौतिक महत्त्वाकांक्षाओं को छोटा समझकर इन्हें थामने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। उनकी ऐसी महत्त्वाकांक्षाएं करोड़ों आम लोगों के दैनिक जीवन पर बहुत भारी पड़ रही हैं।

## कुछ अलग


# मेरी रचनाधर्मिता का फीडबैक

मैं उस समय का नौकरी में लग जाने के बाद चार एडवांस इंक्रीमेंटों के लिए पीएचडी करने वाला रिसर्च स्कॉलर हूं जब गाइड अपने किसी छात्र के शोधप्रबंध का कोई अच्छा सा चैप्टर रिजेक्ट कर उसे अपने नाम से नहीं छपवाया करते थे। या फिर मोटे मोटे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मैंने पीएचडी केवल और केवल चार एडवांस इंक्रीमेंटों के लिए की थी। अगर पीएचडी करने पर चार एडवांस इंक्रीमेंटों का प्रावधान न होता तो मै पीएचडी कदापि न करता। इसलिए मेरे डॉक्टरेट होने का अंतिम उद्देश्य आप मात्र इतना समझें ताकि वक्त बेवक्त हम दोनों में से कोई मुसीबत में न पड़े। अपनी पीएचडी हो जाने के बाद मैंने रिसर्च के नाम पर कुछ नहीं किया, न ही करने की जरूरत थी। वैसे तो कायदे से पीएचडी करने के बाद बंदा इतना थक जाता है कि उसे उसके बाद कुछ लिखने पढने की जरूरत नहीं होती। मेरे जैसा पीएचडी आगे भी पढ़े लिखे? उसके बाद तो केवल नौकरी करने की जरूरत होती है। नौकरी के बाद मेरे जैसे को पढना लिखना बिल्कुल वर्जित होता है। इसलिए अपनी नौकरी भर मैंने यह वर्जिनिटी बनाए बचाए रखी। कल उनका फोन आया। पता नहीं कहां से उनको मेरा नंबर मिल गया? जबकि सच यह है कि रिटायरियों के नंबर रिटायरियों के पास भी नहीं होते। बड़े ही आदर भाव से बोले, जैसे बहुधा हर जरूरत वाले बोलते हैं, 'सर! नवयुवकों की लेखकीय कोशिकाओं में रचनाधर्मिता का संचार करने के लिए हमने रचनाधर्मिता पर आपका लेक्चर रखा है। हम चाहते हैं कि आप जैसे कुख्यात रचनाधर्मी उन्हें लेखन के गुर की मोटी मोटी बारीकियां गहराई से समझाएं ताकि वर्तमान में लेखन का कल्याण हो सके। आशा है कि आप हमें निराश नहीं करेंगे।' तो मैंने उन्हें बीच वाले रास्ते पर चलते समझाया, 'बंधु! मुझे युवाओं को रचनाधर्मिता की ओर उन्मुख करने पर लेक्चर देने का सुनहरी मौका देने के लिए आपका बहुत बहुत आभार! पर सच कहूं तो रिटायर होने के बाद मैंने रचनाधर्मिता का साथ छोड़ दिया है', पर इस कहने को वे मेरा बड़प्पन माने। मानने में जाता भी क्या है? बंधुओ! रिटायर होने के बाद अपने लेक्चर देने के नहीं, लेक्चर सुनने के दिन चल रहे हैं। कभी बीवी पारिवारिक जीवन की बदलती सामाजिक व्यवस्था पर लेक्चर देती है तो कभी बच्चे बदलते परिवेश में बदलते संस्कारों पर पूरे आत्मविश्वास से मुझे लेक्चर दे लेते हैं। उन्हें लगता है कि उनका बॉयोलोजिकल बाप बदलते संस्कारों के साथ अपने को जानबूझ कर फिट नहीं बैठा पा रहा है। आखिर उनको बार-बार न करने के बाद भी उन्होंने मुझे भविष्य के रचनाधर्मियों को रचनाधर्मिता पर व्याख्यान देने को मना ही लिया। मैंने भी सोचा कि सुनने से बेहतर बकना होता है, तो चलो क्यों न मुद्दत बाद बक ही लिया जाए। बंधुओ! व्याख्यान देते हुए मुझे इस बात का पहली बार आत्मबोध हुआ कि किसी उस विषय पर बकने का उतना आनंद नहीं आता जिसमें आप पारंगत हों। असली मजा तो उस विषय पर व्याख्यान देने का आता है जिसके बारे में आप कुछ भी नहीं जानते। तब उस विषय पर आपके पास कहने के लिए इतना होता है कि पूछिए मत! कहते जाओ, कहते जाओ, जब तक आयोजक ये न कहें कि सर! अब समय हो रहा है। कृपया अपना सारगर्भित वक्तव्य अब क्लोज कर दीजिए। शेष अगली बार सुनेंगे। मैं रचनाधर्मिता पर लेक्चर देकर आया तो मुझे पता चला कि रचनाधर्मिता पर कहते कहते रचनाधर्मी होना सच में कितना आसान है। अगले दिन उनका फोन आया, 'बधाई हो सर!' मैंने साश्चर्य पूछा, 'किस बात की?' तो वे बोले, 'वाह! आपने रचनाधर्मिता को लेकर क्या खूब लेक्चर दिया! आपका लेक्चर सुनते सुनते ही कुछ तो आपसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने बीच में ही लिखना तक शुरू कर दिया था। आपको सुनने वालों ने आपके बारे में गजब का फीडबैक दिया है।' 'फीडबैक?' मैं चौंका।

## देश दुनीया से

# न्याय प्रणाली को व्यावहारिक बनाने की पहल

भारतीय न्याय संहिता, 2023 एक ऐतिहासिक पहल है जिसे भारतीय दंड संहिता, 1860 को बदलने के लिए लाया गया है। यह संहिता भारतीय न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का वादा करती है। लेकिन क्या यह वास्तव में न्याय प्रणाली में क्रांति ला पाएगी? भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए राजद्रोह का अपराध परिभाषित करती थी। यह धारा उन लोगों को दंडित करती थी जो भारत सरकार या किसी भी राज्य सरकार के खिलाफ विद्रोह या असंतोष फैलाने का प्रयास करते थे। इस कानून के आलोचकों का मानना था कि इसका अक्सर दुरुपयोग किया जाता था। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाता था। संहिता ने राजद्रोह के अपराध को निरस्त कर दिया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय न्याय संहिता ने राजद्रोह के अपराध को हटाकर उसके स्थान पर नए अपराधों को परिभाषित किया है। ये नए अपराध देश की एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों से संबंधित हैं। इनमें शामिल हैं लोगों के बीच फूट डालने का प्रयास, सशस्त्र विद्रोह या हिंसा को भड़काना, अलगाववादी गतिविधियां, राजद्रोह कानून के निरसन को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, यह भी महत्वपूर्ण है कि इस नए कानून का दुरुपयोग न हो। संहिता ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए दंड को कड़ा कर दिया है। इसमें बलात्कार, यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता, 2023 में बलात्कार के लिए न्यूनतम सज़ा बढ़ा दी गई है। साथ ही, कुछ विशेष परिस्थितियों में बलात्कार के लिए मृत्युदंड का भी प्रावधान किया गया है। यौन उत्पीड़न को गंभीर अपराध माना गया है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। अब घरेलू हिंसा के मामलों में पीड़ित महिलाओं को अधिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। छेड़छाड़ और पीछा करने जैसे अपराधों के लिए भी कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। शादी के वादे के झांसे में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाने पर अब तीन साल तक की जेल की सज़ा हो सकती है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। ये बदलाव महिलाओं को न्याय दिलाने, सशक्त बनाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ाने में मदद करेंगे और अपराधियों को कठोर सज़ा दिलाएंगे। संहिता ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई नए प्रावधान जोड़े हैं। बाल यौन शोषण के मामलों में अधिकतम सज़ा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा, बाल पोर्नोग्राफी को एक गंभीर अपराध माना गया है। बाल तस्करी को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। बाल तस्करों को कठोर सज़ा दी जाएगी। बाल श्रम और बाल विवाह को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुक्त कराए बच्चों को शिक्षा और पुनर्वास की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। भारत में बाल अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। यह संहिता बच्चों को अपराध और बच्चों को शोषण से बचाने में मदद करेगी। संहिता में साइबर अपराधों से निपटने के लिए कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं। बीएनएस ने साइबर अपराधों की परिभाषा को विस्तृत किया है, जिसमें हैकिंग, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर उत्पीड़न और अन्य प्रकार के साइबर अपराध शामिल हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सभी प्रकार के साइबर अपराधों को कानून के दायरे में लाया जा सके। बीएनएस ने साइबर अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया है। इसमें लंबी जेल की सज़ा और भारी जुर्माना शामिल है। इसमें साइबर अपराध सिंडिकेट बनाने और चलाने के लिए दंड का प्रावधान शामिल है। बीएनएस में साइबर अपराधों की जांच के लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति का प्रावधान है। इससे साइबर अपराधों की जांच में दक्षता आएगी और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। बीएनएस में साइबर सुरक्षा के लिए उपाय करने का प्रावधान है। इसमें महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने, साइबर हमलों से बचाव करने और साइबर सुरक्षा जागरूकता विस्तार के उपाय शामिल हैं। संहिता में आतंकवाद से निपटने के लिए कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं। संहिता में आतंकवाद की परिभाषा को और अधिक व्यापक बनाया गया है, जिसमें भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले सभी कार्य शामिल हैं। संहिता में साइबर आतंकवाद से निपटने के लिए भी नए प्रावधान जोड़े गए हैं। संहिता में कई ऐसे प्रावधान हैं जो न्याय प्रणाली में गति ला सकते हैं। न्यायिक प्रक्रिया में सुधार के लिए लगातार अनुसंधान और विकास पर जोर दिया गया है। न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जमानत की शर्तों को आसान बनाया गया है ताकि बेगुनाह लोग जेल में लंबा समय न बिताएं। निश्चित रूप से यह सकारात्मक कदम भारतीय न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करेगा।



> भारतीय दंड संहिता, 1860 को बदलने के लिए लाया गया है। यह संहिता भारतीय न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का वादा करती है। लेकिन क्या यह वास्तव में न्याय प्रणाली में क्रांति ला पाएगी? भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए राजद्रोह का अपराध परिभाषित करती थी। यह धारा उन लोगों को दंडित करती थी जो भारत सरकार या किसी भी राज्य सरकार के खिलाफ विद्रोह या असंतोष फैलाने का प्रयास करते थे। इस कानून के आलोचकों का मानना था कि इसका अक्सर दुरुपयोग किया जाता था। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाता था। संहिता ने राजद्रोह के अपराध को निरस्त कर दिया है।

## आप का नजरीया

# बूढ़े हाशियों को सुकून

राहत के मजमून और उम्र के फासले, जिंदगी आफत में है इसी उम्र में। हिमाचल में सामाजिक सुरक्षा के आंकड़े काफी दुरुस्त हैं, लेकिन समाज के पंजे बूढ़े होने पर दर्द कर रहे हैं। कहीं कोई सुकून नहीं, विकास के जंगल में बुजुर्गों को कैद मिल रही है। हम पर्यटन की सैरगाह और सैरगाह में पर्यटन की परियोजनाओं को स्तरोन्नत करते भूल रहे हैं कि पहाड़ की सादगी में शांति के रास्तों पर उम्र की मंजिलें मिला करती हैं। क्या हिमाचल वरिष्ठ नागरिकों की हिफाजत और उनके सुकून में इजाफा कर रहा है या विकास के अतिक्रमण ने यह शिष्टाचार भी छीन लिया। बेशक कुछ अनाथ बच्चों को गोद लेकर सुक्खू सरकार सुखाश्रय सरकार हो गई और इस दायित्व की पहचान में नित नई रंगत आ रही है, बच्चों की पढ़ाई के लिए डे बोर्डिंग स्कूलों में भविष्य की कसौटियां कसी जा रही हैं, लेकिन बुजुर्गों के लिए जगह है कहां। बेशक सीनियर सिटीजन के नाम पर अस्पतालों के गूंगे गलियारों में कुछ पोस्टर चस्पां मिल जाएं या एचआरटीसी की बसों की उधड़ी हुई सीटों पर बैठने को इशारे मिल जाएं, लेकिन न समाज के कंधे और न ही विकास के मंतव्य उम्र के बूढ़े हाशियों से सहानुभूति कर पा रहे हैं। हैरानी उस परिदृश्य से है जहां हिमाचल की तरक्की ने समाज के सौहार्द में वरिष्ठता के फर्ज खो दिए। यह हालत गांव की देहरी से शहर की सीढ़ी तक है। आखिर एकांत में गुम हो रहे बुढ़ापे को ऐसा आश्वासन कब और कहां मिलेगा कि उनके लिए स्थान पर सुकून सुनिश्चित है। यानी आज की स्थिति में हर शहर और गांव में एक अदद पार्क या सामुदायिक मैदान ऐसा चाहिए कि सुकून से बुजुर्ग कुछ घंटे गुजार सकें। कहने को वेलनेस सेंटर जैसी परिकल्पनाएं आश्वासन देती हैं, लेकिन इनसे सामाजिक संस्कृति का उदय नहीं होगा। स्थानीय निकायों की किसी योजना में बुजुर्गों को सुकून का कंधा देने की फितरत नहीं। नतीजतन बढ़ते वाहनों व नवनिर्माण के बीच अपने वरिष्ठ नागरिकों की जगह छीन रहे हैं। किसी बुजुर्ग नागरिक के लिए सबसे शांति के क्षण किसी पार्क में मिल सकते हैं, लेकिन हिमाचल में इस दिशा में प्रयास नाममात्र के हैं। प्रदेश के मध्यमवर्गीय समाज की हैसियत मकान जैसी हो गई है, जहां वह उम्र के सारे तकाजों में ईंटें जोड़ता-जोड़ता खुद समाज की दीवार बन जाता है। बेशक हमने तरक्की कर ली। हमारी योजनाओं ने शिद्दत से मेहनत करते तरक्की के अल्फाज बदल दिए, लेकिन इसी फेहरिस्त में सेवानिवृत्त नागरिकों को दो कदम सैर-सपाटा करने की छूट नहीं। ऐसे क्लब नहीं जहां वरिष्ठ नागरिक अपनी संवेदना और अनुभव की पराकाष्ठा को साझा कर सकें। कमोबेश बच्चों को भी अब सामुदायिक मैदान नहीं मिल रहे। इस दौरान साइकिल के शोरूम बढ़ गए, लेकिन बच्चों को साइकिलिंग के लिए स्थान नहीं। बुजुर्गों की रखवाली के लिए हमेशा दौलत काम नहीं आ सकती, लेकिन बढ़ती उम्र की हिफाजत के लिए अधिकतम सुकून की खोज के लिए पार्क जैसी सुविधाएं चाहिएं। शहरी ट्रांसपोर्ट सिस्टम में ऐसे बदलाव की जरूरत है जो वरिष्ठ नागरिकों को गंतव्य तक पहुंचा सके। बैंकिंग के बाजार में जो उम्र भर अपने वेतन, अपनी मेहनत, अपनी कमाई और अपनी बचत जमा करता रहा हो, उसके करीब अपने ही खातों को छूने का इंतजाम चाहिए।

## एक महीने में ही बाउंड्री वाल में कई जगह पर पड़ गई दरार, दूसरी ओर भी टूट गई गेट का दीवार



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा द्वारा लगभग 23 लाख 98 हजार 506 के लागत से बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य कराया जाना था। लेकिन संवेदक रामचंद्र दांगी के द्वारा जबरदस्त घटिया सामग्री का उपयोग करके जैसे-तैसे निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया था। जिसे लेकर स्थानीय पत्रकारों ने विभिन्न अखबारों में खबर को प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए 7 जनवरी को जांच टीम का गठन कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। लेकिन जब सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि जांच टीम के द्वारा अब तक रिपोर्ट नहीं दी गई है। अब आलम यह है कि बाउंड्री वाल में लगाया गया गेट का दीवार भी टूट चुकी है। इसके अलावे बाउंड्री वाल में कई जगह पर दरारें पड़ गई है । जिससे साफ स्पष्ट होता है कि संवेदक रामचंद्र दांगी के द्वारा किस प्रकार से घटिया सामग्री का उपयोग करके बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य पुरा कर दिया गया है। बाउंड्री वाल लगातार दिन प्रतिदिन मुश्किल घेरे में घिरता जा रहा है और पदाधिकारी मोन बैठे हैं।

## शिव चर्चा का आयोजन, भजन कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बभने पंचायत अंतर्गत ग्राम महुगाई के देवी मंडप के प्रांगण में सोमवार को एक दिवसीय शिव चर्चा का आयोजन किया गया, यह आयोजन महुगाई सत्संग समिति सुरेंद्र यादव,गंग पासवान के विशेष उपस्थिति में किया गया, इस दौरान विशेष भंडारे का आयोजन स्थानीय बहनों के द्वारा किया गया,जिसमें भक्तों ने शिव महिमा का गुणगान किया।स्थानीय बहनों के द्वारा किया गया भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया।जिसमें कई लोगों ने देवाधिदेव महादेव का शिष्य बनकर खुद का अहोभाग्य माना। एक दिवसीय शिव चर्चा में स्थानीय बहनों अपने-अपने विचार व भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। शिव भक्तों ने शिव महिमा के बारे में लोगों को बताया और चर्चा की। कलाकारों के भजन, कीर्तन और संगीत से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। वक्ताओं ने कहा सभी के गुरु एकमात्र शिव हैं। शिव भक्ति और चर्चा करने से जीवन के सभी दुःख व कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिव शिष्य बनने से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सहायिका चुनाव में अनियमितता का आरोप, मुखिया और पंचायत समिति के अनुपस्थिति में चुनाव सम्पन्न



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के डुमरीकला पंचायत के नौकाडीह आंगनबाड़ी केंद्र से एक मामला प्रकाश में आया है जहां सहायिका चुनाव तो संपन्न हुआ लेकिन पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति के अनुपस्थिति में । मामला का खुलासा तब हुआ जब डुमरी कला मुखिया साधना सिंह और पंचायत समिति फूलमांती देवी ने इस चुनाव का विरोध किया। इस संबंध में मुखिया और पंचायत समिति ने बताया कि सहायिका चुनाव में बैगर जानकारी के चुनाव हुआ है इसको लेकर हमलोगों के पास सुचना नहीं मिली है आगे बताते हैं कि चुनाव में प्रवेक्षिका के द्वारा जल्द बाजी में चुनाव सम्पन्न हुई। अब सवाल ये उठता है कि ग्राम सभा का कार्य ग्राम पंचायत के कार्यों का अवलोकन करना होता है। ग्राम सभा पंचायत को मनमाने ढ़ंग से काम करने से रोकती है। ग्राम सभा की बैठक के दौरान सभी सदस्य को ग्राम पंचायत के गलत कार्यों को रोकने के सम्बंध में सवाल उठाने का अधिकार होता है जिसमें पंचायत के सभी प्रतिनिधि और जनता का होना अनिवार्य है इसलिए सभी लोगों को ग्राम सभा की बैठक में भाग लेते है शायद पदाधिकारियों के द्वारा नियम और कायदे का धज्जियां उड़ा कर चुनाव सम्पन्न किया गया। आगे रीमा कुमारी ने आंगनबाड़ी सहायिका चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाते हुए बताती है कि आवासीय प्रमाण पत्र,आधार कार्ड के वोटर आई कार्ड के नहीं रहने के बावजूद ही पुष्पा कुमारी को चयन कर लिया गया जो नियम के विरुद्ध है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी प्रखण्ड के गेरूआ पंचायत के खेड़गंजवा आंगनबाड़ी सहायिका चुनाव में अनियमितता का आरोप लगा था जिसमें ग्रामीणों ने प्रखण्ड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया था वहीं मुखिया के द्वारा जब चयन आवेदक का पोषक क्षेत्र दिखाने को बोला गया था तो सेविका ने साफ इंकार किया था एक मामला शांत हुआ नहीं और दूसरा मामला सामने आया है अब देखना होगा कि पदाधिकारियों के द्वारा संज्ञान लिया जाता है या फिर चुप्पी साधी जाती है। जब प्रवेक्षिका से संपर्क साधा तो प्रवेक्षिका माधवी सिंहा ने बताया कि पंचायत समिति के पति थे।

## असहाय जरुरतमंदों के बीच मुखिया ने किया कंबल वितरण



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के टोंटी पंचायत मुखिया शांति देवी, पंसस होजैफा व जिप सदस्य रमेश राम ने संयुक्त रूप से इटके ग्राम के 50 वृद्ध, असहाय, जरूरतमंदों और टाना भगत परिवारों के बीच प्रखंड प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया हुआ कंबल का वितरण किया। जानकारी देते हुए मुखिया शांति देवी ने बताया कि बढते ठंड क़ो देखते हुए प्रखंड प्रशासन के द्वारा पंचायत क्षेत्र के निहायत जरूरतमंदो के बीच वितरण करने के लिए 140 कंबल उपलब्ध कराए गए हैं।जिसे पंचायत के सभी वार्डों के अति जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया जा रहा है।बढते ठंड के अवसर पर कंबल पाकर लोगों ने अपनी खुशी व्यक्त कर मुखिया शांति देवी ,पसस ओजेफा व जिप सदस्य रमेश राम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मोहम्मद ओजैर, गणेश राम, काशी नाथ उरांव, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा लातेहार जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई।इस दौरान उपायुक्त ने ओडीएफ प्लस के अंतर्गत लातेहार जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की जानकारी लेते हुए कार्यपालक अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि ओडीएफ प्लस के अंतर्गत आगे लातेहार जिले में किए जाने वाले कार्यों को लेकर बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें।

# नार्को समन्वय केंद्र में (एनसीओआरडी) जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार समेत अन्य सभी संबंधित जिले के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। अफीम की खेती के विरुद्ध थाना स्तर व अंचल स्तर तक की अबतक की कार्रवाई की एक एक कर सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी से जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा अफीम की खरीद बिक्री करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं उन्हें चिन्हित करते हुए उनके ऊपर कठोर कार्रवाई करें। साथ ही नशीले पदार्थों व अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति आमजनों के बीच चलाए गए जागरूकता अभियान की भी विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में निर्देशित करते हुए कहा जिले में अफीम की खेती व कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाएं। वैसे लोग जो भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर इस तरह के कार्य करते हैं उसको किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय यह सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों द्वारा बताया गया कि जैसे ही अफीम की खेती या कारोबारियों के बारे में सूचना प्राप्त होती है उसपर वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई की जाती है। रैयती भूमि पर अगर अफीम की खेती की जा रही है तो जमीन मालिक व उसमें संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करे। वहीं सरकारी भूमि/ वन भूमि पर भी अफीम की खेती के रोकथाम हेतु करा कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा प्रत्येक माह थाना स्तर पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी।

## सिंघानी पंचायत भवन में किया गया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण, वृद्ध महिलाओं में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगढ़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघानी पंचायत भवन में सिंघानी पंचायत के मुखिया राधिका देवी एवं पंचायत समिति सदस्य मीना देवी के द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुखिया ने सिंघानी पंचायत के विभिन्न वार्डों में गरीबों को कंबल मुहैया कराया। इधर कंबल मिलने के बाद वृद्ध महिलाओं के चेहरे खिल उठे सभी के आंखों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा था। इस संबंध में मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पीड़ितो के लिए मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत 3 वर्षों से लगातार ठंड में असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं। लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं। और क्षेत्र में घूम-घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हों। मौके पर वार्ड सदस्य रूबी देवी, समेत दर्जनों ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे।

## मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एसएस हाई स्कूल टंडवा के 2005 बैच के विद्यार्थियों ने नए वर्ष 2025 में मिलन समारोह एवं वन भोज का कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया। इस कार्यक्रम की खुशी को लेकर सभी एक सूत्र में बंधे, और प्रखंड क्षेत्र के साराढु में स्तिथ ललकी चट्टान में इस कार्यक्रम को संपन्न किया। सभी दोस्तों ने एक साथ केक काटकर मिलन समारोह एवं वन भोज कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही लोगों ने बीस वर्षों के बाद मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए, एक दूसरे से पात्र परिचय किया।इस कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार करने में टंडवा निवासी सुरेंद्र सोनी एवं प्रिंस बक्शी ने अहम भूमिका निभाया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने खूब आनंद लिया और इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में हमेशा करते रहने का विचार विमर्श किया। इस बैच के सभी लोगों ने भविष्य में समाज से जुड़े कई तरह का काम करने का निर्णय भी लिया। इसके अलावा सभी लोगों ने तिथि निर्धारित कर गरीब असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण करने का निर्णय भी लिया। मौके पर टंडवा से पिंटू साव, सुरेंद्र सोनी,प्रिंस बक्शी, विक्की मालाकार, बबलू गुप्ता उर्फ देव गुप्ता, शिवा साव, सुनील कुमार साहू, निक्की कुमार गुप्ता,होन्हे से सिकंदर यादव, मुकेश यादव, गाड़ीलौंग से कुलदीप दास, प्रभु महतो पोकला, साराढु से सिकंदर कुशवाहा, आलोक रंजन, मनीष सिंह, मंगल यादव उर्फ मनोज यादव, शंकर राणा, बड़गांव से मुकेश महतो, अजीत महतो, प्रमोद साव सिमरिया, संजीत यादव बिंगलत, वरुण ठाकुर राहम, मुकेश यादव बुकरू, राम अवतार रजक पेटो, मुकेश ठाकुर पचडा, सुनील भुइंया उर्सु, प्रदीप कुमार उतराठी, दिनेश राम आरा, राजेंद्र यादव बुकरू समेत कई लोग उपस्थित हुए।

## बहू पूजा कुमारी रविवार शाम घर से गायब, खोजबीन जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के डाडी गांव निवासी पति उमेश कुमार वर्मा पिता खुशहाल महतो, की पत्नी पूजा कुमारी अचानक शाम रविवार को लगभग 6-30 बजे अपने साथ कपड़ा और जेवर तथा रखा रुपए लेकर गायब हो गई है। जिसे लेकर पुत्र के पिता खुशहाल मेहतो सिमरिया थाना में आवेदन देकर खोजबीन एवं जांच पड़ताल तथा लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में खुशहाल महतो ने कहा है कि बीते दिन रविवार शाम 6-30 बजे के पूर्व पुतोहु पूजा कुमारी घर पर अकेली थी। हम लोग बाहर काम करने के लिए गए हुए थे। शाम जब हम लोग घर पर लौटे तो घर पर पुतोहु पूजा कुमारी घर पर नहीं देखने पर इधर उधर खोजबीन करने लगे। जब आसपास पड़ोस में नहीं मिली तो अपने रिश्तेदारों तथा आगे संबंधियों के यहां फोन कर इसकी जानकारी लिया। परंतु कहीं भी इसकी जानकारी होने की नहीं मिली। घर में जब खोज बिन करने लगे तो घर में रखा पुतोहू का जेवर,कपड़ा और सात हजार रखा रुपया गायब था। मेरा पुत्र बाहर काम करने के लिए गया हुआ है। उसे जब गायब होने की खबर बताया तो पुत्र उमेश वर्मा ने कहा कि पूजा के फोन नंबर 923412 6312 पर हमेशा फोन 9102393656, 7041320673, 9939679914 से एक लड़का का फोन आया करता था ।पूछने पर पूजा बताती थी कि यह मेरा रिश्तेदार है जो इस नंबर से फोन आता है। शायद उसी के साथ कहीं फरार तो नहीं हो गई है। आगे लिखा है कि हिंदू रीति रिवाज के साथ 12 जुलाई 2024 को बुद्धदेव महतो, ग्राम पकरी पोस्ट काजी, थाना तरहसी, जिला पलामू के साथ शादी हुई थी। मामले को लेकर खुशहाल महतो ने सिमरिया पुलिस से खोजबीन एवं जांच पड़ताल करने का आग्रह किया है ।वहीं आम लोगों से आग्रह किया है कि यदि इस महिला पर किन्ही सज्जन को नजर पड़े तो सिमरिया थाना को अविलंब सूचित करने का कष्ट करें।

## युवा दिवस के अवसर पर शहर में एबीवीपी का भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) लातेहार द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा और छात्र सभा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा लातेहार के मुख्य मार्गों से होती हुई स्टेडियम के मैदान में पहुंची, जहाँ छात्र सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लातेहार सदर थाना प्रभारी दुलर चौड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके अलावा, एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नागमणि यादव, नगर मंत्री मुकेश यादव, कमलेश उरांव और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम, और स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक संदेश जैसे नारे लगाए गए। यात्रा में लातेहार के विभिन्न छात्रावासों और कोचिंग संस्थानों के छात्रों ने भी भाग लिया।थाना प्रभारी दुलारी चौड़े ने इस अवसर पर एबीवीपी के इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन हमेशा उनकी सुरक्षा और भविष्य की चिंता करता है।

## केचकी पंचायत के वार्डों में नहीं बंटा कंबल, बीडीओ ने लिया संज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सरकार और सिस्टम द्वारा कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने को लेकर असहाय, मजबूर लाचार वृद्ध व विधवाओं के लिए कंबल आपूर्ति किया गया है। जहां कंबल वितरण में चौंकाने वाला मामला सामने आया है जो प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी के कई वार्डों के असहाय कंबल पाने से वंचित हो गए हैं जिसे लेकर वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को ज्ञापन सौंपा है जिसमें कंबल वितरण में अनियमितता पर कार्रवाई करते आपूर्ति करने की बात कही गई है । मौके पर वार्ड सदस्यों ने बताया कि पंचायत में 150 कंबल की आपूर्ति हुई है और मुखिया के द्वारा मनमानी करते अपने चहेते लोगों को दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि हमें कंबल वितरण से कोई जानकारी नहीं दी गई और हमारे वार्ड में किसी को कंबल नहीं दिया गया। वहीं इस संबंध में बीडीओ ने जांच कर कार्रवाई करने और कंबल आपूर्ति करने की बात कही।

## कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ : मुकेश निरंजन सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को भाजपा मंडल कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की उपस्थिति रही। जहां कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने की।मौके पर सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होते हैं, कार्यकर्ता के बल पर ही संगठन चलता है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार-जीत तो लगा रहता है हमें मायुस होने की जरूरत नहीं है। कार्यकर्ता को पार्टी और संगठन के लिए लग्न मेहनत से काम करने की जरूरत है। वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में भाजपा संगठन राष्ट्रीय पर्व सदस्यता अभियान शुरू किया है जिसमें कार्यकर्ता आगे आकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाए मंच। मौके पर पार्टी के पदाधिकारी प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिला मंत्री ईश्वरी सिंह, कार्यसमिति सदस्य अशोक प्रसाद, आनंद सिंह, जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य कन्हाई प्रसाद, विष्णु राम, शिबू प्रसाद उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय,पोशाक , डिजिटल शिक्षा, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को मिले,इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें।बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। समीक्षा के क्रम में अपार आईडी जेनरेशन का कार्य निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। विद्यालयों में विद्यार्थियों का आधार कार्ड बनवाना और इस प्रक्रिया को तेज़ी से पूरा करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी बीओ/ बीपीओ को स्पष्ट निर्देशित किया की सभी तरह का डेटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि होना चाहिए और कार्य में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति करने का निर्देश दिया गया।सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र छात्राओं को दी जाती है। उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चों को ससमय राशन एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, एपीओ, बीपीओ, बीओ उपस्थित थे।

# टाना भगत समुदाय के विकास के लिए कल्याण मंत्री की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कल्याण मंत्री ने सोमवार को लातेहार, गुमला, चतरा, लोहरदगा, पलामू, लातेहार, खुटी और सिमडेगा के टाना भगत समुदाय के विकास प्राधिकार को लेकर एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में टाना भगत विकास प्राधिकार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार टाना भगत समुदाय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार टाना भगत समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रही है। इस बैठक में कल्याण मंत्री ने टाना भगत समुदाय के नेताओं और पदाधिकारियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार टाना भगत समुदाय की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मौके पर सुमेज टाना भगत ने कहा कि टाना भगत समुदाय के विकास के लिए कल्याण मंत्री की बैठक एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम टाना भगत समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और उनके विकास में मदद करेंगी। वहीं बैठक में सुमेज टाना भगत, इंद्रदेव भगत रामदयाल थाना भगत पूनम भगत वासुदेव भगत मनोज भगत सतीश भगत समेत कई टाना भगत मौजूद थे।

# हजारीबाग महानगर कांग्रेस ने निकाली जय बापू, जय भीम, जय संविधान सम्मान यात्रा

**देश चलता है संविधान से अहंकार से नहीं, जनता देगी जवाब : शैलेन्द्र यादव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय मैदान से जय बापू, जय भीम, जय संविधान मार्च गुरु गोविंद सिंह रोड, अन्नदा चौक ,कचहरी चौक, पुराना समाहरणालय चौक होते हुए डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त हुई । इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर शैलेन्द्र कुमार यादव वहीं विशिष्ट अतिथि मनोज सहाय, पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल, भीम कुमार, दिगम्बर प्रसाद मेहता प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद, बिनोद सिंह, रेणु कुमारी रहे । भाजपा के द्वारा लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है और हम सभी को हक और अधिकार जो संविधान के द्वारा प्राप्त हुआ है और इस



संविधान में जो हक और अधिकार देने का कार्य डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रयास से हुआ इनके प्रयास को खत्म करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह डॉ अंबेडकर का अपमान करने से नहीं चुके हैं .इस मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि देश डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चल सकता है और देश में संविधान व डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब को अपमानित करने का काम किया है बाबा साहेब अंबेडकर ने देश को महान संविधान देने का काम किया है 2014 से पूर्व सभी पार्टियों ने संविधान और बाबा साहब को सम्मान देने का काम किया लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद सही भाजपा नेताओं द्वारा लगातार संविधान और महापुरुषों का अपमान करने का काम किया है जनता आने वाले सभी चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी । कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद ने कहा की तिरंगे से ज्यादा जिन्हें अपने पार्टी का झंडा प्यारा था व अंग्रेजों की मुखबिरी की इनका इतिहास पुराना है । बाबा साहब के संविधान को बदलने का जिनका अरमान पुराना था । गांधी का हत्यारा जिनकी आंखों का तारा है ,वह आज हमें बांट रहे हैं सर्टिफिकेट गद्दारी का । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान मनीषा टोप्पो, संजय तिवारी, मिथिलेश दुबे युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव महिला अध्यक्ष बेबी देवी, ओबीसी अध्यक्ष दीपक गुप्ता, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रजी अहमद, डॉ भैया असीम, गुलाम शाबिर उर्फ बब्लू, रघु जायसवाल, सुनिल सिंह राठौर, सुनिल अग्रवाल, नरेश गुप्ता, दिलदार अंसारी, बाबर अंसारी, चन्द्रशेखर आजाद, अर्जुन नायक, बब्लू सिंह, रिंकू कुमार, सदरूल होदा, सीताराम यादव, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, निसार अहमद भोला, कौशल कुमार सिंह, शिव नंदन साहू, देव नारायण सिंह, जितेन्द्र जायसवाल, गणेश रजक, बाबू खान, अजित सिंह अशोक कुमार राम चन्द्र राम, अजित कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, रत्नेश कुमार सिंह, कमरूउद्दीन, अनिल कुमार भुईयां, बहादुर सागर, देवधारी प्रसाद मेहता, मुस्ताक अंसारी,जावेद इकबाल के अतिरिक्त सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## फर्नीचर दुकान में लगी आग, लाखों की सम्पति खाक




**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत नूरा स्थित हनुमान मंदिर के निकट निशांत कुमार के फर्नीचर दुकान में रविवार की रात्रि अचानक आग लग गई। आग इतना भयानक था कि धू-धू कर दुकान में रखा सभी सामान जैसे लकड़ी,सामान रखने का लकड़ी का रैक,फर्नीचर बनाने का औजार,दीवान,सोफा सेट,डाईनिंग टेबुल,सेंटर टेबुल वगैरह साथ ही फ्रीज,आल्टो कार सभी धू-धू कर स्वाहा हो गया।सब कुछ राख का ढेर बन गया।बताते चलें आग की घटना की सूचना अगल-बगल के लोगों द्वारा फोन से मकान मालिक चेतलाल महतो जो दुकान से काफी दूर लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर मंडई में रहता है को घटना की सूचना तीन बजे रात्रि में फोन से दिया।मकान मालिक सूचना पाकरआनन-फानन में नूरा स्थित घटना स्थल पर आये तब तक अग्निशमन कार्यालय को भी आग की घटना की सूचना दिया गया।अग्निशमन की दो-दो गाड़ी तीन बजे रात्रि/सुबह से लगी रही काफी मस्सकत के बाद आग पर काबु पाया जा सका।घटना की सूचना लोहसिंघना थाना को जैसे ही प्राप्त हुआ दल-बल के साथ पाँच घटना स्थल पहुंचे।आवेदक संदीप कुमार द्वारा थाना में आवेदन दिया गया।घटित घटना को लेकर मालिक औरअगल-बगल के लोगों ने अनभिग्यता जाहिर किया।आगे जांच की बिषय है कि यह आग कैसे लगी।

## मुरली पहाड़ शिवलिंग मंदिर में मकर संक्रांति मेला समिति की तैयारी पूरी, मेला आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** मकर संक्रांति पर बड़कागांव प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत स्थित दर्शनीय रमणीक मुरली पहाड़ धाम में आयोजित एक दिवसीय मकर संक्रांति विशाल भव्य मेला व आर्केस्ट्रा का आयोजन 14 जनवरी मंगलवार को होगा। पतरातू प्रखंड, केरेडारी, डाडी, कटकमसांडी, रामगढ़ चतरा, टंडवा, सिमरिया सहित आसपास से पर्यटकों की हजारों हजार की संख्या में जुटने की उम्मीद है। मेला समारोह को लेकर मुरली पहाड़ धाम मकर संक्रांति मेला समिति की तैयारी पूरी कर ली गई है। मेला समिति के संरक्षक चंदर साव उर्फ़ चंदर भाई एवं मेला समिति के कोषाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य डा.गणेश साव ने संयुक्त रूप से बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर मुरली पहाड़ स्थित शिवलिंग मंदिर में भारी संख्या में पर्यटकों की लाखों की संख्या में भीड़ जुटने की उम्मीद है। आगे उन्होंने बताया कि मेला में पर्यटकों एवं दर्शकों के मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विधिवत मेला का उदघाटन किया जायेगा।



## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने मकर संक्रांति पर्व पर आदिम जनजाति विरोहर परिवार के साथ चूड़ा, दही, तिलकुट का किया सामूहिक भोजन

**फाउंडेशन आदिम जनजाति परिवार को मुख्य धारा में लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैम्मंजीत यादव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के साथ मनाया। सोमवार को फाउंडेशन के लोग बरही प्रखंड के खोड़ाआहार पंचायत अंतर्गत केवाल गांव में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के आवासीय परिसर में पहुंचे, वे अपने साथ चूड़ा, दही, तिलकुट इत्यादि खाद्य सामग्री साथ लेकर गए, जहां उपस्थित बिरहोर परिवार के बच्चे बूढ़े महिलाओं को कतारबद्ध तरीका से बैठाकर चूड़ा, दही, मौके पर फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार विभूतिभूषण प्रताप सिंह ने कहा है कि बिरहोर परिवार को बेसन के लिए हमारे दादा स्वर्गीय राजकुमार सिंह ने 20 एकड़ जमीन दान में दी जिसका प्रमाण हमारे पास है। सामूहिक भोजन में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, विभूति भूषण प्रताप सिंह, यमुना यादव, द्वारका रविदास, मनोहर यादव ,नरेश सिंह, आकाश भारती, विवेक यादव, वैभव नारायण सिंह, अरुण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## रबी फसल को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरेडारी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में 13 जनवरी को प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन प्रखण्ड प्रमुख सुनीता देवी की अध्यक्षता में किया गया.कार्यशाला की शुरुआत जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.आयोजित कार्यशाला में उप प्रमुख अमेरिका महतो जिला परिषद सदस्य पूर्वी गीता देवी, जिला परिषद सदस्य दक्षिणी अनीता सिंह केरेडारी मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ महतो आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अमित गुप्ता आजसू केंद्रीय सदस्य लीलाधन साव केरेडारी के पूर्व मुखिया तापेश्वर साव बीएओ अनुज कुमार जन सेवक रवि राजा प्रधान सहायक उमेश कुमार दास बीटीएम सुभाष कुमार रामचरण कृषक मित्र सुखदेव महतो सौरभ कुमार अरुण पासवान नरेश महतो सूरज महतो देवनंदन महतो आदि उपस्थित थे . कार्यशाला में कई कृषक शामिल हुए जिसमें ह महिला कृषकों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी . कार्यशाला के प्रमुख वक्ता कृषि वैज्ञानिक मीनू महतो ने कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी साथ हीं उपस्थित किसानों के प्रश्नों का समाधान भी किया.अन्य वक्ताओं में सुखदेव महतो ने भी अपना अनुभव साझा किया.मौके पर महिला पुरुष कृषक और कृषक मित्र मौजूद थे.



## मकर संक्रांति का त्योहार आज, लोगों ने तिलकुट, चूड़ा, गुड़ और दही की जम कर की खरीदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** मकर संक्रांति को लेकर बड़कागांव प्रखंड में लोगों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। सोमवार को बड़कागांव प्रखंड के तमाम बाजारों में तिलकुट, चूड़ा, दही और गुड की काफी बिक्री देखी गई। बड़कागांव मुख्य चौक में संजय स्वीट्स, राजेश श्रीवास्तव, अमित मालाकार, सुधीर जायसवाल, अरविंद मालाकार, रजनीश मिश्रा, अखिलेश सोनी, मनीष कुमार ,विजय गुप्ता, नारायण साहू, विक्की कुमार के तिलकुट दुकान अलावा कई दुकानों में तिलकुट की बिक्री खूब हुई। बड़कागांव में तिलकुट ?600 किलो से लेकर 100 रुपए किलो तक बिक्री हुआ। जिसमें राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रखंड में 50 लाख रुपया से भी अधिक का तिलकुट का निर्माण कराया गया। जिसमें सबसे अधिक बड़कागांव चौक में बिक्री हुई है। वही बताते चलें कि मकर संक्रांति को लेकर नापोखुर्द मुरली पहाड़, पंचवाहिनी मंदिर सोनपुरा, पंचवाहनी मंदिर बादम, लौकुरा के गोधनिया मंदिर में मकर संक्रांति को लेकर पूजा अर्चना की जाएगी व मेले के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। बादाम स्थित पंचवाहिनी मंदिर में 15 और 16 जनवरी की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।



## स्वामी विवेकानंद जंयती सह पूर्व छात्र परिषद की गोष्ठी का किया गया आयोजन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में स्वामी विवेकानंद जंयती सह पूर्व छात्र परिषद की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमीत कुमार साव, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित हुए।विषय प्रवेश प्रधानाचार्य ने करवाया। अपने संबोधन में इन्होंने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को बतलाया और कहा कि वर्तमान के भैया,बहन कल के भविष्य हैं। अध्यक्ष ने भैया, बहनों को एकाग्रचित होकर अध्ययन करने को कहा।इन्होंने कहा कि इस तरह से स्मरण शक्ति तीव्र होती है इस तथ्य को विवेकानंद जी के संस्मरण से समझाने का प्रयत्न किया। समस्त कार्यक्रम मनीष के देख रेख में सम्पन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी ने किया।



## उपायुक्त ने तकनीकी विभाग की किया समीक्षा बैठक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त को गोंदलपुरा में ब्रिज के निर्माण में आ रही समस्या से अवगत कराया गया जिस उपायुक्त ने विधायक, स्थानीय मुखिया से समन्वय बनाकर कार्य की गति को आगे बढ़ाने की बात कही। बैठक में पेयजल विभाग को नए बन रहे सड़क पर समय समय पानी की छिड़काव करने निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिषद के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेशित किया कि अपने अधीनस्थ कार्यरत कांट्रेक्टर्स के साथ बैठक कर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कीजिये। जिनका प्रोग्रेस कम है उसका रिपोर्ट कीजिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के अलावे उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण वृद्ध, गरीब, असहाय लोगों में हर्ष

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय के समीप सोमवार को मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, ने असहाय, गरीब,बुजुर्ग, महिलाओं, और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोला से आए वृद्ध, असहाय, गरीब, मजदूरो के बीच कंबल व चूड़ा, तिलकुट का वितरण किया गया है। इधर कंबल मिलने के बाद वृद्ध, असहाय, गरीब, मजदूर लोगों के चेहरे खिल उठे सभी खुश नजर आ रहे थे। इस संबंध में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, उन्होंने कहा कि ठंड में मेरे द्वारा असहाय, व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरे सादगी ढंग से कंबल का वितरण का कार्यक्रम करते हैं। इस पुनीत कार्य की जमकर सराहना की गई। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत सेवक सरोज कुमार, वॉर्ड सदस्य, प्रकाश साव, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन कुमार, रमनी देवी, देवकी देवी, बिशनी देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी, शकुंति देवी, कबूतरी देवी, फगुनी देवी, यशोदा देवी, मैमून खातून, रेशमा खातून, अंबिया देवी, शांति देवी, पुनिया देवी,उमा देवी, रबिया खातून, अफसाना खातून, रविशा खातून, मुनेशा खातून, खरुन खातून, जुलैखा खातून, मोहम्मद हबीब मियां, मोहम्मद नवाब, अकल मियां, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



## हजारीबाग के पूर्व एसडीओ की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया गया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार का मामला फिर से तूल पकड़ने लगा है. पूर्व एसडीओ की पत्नी के मायके वालों ने नया समाहरणालय भवन के सामने 'जस्टिस फॉर अनीता' के नाम से सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान 'आरोपी एसडीओ अशोक कुमार को गिरफ्तार करो, अनीता को इंसाफ दो' के नारे लगाए गए. धरना में शामिल अनीता के भाई राजकुमार गुप्ता ने सवाल उठाते हुए कहा कि अशोक कुमार अधिकारी हैं तो कार्रवाई नहीं होगी? क्या उनके लिए कानून नहीं है. गौरतलब है कि इस मामले में अनीता के मायकेवालों ने हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार समेत पूरे परिवार पर जलाकर मारने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी, मगर पुलिस आजतक किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है. आरोपी एसडीओ का कार्मिक विभाग रांची में तबादला कर दिया गया है. मृतका के भाई ने जीजा पर लगाया हत्या का आरोप इस मामले में मृतका के भाई ने हजारीबाग के लोहसिंघना थाने में अपने जीजा यानी एसडीओ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया.



मृतका के भाई राजकुमार ने बताया कि अशोक कुमार के भाई ने फोन कर बताया कि उसकी बहन को जल गई है. उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है. इसके बाद किसी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई और फोन कट गया.मृतका के भाई ने बताया कि उसके जीजा का किसी दूसरी महिला के साथ काफी दिनों से अवैध संबंध चल रहा था, जिसे लेकर गांव में पंचायत भी बुलाई गई थी. उस दौरान किसी तरह मामले को शांत करा दिया गया. इस घटना के संबंध में राजकुमार ने बताया कि अशोक कुमार, उसके पिता, भाई व अन्य परिजनों ने मिलकर उसकी बहन को आग लगाकर मार डाला. उसकी बहन के ससुराल वाले हमेशा उसे प्रताड़ित करते थे.

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद सेवाश्रम,विष्णुगढ़ पहुँचे डुमरी विधायक जयराम महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधानसभा युवा विधायक जयराम महतो ने रविवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद सेवाश्रम में शिरकत किया।उनके आगमन पर स्वामी विवेकानंद सेवाश्रम विधालय संचालक यशवंत मिश्रा ने उनका भव्य स्वागत किया। बातचीत के दौरान डुमरी विधायक ने कहा मैंराष्ट्रीय युवा दिवस के सुअवसर पर आज चतरो चट्टी से स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन पर युवा महोत्सव मनाकर लौट रहा उसी क्रम में मुझे पता चला कि विष्णुगढ़ स्थित मेरे रोल मॉडल स्वामी विवेकानंद के नाम से एक सेवाश्रम चलाया जा रहा फिर मैं यहाँ रुक स्वामी जी सहित ठाकुर श्री श्री माँ की आदमकद प्रतिमा के समक्ष नमन किया मन को बहुत सुकून मिला।यहाँ के लोग भी बहुत अच्छे है।स्वामी विवेकानंद सेवाश्रम संचालक ने कहा कि डुमरी विधायक जयराम महतो के अचानक यहाँ इस परिसर में आगमन से बड़ी खुशी मिली। इन्होंने सेवाश्रम परिसर में विधालय का मुआयना किया यहाँ की वस्तुस्थिति से अवगत हुए और विद्यालय के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कोषागार विभाग में पदस्थापित दिवंगत पिंटू कुमार नायक को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कोषागार विभाग में पदस्थापित एवं कार्यरत पिंटू कुमार नायक, जिनकी नियुक्ति हजारीबाग कोषागार में दिनांक 24. 6. 2023 में लेखा सहायक के रूप में हुई थी। उनके गांव मधुकरपुर, प्रखंड पेटरवार, जिला बोकारो में रात्रि में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई।उनके दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए आज उपायुक्त नैंसी सहाय व उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत समाहरणालय के सभी अधिकारियों और कर्मियों ने सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने दिवंगत पिंटू कुमार नायक के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा की ईश्वर उनके शोकाकूल परिवार को इस शोक की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## हजारीबाग की झील की सफाई का कार्य शुरू, विधायक प्रदीप प्रसाद की पहल से हुआ सुधार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सोमवार को शहर के ऐतिहासिक झील परिसर पहुंचे और क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने झील की सफाई के लिए करोड़ों की लागत से खरीदी गई मशीनों की स्थिति का जायजा लिया। यह पाया गया कि मशीनें लंबे समय से खराब पड़ी थीं, जिससे झील में जलकुंभी और गंदगी की समस्या बढ़ रही थी।मशीनों को ठीक कराया, जलकुंभी की सफाई हुई शुरूविधायक ने मौके पर ही नगर निगम के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद को बुलाया और मशीनों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित कराई। मशीनों के ठीक होने के बाद झील से जलकुंभी और गंदगी हटाने का कार्य शुरू हुआ। श्री प्रसाद ने इस पर कहा की झील हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर है। इसे साफ और सुंदर बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। मैंने इस समस्या को पहले भी दिशा की बैठक में उठाया था, और आज इसका समाधान शुरू होते देखना संतोषजनक ह उन्होंने कहा कि झील परिसर के सौंदर्यीकरण और सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। वहीं, सब्जी मंडी और अन्य इलाकों में सफाई और पेड़ों की कटाई के लिए संबंधित विभाग से बात कर काम जल्द शुरू होगा।प्रदीप प्रसाद ने कहा की हमारा प्रयास है कि हजारीबाग को एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाया जाए। झील और अन्य सार्वजनिक स्थानों को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन को निरंतर सक्रिय रहना होगा। मैं हर स्तर पर जनता की समस्याओं को उठाऊंगा और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।



# माननीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार श्री रामदास सोरेन ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

**झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी का किया उद्घाटन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** माननीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार रामदास सोरेन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चामरोम का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में माननीय मंत्री सर्वप्रथम सभी छात्राओं को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध कराई जाए इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस है बहुत जल्द ही राज्य में 80 और सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। माननीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा रास्ता है जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते है बल्कि देश व समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते है मौके पर माननीय मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने हेतु कार्य किया जाएगा। मौके पर उन्होंने हाल ही में जिले में शुरू हुए पंचायत ज्ञान केंद्र की तारीफ करते हुए सभी को इसका पूरा लाभ लेने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए फिलो एप के शुभारंभ की भी सराहना की व सभी छात्र छात्राओं से इसका लाभ लेने की अपील की। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने संबोधन में कस्तूरबा विद्यालय रामगढ़ छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि जिले की छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है जरूरत है सही माहौल की। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति के हिसाब से आने वाले अगले 15 साल महिलाओं के विकास के लिए बेहद खास है। इसलिए आप सभी मन लगाकर पढ़े अपना व अपने देश का नाम रोशन करें। मौके पर उन्होंने माननीय विधायक रामगढ़ द्वारा बालिका आवासीय विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के सुझाव पर तत्काल कार्य करने का आश्वासन दिया वहीं उन्होंने सभी बालिका आवासीय विद्यालय में मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शुरू करने को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं संगीत के क्षेत्र में भी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही।उद्घाटन समारोह के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ व गोला एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय दुलमी के छात्राओं द्वारा गीत, नृत्य नुक्कड़ नाटक सहित अन्य प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा दिया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री, विधायक, उपायुक्त सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त के अलावा 20 सूत्री उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र, प्रशासनिक अधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, अनुमंडल पदाधिकारी 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## क्षेत्र की खेल प्रतिभा को तलाशना और तराशना मेरा एक मूल उद्देश्य होगा : रोशन लाल चौधरी



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ड्रैगन बोट इंडिया एंड ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एंड ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 16 जनवरी से 19 जनवरी तक होना है प्रतियोगिता केरल राज्य के अलापुझा स्थित पुन्नमदा झील में आयोजित की जाएगी कार्यक्रम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे पतरातु के खिलाड़ियों का बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने उत्साहवर्धन किया साथ ही खिलाड़ियों को विधायक एवं पी.वी.यू.एन के सौजन्य से स्पोर्ट्स कीट प्रदान किया गया मौके पर विधायक ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नही बल्कि खेलो से बौद्धिक सह मानसिक विकास भी होता है। विधायक ने कहा कि प्रतियोगिता के लिए टीम कोच संतोष कुमार एवं पूजा कुमारी की निगरानी में रवाना होगी टीम में दिलेश्वर, दिवाकर, कमलेश,शंकर, रोहित,जुगेश,मुकेश,उमेश,पवन, सिकंदर,युगेश, अशोक, अजय, दिलीप,सुलेखा,मिल,सीमा, आशा, पुष्पा,ऊषा, प्रिया, सुगंती,बबिता, दीपिका, राधा,सावित्री,कविता, शिला,शामिल हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया किशोर कुमार महतो सतीश सिंहा,राहुल रंजन,राजू कुमार,चंदन कुमार, भुवनेश्वर महतो, इत्यादि मुख्य से उपस्थित थे।

### यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के गोल एनएच 23 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई।वहीं रविवार को जांच के दौरान 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 3 भारी वाहनों से जो टंडवा एनटीपीसी से फ्लैश( डस्ट) ले कर आ रही ओवर लोड के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 104300 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 3 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 104300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा

## ई-साक्ष्य ऐप,एमडीटी ( ईआरएसएस) एवं आईआरएडी के उपयोग के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बी एन एस एवं बी एन एस एस0में प्रावधानित अलग-अलग धाराओं में ईलेक्ट्रोनिक साक्ष्य संकलन हेतु ई-साक्ष्य ऐप के उपयोग किये जाने के संबंध में पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रामगढ़ स्थित सभागार में किया गया।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के निर्देशन में सोमवार को चंदन वत्स, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ सह- नोडल पदाधिकारी, सी0सी0टी0एन0एस0 के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को ई-साक्ष्य ऐप, एमडीटी ( ईआरएसएस) एवं आईआरएडी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इसका उपयोग / प्रयोग कैसे किया जाना है, यह सिखाया गया। प्रशिक्षण में सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी एवं थाना के अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा शेष बचे पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिनांक-15 जनवरी को दिया जाएगा।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एग्रीकल्चर मार्केटिंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एस आर शिक्षण समिति वाराणसी और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 13 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। जिसका विषय %एग्रीकल्चर मार्केटिंग% है।कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।सभी सम्मानित अतिथियों को एनसीसी कैडेट्स एवं विश्वविद्यालय के छात्रों ने झारखंड के सांस्कृति पर आधारित नृत्य कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीण किसानों को हार्दिक अभिननंदन एवं स्वागत किए।और उन्होंने कहा की ऐसे प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में किसान परिवार आत्मनिर्भर बन सकते हैं।विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विपिन कुमार पाठक , पन्नालाल मुर्मू एवं रामगढ़ महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने एग्रीकल्चर मार्केटिंग विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।प्रथम दिन की मुख्य प्रशिक्षक डॉ प्रियंका कुमारी ने विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं से अवगत कराया।कार्यक्रम के संचालन डॉ पूजा कुमारी जायसवाल ने किया।मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के जिला अध्यक्ष ने भुरकुंडा के क्षेत्रीय सहायक वनपाल पदाधिकारी से मुलाकात की



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के जिला अध्यक्ष सरफराज अहमद ने वन क्षेत्र कार्यालय भुरकुंडा के क्षेत्रीय सहायक वनपाल पदाधिकारी से मुलाकात की और क्षेत्र के जंगलों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने भुरकुंडा वन क्षेत्र में सोलर लाइट्स की स्थापना तथा आसपास के गांवों में सर्दी के मौसम को देखते हुए सुखा लकड़ी का वितरण करने की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कड़कनाथ मुर्गे और बतख के वितरण की मांग की, ताकि स्थानीय निवासियों को बेहतर पोषण और आय सृजन का अवसर मिल सके। इसके साथ ही, वन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि ठंड के मौसम में ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस मुद्दे पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए अहमद ने सहायक वनपाल से त्वरित कार्यवाही की अपील की। सहायक वनपाल ने आश्वस्त किया कि वह इन मुद्दों को वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लाकर जल्द ही उचित कार्रवाई करेंगे।

## रामगढ़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रामगढ़ कॉलेज इकाई के तरफ से रामगढ़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, देवी सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रामगढ़ नगर मंत्री नितेश कु. मोदी ने विवेकानंद जी की वृतांत यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि भारत प्राचीन काल से युवाओं का देश रहा है। स्वामी विवेकानंद जी ने युवा संन्यासी के रूप में मानव, मानवता और राष्ट्रीयता के लिए योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि युवा जिस ओर चलता है,जवानी उसी ओर चलती है और जवानी जिस ओर चलती है, जमाना उसी ओर चलता है। उन्होंने रामगढ़ कॉलेज में गिरती शिक्षा व्यवस्था पर बताया कि एक तरफ जहां लोग रामगढ़ महाविद्यालय को विश्विद्यालय बनाने की मांग करते है वहीं परिसर में छात्रों की कमी होना और महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के ना आने पर घोर चिंता व्यक्त की। अभाविप के रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष ने विकसित भारत के संकल्प लक्ष्य को पुरा करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश ने हमें बहुत कुछ दिया है, हम भी देश को कुछ देना सीखें। उन्होंने आने वाले तीन महीनों में विद्यार्थी परिषद के तरफ से की जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी लोगो से साझा की। कार्यक्रम में रामगढ़ नगर मंत्री नितेश मोदी, नगर खेलो भारत संयोजक श्रुति कुमारी, सह संयोजक कुमारी श्रुति, कॉलेज अध्यक्ष प्रीतम प्रजापति, कॉलेज सह मंत्री अनुष्का भगत,मोंटी कुमार, कॉलेज उपाध्यक्ष जीत कुमार व रानी कुमारी, कॉलेज एसएफडी संयोजक लक्ष्मी कुमारी व आकाश कश्यप, कॉलेज एस.एफ.एस संयोजक जालंधर प्रजापति व सिया रानी, सोनम कुमारी व विकी वत्स पांडे उपस्थित थे।

## विधायक ममता देवी ने गोला प्रखंड परिसर में छात्र छात्राओं के बीच साईकिल व बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड परिसर में रामगढ़ विधायक ममता देवी ने छात्र छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया साथ ही ठंड को देखते हुए बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण भी वितरण किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम को संबंधित करते हुए स्थानीय विधायक ममता देवी ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा छात्र छात्राओं के प्रति गंभीर और संवेदनशील हैं इसी के तहत आज सभी स्कूलों के बच्चों को समय पर हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है चाहे वो छात्रवृति हो या बैग किताबें सभी समय पर दिया जा रहा ताकी बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सके। विधायक ममता देवी ने आगे कहा कि आज सरकारी स्कूल के बच्चे प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से कही न कही आगे बढ़ चढ़ कर पढ़ाई कर रहे हैं अपने मां पिता का नाम रोशन कर रहे साथ ही अच्छे संस्थानों में जा कर विभिन्न पदों में अपना भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर अन्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुधा वर्मा गोला प्रमुख गीता देवी जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन व सरस्वती देवी अन्य अतिथियों के द्वारा भी छात्र छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, कमाल शहजादा,बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो, मानिक पटेल, सुनील कुशवाहा, गुलाम सरवर, प्रीतम झा, कौसर रजा सहित कई गणमान्य लोग व प्रखंड और अंचल के सभी पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## उरीमारी एवं न्यू बिरसा के विस्थापितों ने एसपी हजारीबाग से किया मुलाकात, दी नव वर्ष कि बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना एवं न्यू बिरसा परियोजना से जुड़े विस्थापित नेताओ ने सोमवार को हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष कि बधाई दी। वहीं विस्थापित नेताओ ने पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से उरीमारी क्षेत्र से संबंधित कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सकारात्मक वार्ता कि। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के हजारीबाग जिला आगमन पर मुलाकात में कहीं गई बात सही साबित होती नजर आ रही है। उन्होंने पुरे जिले को भय मुक्त करने कि बात कही थी। विगत दिनों पुलिस द्वारा कि गई कार्रवाई को पुरे जिले भर के लोगों ने सराहा है। वहीं पुलिस कि कार्यशैली सराहनीय है। वहीं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात करने वालो में झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,विसमो सचिव महादेव बेसरा, पुर्व पंचायत समिति कानू मरांडी आदि लोग मौजूद थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में मनमोहक कार्यक्रम के साथ लोहड़ी व मकर संक्रांति मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शहर के रामगढ़ जिला में स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर विद्यालय में लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर की लोहड़ी व मकर संक्रांति के थीम पर सजावट की गई थी। सजावट के चलते परिसर काफी आकर्षक लग रहा था। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रशासक एस पी सिन्हा ने अग्नि की परिक्रमा की तथा उसमें मूंगफली, रेवड़ी और मक्का की खील की आहुति देकर मंगल कामना की। साथ ही साथ बच्चों को बताया गया कि नई फसल के आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह लोहड़ी का पर्व भारत की रंग बिरंगी - संस्कृति का परिचायक है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर छात्राओं ने ढोल की थाप पर सामूहिक नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने विद्यालय के बच्चों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी बच्चों,अभिभावकों एवं विद्यालय कर्मचारियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

## 100 दिवसीय निक्षय शिविर के तहत संध्या चौपाल का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 100 दिवसीय निक्षय शिविर कैम्पेनिंग कार्यक्रम के तहत आज सिरका वार्ड सदस्य वार्ड नंबर 17 अन्नू विश्वकर्मा के आवास पर संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। संध्या चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय को टी बी मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरूक किया गया और उच्च जोखिम वाले जैसे टी बी के मरीज के सम्पर्क वाले, स्मोकिंग करने वाले, शराब पीने वाले, 60 वर्ष के उपर के व्यक्ति,सुगर के मरीज, कुपोषित व्यक्ति तथा टी बी के लक्षण वाले मरीज जिसे लगातार खांसी आता हो,या बुखार आता हो,वजन कम होता हो या रात में सोते समय पसीना आता हो उपरोक्त सभी व्यक्ति या लोगों का टी बी विभाग द्वारा निशुल्क एक्सरे जांच, बलगम जांच एवं फ्रि दवा के साथ 1000 रुपए मासिक मरीजों पोषण के लिए एकाउंट में ट्रांसफर किया जाता है।जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा स्वराज ने संध्या चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय को टी बी मुक्त भारत/ रामगढ़ से पर चर्चा करते सभी लोगों को आश्वासन दिया कि कोई भी टी बी लक्षण या उच्च जोखिम वाले व्यक्ति को टी बी कि बलगम जांच एवं चेस्ट एक्सरे निशुल्क जिल यक्ष्मा विभाग में किया जा रहा है।" आज आपके आने से लोगों को बहुत जानकारी मिली। आपको वार्ड एरिया के लोगों के तरफ से धन्यवाद देते है। संध्या चौपाल में अरविंद, रूपलाल ठाकुर, सुशांत गौरव, अर्पिता परासर और सभी सहिया उपस्थिति थी।

## पूनदाग टोल प्लाजा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा दिवस मनाया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं हजारीबाग रांची एक्सप्रेस वे लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पूनदाग टोल प्लाजा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। आज कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय पदाधिकारी एन एल योतकर ,परियोजना निदेशक , एकता कुमारी , मनोज पांडे , ट्रैफिक प्रभारी रामगढ़ गजेंद्र पांडे, परियोजना प्रमुख चेतन मलबाड़ी , सौरभ सिंह भदौरिया, सौरभ मिश्रा, अमित प्रकाश, जितेंद्र कुमार, जमाल खान, राजेश वर्मा, रंजीत ठाकुर और अनेक राहगीरों के साथ-साथ परियोजना के भारी संख्या में कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है जिसमें जान माल की हानि होती है इसलिए वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं. जिसे देखते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लोगों से वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलाने सहित हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की गई ।सड़क सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई ।इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में कमी लाना है। सभी राहगीरों के लिए मुफ्त में आंखों की जांच शिविर लगाई गई। दुर्घटनाओं में कमी हो इसको लेकर कंपनी की तरफ से मुफ्त में हेलमेट भी बांटी जा रही थी।

# रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ समापन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024- 25 का मैच रामगढ़ दामोदर इनडोर बैडमिंटन हॉल छावनी परिषद रामगढ़ में खेला गया जिसे संपन्न कराने में रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी बैडमिंटन के संयोजक रोहित कुमार एवं ट्रेनर आकाश कुमार झा का मुख्य भूमिका रहा मेंस डबल में,फाइनल मैच के मुख्य अतिथि गुरुगोविंद सिंह सभा रामगढ़ के प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा एवं छावनी परिषद के अभियंता पिंटू कुमार रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानव सचिव अरुण कुमार राय की उपस्थिति में विजेता उपविजेता को ट्रॉफी प्रदान किया गया रामगढ़ जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा प्रमाण पत्र जितने भी खिलाड़ी पार्टिसिपेशन किए थे सभी को प्रदान किया गया है रामगढ़ जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष दुष्यंत पटेल जी के द्वारा दिया गया !मेंस डबल में सागर कुमार एवं ऋषिकांत कुशवाहा ने विक्रम कुमार एवं प्रियांशू रंजन को हरा कर 2024-25 का विजेता बना,अंडर - 19 में ऋषिकांत कुशवाहा ने दीपादित्य को 21/10 ,18/21 एवं 21/16 हरा कर फाइनल जीता,अंडर-17 में दीपादित्य ने रुद्रांश रंजन को 21/13, 16/21 एवं 21/18से हरा कर बने चैंपियन मेंस सिंगल में,सागर कुमार ने ऋषिकांत कुशवाहा को 21/13 एवं 21/15 से हरा कर जीत हासिल किया,सागर कुमार को मिला दोहरा खीताब मेंस सिंगल और मेंस डबल में बने चैंपियन,अंडर -19 गर्ल्स कशिश कुमारी एवं अपूर्वा अनन्य ने खुशी कुमारी एवं अपूर्व शर्मा को फाइनल में हराकर जिला चैंपियन बनी.स्कोर 15/9 एवं 15/8 रहा था।बैडमिंटन टूर्नामेंट को संपन्न कराने में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानदसचिव अरुण कुमार राय की देखरेख में उक्त टूर्नामेंट चल रहा है। इस मौके पर उपस्थित खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी डॉ मनीष केसरी संजय वर्मा भोला कुमार, हिरोज प्रताप सिंह, विनीत कुमार, सुशील सिंहा अंकुश कुमार, रुद्रांश कुमार, कशिश रानी हर्ष जैन प्रवीण जैन सुशील सिंह निखिल कुमार रामजी सिंह शशि कुमार विक्रम कुमार प्रियांशु कुमार सागर कुमार आयुष कुमार गौरव अग्रवाल ऋतुल कुमार बृजेश तिवारी अपूर्वा अनन्या तृषा कुमारी इत्यादि सैकड़ों खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## जतरा मेला की तैयारी को लेकर निरीक्षण करने पहुँचे बजरंग महतो



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला प्रखंड के बरियातू में होने वाले जतरा मेला 16 एवं 17 जनवरी की तैयारी को लेकर स्थल का निरीक्षण करने पूर्व रामगढ प्रत्याशी बजरंग महतो पहुँचे। टुसू जतरा मेला की तैयारी पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष बरियातू जतरा मेला और भी सुंदर भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर मेला समिति के लोगों को काम में तेजी लाकर समय सीमा के अनुसार मेले की तैयारी को पूरी कर दे, ताकि बाहर से आने वाले झूला, खिलौने वाले, मेले में मिठाई कीदुकान, मनिहारी की दुकान, मीना बाजार तरह-तरह की जो व्यापारी लोग की मेला में आते हैं उन्हें किसी तरह की कोई असुविधा न हो। लोग इस मेले में आकर मेले का आनंद ले सके। तैयारी पर मुख्य रूप से सुनील राज चक्रवर्ती, मनोज पुझर, वकील सिंह, वासुदेव प्रसाद, प्रेम सोनी, धिरेन कुमार, बल्लू कुमार, तुलसी दास महतो, विश्वजीत कुमार, उपेंद्र सिंह, गिरी महतो, दिनेश कुशवाहा, सहित कई लोग मौजूद थे।

**GOVT. OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**
**(2nd Call)**

**Very Short-Inviting E-Quotation No. 09/2024-25**

**Letter No. 19** **Dated-13.01.2025**

Rate though e-quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P. AC Solar Pump Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for Inclusion Estimates Under Minor Irrigation Circle, Hazaribagh, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 16.01.2025 2:00 P.M to 22.01.2025 at 5:00 P.M. The technical envelope will be opened on 24.01.2025 at 12:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at per the lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Circle, Hazaribagh.

Address for Communication: -
Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma
Mobile No. :- +91 99391 93214,Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division,**
**Koderma**

PR 344184 Minor Irrigation(24-25)#D

## कार्मल स्कूल के मुद्दे पर दिल्ली में होगी बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद समेत अन्य जिलों के साथ साथ आसनसोल में भी कार्मल स्कूल, डिगवाडीह, धनबाद में 10 वीं की छात्राओं की शर्ट प्राचार्या द्वारा उतरवाने का मुद्दा जोरदार तरीके से गूंजा। आसनसोल में ब्यूटी पेजेंट आयोजित था। बंगाल और झारखंड के प्रतिभागी थे। पत्रकार प्रीति पूजा मुख्य अतिथि थीं। दिल्ली निवासी पत्रकार प्रीति पूजा जो मूलतः धनबाद की हैं, ने कहा कि डिगवाडीह, धनबाद स्थित कार्मल स्कूल की छात्राओं के मुद्दे को राष्ट्रीय फलक पर ले जायेंगी।



## द्वारिका मेमोरियल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईएसएम के पेनमेन हॉल में आईआईटी आईएसएम के वार्षिकोत्सव उम्मीद में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमे करीब 60 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इसी के तहत विज्ञान प्रदर्शनी में द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी, बिशनपुर, धनबाद के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवम वर्ग के छात्र आदित्य झा,अभिमन्यु वर्मा, हर्ष कुमार, हिमांशु कुमार ने बोरवेल रेस्क्यू रोबोट एवं ट्रांसमिशन लाइन फाल्ट डिटेक्शन सिस्टम बनाया, जिसे निर्णायक मंडली ने सराहा एवं सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया। नवम वर्ग की छात्रा इशिका कुमारी ने गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह, प्राचार्य मदन कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी और विज्ञान के ऐसे प्रोजेक्ट को जिला एवं राज्य स्तर पर आगे ले जाने के लिए उत्साहित किया।



## रैली एवं कब बुलबुल उत्सव के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत स्काउट एंड गाइड के डिस्ट्रिक्ट डेन में सोमवार को रैली एवं कब बुलबुल उत्सव के तीसरे दिन विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजित हुआ, जिसमे मुख्य आकर्षण फुड प्लाजा रहा। फुड प्लाजा का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप मे आए हुए ईसीआरडब्ल्यूडब्ल्यू की अध्यक्षा गरिमा सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेश में बनाए जाने वाले व्यंजन जैसे ईटली संम्बर, बंगाल का पायेस रसगुल्ला, बिहार का लिट्टि चोखा, धोकला फाफड़ा आदि बच्चो द्वारा बनाये गए। तत्पश्चात रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिता का मुल्यांकन ईसीआरडब्ल्यूडब्ल्यू के सदस्याओं द्वारा किया गया। विभिन्न ग्रुप से आये हुए कब बुलबुल, स्काउट गाईड, रोभर रेन्जरो द्वारा पेजेन्ट सो के माध्यम से भारतीय संस्कृति कि झलकियां दर्शाया गया। मुख्य अतिथि के रुप मे आये हुए ईसीआरडब्ल्यू डब्ल्यू की अध्यक्षा व उनके सारे सदस्याओं ने सभी कार्यक्रम का सराहना किया। साथ ही बच्चो के सफल एवं उज्जवल भविष्य कि कामना की।




## पिंटू पासवान को सोनू सूद ने किया सम्मानित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलकाता में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद के भारतीय कोल माइनिंग एवं हैवी ड्राइविंग क्षेत्र के उभरते सितारे कृष्णा टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर पिंटू पासवान को बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद द्वारा स्टार्ज अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के माध्यम से पिंटू पासवान की मेहनत और संघर्ष को सराहा गया। सोनू सूद ने समारोह में अपने भाषण में कहा जब किसी व्यक्ति का काम समाज के हित में होता है, तो वह न केवल सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज में भी सम्मानित होता है। वहीं पिंटू पासवान ने अपनी इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, सहकर्मियों और उन सभी लोगों को दिया, जिन्होंने उनके सफर में उनका साथ दिया।




## न्यू जोहरी बाजार व बीएलबीएल में 11 से 15 जनवरी तक द ग्रेट डायमंड फेस्टिवल का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को सरायढेला स्थित आभूषण व कपड़ा प्रतिष्ठान बीएलबीएल में प्रेस वार्ता आयोजित कर सीनियर मैनेजर रूपेश कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी न्यू जौहरी बाजार बैंक मोड़ और बीएलबीएल सरायढेला में द ग्रेट डायमंड फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस ऑफर में ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर 20त्न की छूट मिलेगी, साथ ही डायमंड ज्वेलरी के डिस्काउंटेड बिल वैल्यू का 5त्न गिफ्ट वाउचर मिलेगा, जिसे कपड़ों के सेक्शन में भुनाया जा सकेगा। बताया कि यह ऑफर 15 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी 2025 तक चलेगा। यह ऑफर दोनों स्टोर में चलेगा। ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रतिष्ठान सातों दिन खुले रहेंगे। झारखंड में पहली बार 925 स्टर्लिंग सिल्वर ज्वेलरी की पूरी रेंज पेश की गई है, जिसे देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। ऑफर का लाभ उठाने के लिए स्टोर पर जाना होगा। डिजाइनर लहंगे, साड़ी, कुर्तियां और गाउन, सूट, वेस्टर्न ड्रेसेस की विस्तृत रेंज यहां उपलब्ध है। डिजाइनर की मदद से सिलाई की सुविधा भी है। यह स्टोर कुंदन, अनकट पोल्की, जड़ाऊ, एंटीक, प्लेनगोल्ड, टर्की, पन्ना, प्लेटिनम और कई अन्य के उत्कृष्ट संग्रह का केंद्र है। यहां पुराने गोल्ड एक्सचेंज और जर्मन कैरेटोमीटर से मूल्यांकन पर पूरी पारदर्शिता की सुविधा है।स्टडेक्स इंडिया द्वारा कान छिदवाने का काम बहुत सावधानी से किया जाता है। एकानी और मोमेंट्ज़ की ओर से उपहार वस्तुओं का सबसे बड़ा संग्रह। हम एमएमटीसी सिक्कों के अधिकृत विक्रेता हैं। स्टोर मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि खरीदारी छोटी हो या बड़ी, न्यू जौहरी बाजार और बुलाकी लाल बलरामलाल एंड संस में हार्दिक स्वागत है।



## आशाएं महिला समिति के रक्तदान शिविर में 28 यूनिट रक्त संग्रह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार 13 जनवरी को सर्वधर्म सामूहिक विवाह के उप लक्ष्य में आशाएं महिला समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 28 यूनिट रक्त, उपस्थित ब्लड बैंक के स्टाफ के सहयोग से जरूरतमंदों के लिए संग्रह की गई। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने जानकारी दी की आगामी 15 जनवरी को 101 जोड़े की विवाह सभी धर्मो के बालिग बच्चे एवं बच्चियों की होने जा रही है। विवाह की सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। विवाह में झारखण्ड विद्यानसभा के अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो, धनबाद सांसद, धनबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी विधायक व सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के पहुंचने की संभावना है। विवाह में जयमाला की मंच 180/30 फीट की तैयार हो चुकी हैं। इस मंच पर 101 सोफा लगाया जा रहा हैं। 40 मंडप शादी के लिए लगाया जा रहा है। सभी जोड़े को घर की जरुरत की सामान उपहार स्वरूप दी जायगी 10 हजार बारात व सरात के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है।



# कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने जरुरतमंदों को दिये कंबल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कांग्रेस नेत्री सह धनबाद लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर में ठंड से ठिठुरते असहाय व बेसहारा महिलाओं, वृद्धों, जरूरतमंदों के बीच 200 से अधिक कंबलों का वितरण किया जो आगे भी जारी रहेगा। अनुपमा सिंह ने बेरमो जाने के क्रम में फुटपाथ पर सो रहे निर्धन, अनाथ, असहाय लोगों को गाड़ी रोक-रोक घर अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इसलिए वो सेवा भाव से गरीबों की सहायता कर रहीं हैं। उन्होंने कहा की सेवा के लिए धन के बजाए श्रद्धा की जरूरत होती है। सच्ची भावना से की गई सेवा ही असली सेवा होती है। वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्तार खान, सतपाल सिंह ब्रोका, किशोर कुमार, जितेश सिंह, मनोज सिंह, संतोष चौधरी, गुड्डू खान, मो फैज, नयन चक्रवर्ती, शिव शंकर सिंह, इम्तियाज अंसारी, मनोहर हुसैन, कयूम खान, विक्की कुमार, रामविलास राम, विक्की कुमार आदि मौजुद थे।



# सद्दाम हुसैन ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने जरूरतमंदों के बीच शिविर लगा कर कंबल वितरण किया। सद्दाम हुसैन ने बताया कि हमारे क्षेत्र में बहुत से गरीब असहाय लोग हैं जिसे कंबल की आवश्यकता है। उसी को देखते हुए एक बार फिर से हम लोग कंबल वितरण कर रहे हैं। इससे पहले भी हम लोगों ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए थे और आज भी वितरण कर रहे हैं। कुछ लोगों को अभी भी कंबल की आवश्यकता है, उन्हें चिन्हित कर फिर से एक बार शिविर लगाकर कंबल वितरण किया जाएगा। कंबल प्राप्त कर बुजुर्गो ने सद्दाम हुसैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिस्टर खान, शाकिब अंसारी, आशिक शाह, आमिर अंसारी आदि लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

# एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने की विशेष सहयोग की किया घोषणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने राजपूत कल्याण मंच और राजपूत एकता मंच के साथ मिलकर एक विशेष सहयोग की घोषणा की है, जिसके तहत मंच के सदस्यों को स्वास्थ्य सेवाओं में कई महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलेंगी। इस सहयोग के तहत, मंच के सदस्य और उनके परिवारजनों (पिता, माता, पत्नी, बच्चे) को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष छूट प्राप्त होगी। सदस्यों को ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) और आईपीडी (इन-पेशेंट डिपार्टमेंट) पर 20त्न की छूट दी जाएगी, जिससे वे बेहतर उपचार प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, रेडियोलॉजी सेवाओं पर भी 20त्न की छूट मिलेगी, जिससे सदस्य उच्च गुणवत्ता वाली जांच सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। विशेष रूप से, अस्पताल द्वारा 15 किलोमीटर के दायरे में मुफ्त एम्बुलेंस सेवा भी प्रदान की जाएगी, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। यह सहयोग राजपूत समाज के स्वास्थ्य को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस पहल से न केवल राजपूत समुदाय के लोग बल्कि समाज के अन्य वर्गों को भी एक बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा।

## 1135 पदों के लिए होगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 का आयोजन 1135 पदों के लिए किया जा रहा है। वैसे इच्छुक सभी अभियार्थी जो इस मेला में शामिल होना चाहते है वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ शामिल हो सकते है। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 दिनांक - 17 जनवरी 2025 को ओफिसर्स क्लब सिंदरी (रोहड़बाँध), सिंदरी (धनबाद)-828122 में पूर्वाह्न 10ः00 से अपराह्न 04ः00 तक रहेगी। अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है। रोजगार मेला में 09 हजार महीना से लेकर 35 हजार तक की नौकरी मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। इस रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है।

## Government of Jharkhand
## District Health Society, Simdega
## Civil Surgeon Cum C.M.O. Simdega
## Simdega, Jharkhand.

Mail ID: cs.simdega@gmail.com, cs.simdega2@gmail.com

Tender Notice No.________________/Date: ________________/

**Very Short Tender notification procurement system**

- Civil Surgeon Cum C.M.O. Simdega, District Health Society, Simdega, Jharkhand invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through e-tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for DIFFERENT KINDS OF OFFICE MATERIALS required in DISTRICT HEALTH SOCIETY, SIMDEGA.**

The Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http:// jharkhand tenders.gov.inand should be submitted through e-procurement system only.

The eligible bidders willing to participate must necessarily are registered in e-Procurement portal www. simdega.nic.in / www.jharkhandtenders.gov.in

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contract for different kinds of Office Materials required in DISTRICT HEALTH SOCIETY, SIMDEGA. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 10/01/2025 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On 20.01.2025 latest by 03.00 P.M. |
| 4 | Pre-Bid Meeting for discussion on various technical issues regarding term & conditions, specification Etc | 13/01/2025 By 11:00 AM |
| 5 | Date/Time for receipt of bids | 20/01/2025 By 3:00 PM |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.20000/- (Rs. Twenty Thousand) |
| 8 | Earnest Money Deposit (EMD) & Hard Copy of Technical Bid should be Submitted In Office of Civil Surgeon-cum-CMO Simdega | Last Dated of Hard Copy Documents Submission Time: 03.00 PM Dated 20/01/2025 |

Note-: The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.

Detail Tender document can be seen and apply through Departmental website- http://simdega.nic.in/www.jharkhandtenders.gov.in only. Hard copies of technical bid , price bid & EMD will be entertained .

Tender notification & Tender document can also be seen (only reading purpose) from the departmental website www.simdega.nic.in / jharkhandtenders.gov.in

Civil Surgeon Cum C.M.O.
District Health Society, Simdega, Jharkhand

PR.NO.344233 Simdega(24-25):D

## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, रामगढ़

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11 / 2024–25**

1. निविदादाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.01.2025 को कार्यालय अवधि तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 23.01.2025 को कार्यालय अवधि तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.01.2025 को 03:30 बजे अपराह्न ।
8. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र०सं० | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोला | संग्रामपुर | पंचायत संग्रामपुर ग्राम बावलीग में आंगनबाडी निर्माण। | 2416900 | 49000 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 2 | माण्डू | आरा उत्तरी | बघलता बस्ती में ऑगन बाडी केन्द्र नव निर्माण | 2116900 | 43000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 3 | गोला | कोराम्बे | ग्राम कोराम्बे को जेहराटोला में पुलिया निर्माण। | 1242500 | 25000 | 2,500.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | गोला | कोराम्बे | ग्राम– कोराम्बे के बोनछेर टोला में सिदाम ठाकुर के घर व्यय के सामने पुलिया निर्माण। | 4412900 | 89000 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 5 | गोला | गोला | ग्राम गोला, अग्रवाल टोला स्थित गोमती पुल पर सीढ़ी निर्माण। | 2496200 | 50000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 6 | पतरातू | बारीडीह | पंचायत बारीडीह ग्राम–जोबो से लोवाडीह करमा टोला राजेश बेदिया के घर तक पी. सी.सी. पथ निर्माण। PHASE - IV | 4711200 | 95000 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 7 | रामगढ़ | कुरूम बाभन टोला | कुरूम बाभन टोला बर पेड़ के पास चबूतरा निर्माण । | 963700 | 20000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 8 | रामगढ़ | दोहाकातू | रामगढ़ पंचायत– दोहाकातू के लोलो चौक से लेकर बगीचा टोला लोलो तक पी. सी.सी पथ निर्माण । PHASE - II | 2078200 | 42000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 9 | गोला | सरगडीह | प्रखण्ड गोला, पंचायत सरगडीह के ग्राम– उलादाका के परनु महतो के घर से ग्राम– सरगडीह के शंकर महतो के घर तक पी. सी. सी पथ एवं सरना स्थल के सामने पुलिया निर्माण। Phase-2 | 3052400 | 62000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 10 | गोला | हेठ बरगा | प्रखण्ड गोला, ग्राम हेठ बरगा, लगन कुम्हार के घर से शमशान घाट तक पथ निर्माण। | 2994100 | 60000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 11 | दुलमी | प्रियातु | ग्राम भालू के पुराना स्कुल से प्रमोद महतो के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 3575000 | 72000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 12 | चितरपुर | मायल | प्रखण्ड चितरपुर, ग्राम मायल में लखी तालाब के बगल में सामुदायिक भवन एवं शौचालय निर्माण PHASE- II | 2244500 | 45000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |

10. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9801557645
11. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
12. परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ आचरण प्रमाण पत्र एवं निबंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा ।
14. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।

PR.NO.344229 District(24-25):D

## Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)

(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no: -22 dated: -13-01-2025

**SHORT NOTICE INVITING TENDER Re-Tender (6th Time)**

(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)

NIT No.- JIIDCO/22/2024-2025

Designation and Address of the Advertiser: - Chief Engineer, Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- **Online through** www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 16.01.2025 Time: 11.00 A.M.
3. Period downloading of Bidding Documents: - Date 16.01.2025 Time 11.00 A.M. to 22.01.2025 Time 3:00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 16.01.2025 Time 11.00 A.M. to 22.01.2025 Time 3:00 P.M
5. Bid opening date :- Date 24.01.2025 Time: 3.30 P.M.
6. Details of works :-

| Bid No. | NIT/Tender reference No- | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rs. In Crore) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | JIIDCO/22/2024-25 | Remaining work of Lah Processing Unit at Bundu, Ranchi. | 84,49,765.00 | 1,69,000.00 | 11,800.00 | 03 months |

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in. **portal.**

Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.

No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.

8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 7004785102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website: - www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note:** (i) Any change can be seen on website www.jharkhandtenders.gov.in
(ii) Any other information can be seen on www.jharkhandtenders.gov.in
(iii) The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.

PR.NO.344243 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(24-25):D — Sd/- Chief Engineer JIIDCO Ranchi

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

**ई०-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–RE-01/RDSD/RAMGARH/07/2024-25(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /03/2024-25 | पतरातु | कोतो | ग्राम+पंचायत–कोतो में बिहारी महतो के घर से कोयल जरवा होते हुए आंगनबाडी केन्द्र तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 5115545 | 103000 | 10000 | 05 (पाँच माह) |
| 2 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /04/2024-25 | पतरातु | टोकीसुद | टोकीसुद पारगढ़ा मुख्य पथ से ओएनजीसी मंडाटांड तक पथ निर्माण। | 4615302 | 93000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 3 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /06/2024-25 | पतरातु | चिफहाऊस | ग्राम चिफहाऊस रिभर साईड शंकर तुरी के घर से नरेश पासवान के घर तक पी०सी०सी० पथ एवं पुलिया निर्माण। | 4975954 | 100000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 4 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /09/2024-25 | दुलमी | ईचातु | ग्राम– देवदीप महतो के घर से ईश्वर महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 6247000 | 124000 | 10000 | 05 (पाँच माह) |
| 5 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /11/2024-25 | गोला | हेरमदगा | ग्राम– हेरमदगा में गोला ब्लॉक के बगल से कालीकरण रोड़ से बजरंग बली मंदिर होते हुए संजय साव के घर तक पी०सी०पी० पथ निर्माण। | 603500 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 6 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /12/2024-25 | गोला | कुम्हरदगा | ग्राम– कुम्हरदगा गन्दौरी महतो के घर से कोचा खोर होते हुए गायत्री मंदिर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 932700 | 19000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 7 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /13/2024-25 | माण्डू | माण्डूडीह | ग्राम+पंचायत– माण्डूडीह के सुण्डी टोला में रामसेवक साव के घर से लेकर राजेन्द्र प्रसाद घर के सामने तक पथ एवं नाली (स्लैब) सहित निर्माण। | 2454700 | 50000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 8 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /14/2024-25 | चितरपुर | लारीकलां | प्रखण्ड– चितरपुर, ग्राम– लारीकलां में बुढ़ा आखरा से काली मंदिर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1827700 | 37000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 9 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /16/2024-25 | पतरातु | बुध बाजार दोतल्ला | जुबली महाविद्यालय से पुराना थाना मोहल्ला होते हुए पोस्ट ऑफिस तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 6534600 | 131000 | 10000 | 05 (पाँच माह) |
| 10 | RDSD/RAMGARH /DMFT /17/2024-25 | गोला | चाड़ी | प्रखण्ड– गोला, पंचायत– चाडी, ग्राम– शिव नगर NH रोड़ से इन्द्रदेव पाठक के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2471900 | 50000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 11 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /19/2024-25 | गोला | कुम्हरदगा | प्रखण्ड– गोला, ग्राम+पो०– कुम्हरगा के आर०ई०ओ० रोड़ गंदौरी महतो के घर से लेकर लाल किशुन महथा के धर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 2583600 | 52000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 12 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /23/2024-25 | माण्डू | कीमो | पंचायत– कीमो के ग्राम– हरली के टोला– डूमरबेड़ा में गोपल महतो के घर से नव प्राथमिक विद्यालय तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2800900 | 57000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 13 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/DMFT /25/2024-25 | माण्डू | बसंतपुर | बसंतपुर पंचायत में उदय ठाकुर के घर से सतनदिया तुलसी महतो के कुआँ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (Part-A) | 7006700 | 141000 | 10000 | 05 (पाँच माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 16.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.01.2025 से 24.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 27.01.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 344135 Rural Work Department (24-25)_D

# सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम को लेकर लोहरदगा जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जन जागरण कार्यक्रम के तहत समाहरणालय मैदान से लोहरदगा बालिका उच्च विद्यालय, चुन्नीलाल हाई स्कूल आदि स्कूल के तकरीबन 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर मैंना बगीचा, पावरगंज चौक, वीर शिवाजी चौक होते हुए महिला कॉलेज परिसर में समाप्त हो गई। हाथ में तख्ती लिए जिसमें लिखा हुआ था, हेलमेट पहने /सीट बेल्ट पहने जीवन को सुरक्षित रखें,ड्रंक एंड ड्राइव जानलेवा है, रफ ड्राइविंग मृत्यु का कारण हो सकता है, नाबालिकों को अभिभावक वाहन नहीं दें, दुर्घटना के रोकथाम के लिए अभिभावक भी ध्यान दें, दुर्घटना रोड रोकने के लिए सिविल सोसाइटी भी आगे बढ़े, सदैव बाईं ओर चलें, एंबुलेंस को पहले साइड दें,घायलों को अस्पताल पहुंचा कर नेक नागरिक का परिचय दें,वन मिस्टेक गेम ओवर आदि लिखे हुए थे तथा नारा भी लगा रहे थे। कार्यक्रम से पूर्व सभी लोगों ने सड़क सुरक्षा के कायदे कानून पालने की शपथ ली। प्रभात फेरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलिमा टोप्पो,मोटर यान निरीक्षक गौतम गौरव व समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं इन लोगों ने विद्यार्थी व आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में तकरीबन एक लाख अस्सी हजार की मौतें सड़क दुर्घटना में हो रही है जिसमें 18 से 35 वर्ष के उम्र के 65त्न लोग है जो बेहद चिंताजनक है। विद्यार्थी अपने परिजनों जो कि बगैर हेलमेट पहने घर से निकलते हैं तो आप उन्हें हेलमेट पहनने को बाध्य करें, सड़क दुर्घटना रोकने के लिए विद्यार्थियों की भूमिका अहम है, दुर्घटना की रोकथाम के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम जन की भी उतनी ही जिम्मेवारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोड एनालिस्ट इंजीनियर कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मरांडी, सुशील कुमार सिंह, जितेंद्र मित्तल आदि की अहम भूमिका रही।

## बैठक में आगामी 17 जनवरी को बलिदानी पांडेय गणपत राय की जयंती कार्यक्रम को लेकर की विस्तृत चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के बलिदानी पांडेय गणपत राय स्मारक समिति भौंरो की बैठक रविवार को डा. वंदना राय की अध्यक्षता में स्मारक स्थल परिसर भौंरो में हुई। जिसमें आगामी 17 जनवरी को बलिदानी पांडेय गणपत राय की जयंती कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बलिदानी पांडेय गणपत राय स्मारक समिति भौंरो के अध्यक्ष डा. वंदना राय ने कहा कि बलिदानी पांडेय गणपत राय की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाना है। जिसमें प्रखंड व जिला प्रशासन की सहयोग जरुरी है। इस दौरान उन्होंने स्मारक स्थल की साफ-सफाई, विकास मेला सहित कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के कृषि एवं पशुपालन विभाग के मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की एवं कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सहित जिला प्रशासन को निमंत्रण भेजने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर मुखिया सुमंती तिग्गा, उमेश प्रजापति, राजू साहू, मीना देवी, लालदेव प्रजापति, उमेश साहू, प्रकाश कुमार द्वीप, रामेश्वर प्रजापति, अख्तर अंसारी, सूरज लोहार, सुभाष कुमार साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 18 जनवरी को कैरो बाजार तांड़ में प्रशिक्षण-सह रोजगार मेला का होगा आयोजन : वीरेन्द्र महली



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 जनवरी 2025 शनिवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत कैरो बाजार टांड में प्रशिक्षण-सह रोजगार मेला का होगा आयोजन। मामले पर जानकारी देते हुए कैरो पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र महली ने कहा प्रखंड के वैसे युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है और वे बेरोजगार हैं उन्हे मुख्यमंत्री सारथी योजना दीनदयाल उपाध्याय कौशलकेंद्र के तहत होटल मैनेजमेंट, सिलाई, इलेक्ट्रीशियन, की प्रशिक्षण देकर उन्हे रोजगार मुहैया कराया जाएगा। उनहोंने ने कहा कि 90-120 दिनो का प्रशिक्षण, महिला/पुरुष के लिये निःशुल्क आवासीय सुविधा, शुद्ध एवं पोषण युक्त भोजन, प्राथमिक चिकित्सा एवं डाक्टर की सुविधा प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को उप्लब्ध करायी जायेगी। मुखिया वीरेंद्र महली ने प्रेस के माध्यम से अधिक-से-अधिक प्रखंड के युवाओं को रोजगार मेला में उपस्थित होकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं लाभ उठाने की बात कही है।

## चौकीदार संघ के सदस्यों ने अंचलाधिकारी से किया शिष्टाचार मुलाकात



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल क्षेत्र में कार्यरत चौकीदार संघ के सदस्यों ने अंचलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर गुलदस्ता दिया। वही चौकीदारों ने चौकीदार वफादार संघ के जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महली के नेतृत्व में मुलाकात कर चौकीदारों ने क्षेत्र के गति विधि और कार्यो के बारे में अंचलाधिकारी को जानकारी दिया। वही अंचलाधिकारी ने चौकीदारों से बिट के बारे में पूरी जानकारी लेते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा निर्गत नोटिश को ससमय तामिला करने और अपराधी प्रवृति के लोगों पर कड़ी नजर रखने तथा प्रशासन को त्वरित सूचना देने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि सभी चौकीदारों को वर्ष में दो बार बर्दी भत्ता व वेतन भुगतान समय पर किया जायेगा। मौके पर सुजीत उरांव, नेजावत अंसारी, रामेश्वर उरांव, वासदेव उरांव, प्रतिमा देवी, वीणा देवी, संदीप उरांव, सत्यनारायण महली, बिफई उरांव, पचोला देवी, चंद्रदेव उरांव, रामचन्द्र महतो, सुधन महली, बुधुवा उरांव समेत अन्य दफादार चौकीदार संघ के सदस्य चौकीदार उपस्थित थे।

## पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, 198 मतदाता चुनाव प्रक्रिया में लिये भाग

### अध्यक्ष चुने गए जयदीप भगत, निर्विरोध सचिव बने मुरारी कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला पुलिस अधिकारी मेंस एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न अध्यक्ष चुने गए पु0 अ0 नि0 जयदीप भगत। जिले के सदर थाना परिसर स्थित अफसर क्लब में रविवार सुबह से ही पुलिस मेंस एसोसिएशन ऑफिसर विंग का चुनाव कराया जा रहा था जिसे चुनाव पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, रांची के क्षेत्रीय मंत्री राजकुमार लकड़ा, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज कुमार,लातेहार जिला सचिव जगत प्रकाश, लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र महतो की उपस्थिति में चुनाव शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद विजय उम्मीदवारों की नामो की घोषणा कर दिया गया है। जिसमें पुअनि जगदीप भगत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवशंकर मुरमू को 71 मतों से पराजित कर अध्यक्ष चुने गए। वहीं सचिव पद पर मुरारी कुमार निर्विरोध चुन लिया गया। उपाध्यक्ष पद पर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रंजन कुमार सिंह को पराजित कर पुअनि महेंद्र प्रसाद यादव 47 मतों से विजयी रहे। पुअनि संजय तुरिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी किशोर दास को 27 मतों से पराजित कर कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। वहीं संयुक्त मंत्री के पद पर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज कुमार सिंह को 22 मतों से पराजित कर पुअनि ज्ञास खान संयुक्त मंत्री बने। पुलिस एसोसिएसन के 263 मतदाताओं में से कुल 198 मतदाता चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। इस मौके पर डीएसपी समीर कुमार तिर्की सहीत सभी थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# हिंडालको द्वारा बिमरला में 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान के तहत चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को सीएसआर के तहत मेडिकल यूनिट द्वारा खनन क्षेत्र अंतर्गत घोड़ापत्थर ग्राम में आज जिला स्वास्थ्य समिति गुमला के मार्गदर्शन में आयोजित 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर डॉ पीपी सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि टीबी इलाज संभव है। लोग स्वास्थ्य जांच कराकर इलाज करा रहे हैं। हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से फूड पैकेट इलाजरत टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार का पैकेट प्रदान कर रही है। सरकार द्वारा इलाज व दवा तथा हिंडालको सीएसआर द्वारा न्यूट्रीशन फूड पैकेट से ठीक हो रहे हैं। साथ ही सभी नशापान से भी दूर रहें। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिमरला के सहिया साथी सुनीता तिर्की ने 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान की जानकारी दी। सभी से जांच कराने को प्रेरित किया। उन्होंने टीबी का जांच, इलाज, दवा आदि की निःशुल्क व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध हैं। हिंडाल्को सीएसआर विभाग अभय भारती ने टीबी जड़ से मिटाने के लिए जन जन तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोगों को इसे दूर करने के लिए एकजुट करते हुए सामूहिक शपथ कराया। घोड़ापत्थर ग्राम में जागरूकता रैली भी विभिन्न नारों के साथ निकाली गई।

## जीप सदस्य ने जर्जर विद्यालय भवन का किया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्की ग्राम में स्थित मध्य विद्यालय मुर्की का जर्जर भवन का जिला परिषद सदस्य ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जीप सदस्य राधा तिर्की ने प्रभारी प्रधानध्यापक से विद्यालय भवन और छात्र छात्राओं के लिये बना शौचालय के बारे में विस्तृत जानकारी लिया वही प्रभारी प्रधानध्यापक विनय कुमार ने बताया कि विद्यालय में 250 नामांकित छात्र छात्राएं हैं जिस पर 220 से 240 छात्र छात्राएं प्रत्येक दिन शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिस पर विद्यालय में मात्र 5 वर्ग कक्ष है जो की एक कक्ष काफी जर्जर स्थिति में है। जिसे छात्र छात्रओं को बैठ कर पढ़ाई करने में काफी परेशानी होती है। साथ ही बताया कि एक शौचालय है। जिसका उपयोग शिक्षक शिक्षिकाएं और बालक बालिका करते हैं। वही जिप सदस्य ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक में विद्यालय का भवन की जो समस्या उसको रखेंगे जिसे जल्द ही जिला परिषद मद से भवन निर्माण करा कर समस्या का समाधान किया जायेगा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# अलाव तापने के दौरान झुलसी महिला, अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** घटना सदर प्रखंड क्षेत्र की जहां अलाव तापने के दौरान एक महिला बुरी तरह झुलस गई।बताया जा रहा है कि सदर प्रखंड क्षेत्र के मुंदो गांव निवासी संजय साहू की पत्नी पूनम देवी सोमवार शाम 5 बजे के आस पास अलाव ताप रही थी।कुछ देर बाद वह अलाव के पास उठी तो उसे चक्कर आ गया और वह आग में गिर पड़ी। जिसे महिला के कपड़े सहित शरीर का भी कुछ हिस्सा बुरी तरह जल गया।वही आनन फानन में आस पास के लोग घटनास्थल पर पहुंच महिला की आग बुझाई।इस घटना के बाद परिजन जुटे और अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## अविराम कॉलेज के दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन, पधारे देश विदेश की हस्तियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम दिन सेमिनार का भव्य आरंभ आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चिता प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। जिसमें देश विदेश के उत्कृष्ठ शिक्षण संस्थानों, समाज सेवा,युवा, चिकित्सा, कला आदि जगत की प्रख्यात हस्तियां पधारे। सेमिनार के संरक्षक इंद्रजीत भारती और आयोजन सचिव प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, पंकज भारती की टीम द्वारा भव्य अगवानी की गई। जिसके उपरांत पारंपरिक स्वागत और गॉड ऑफ ऑनर दिया गया और दीपप्रज्वलन गणमान्य अतिथियों जिसमे अमेरिका से प्रसिद्ध वैज्ञानिक बलराम सिंह, चीन के क्वांटोंग विश्विद्यालय से विवेक मणि त्रिपाठी, ग्लोबल संस्कृत फोरम के महासचिव राजेश कुमार मिश्र,माता सुंदरी देवी, कॉलेज फॉर वूमेन दिल्ली विश्विद्यालय से प्रो हरप्रीत कौर, डॉ कल्पना शर्मा,पद्मश्री मधु मंसूरी, ऑस्ट्रेलिया से सुप्रसिद्ध लेखिका मृदुल कीर्ति,इंद्रजीत भारती ने सम्मिलित रूप से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोहार जोहार गीत पर निशु समूह द्वारा झारखंड की विविध आदिवासी संस्कृतियों को नृत्य के माध्यम से दिखा कर स्वागत किया गया। पर मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दी गई। सभी गणमान्य अतिथियों को बैच, पगड़ी बुके, माला, पारंपरिक माला, शॉल, टोपी और प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलात्मक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मधु मंसूरी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि नशा से दूर रहे यह हमारी संस्कृति नहीं है पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति को बहुत सम्मान की दृष्टि से देखती है,सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और कई दवाओ के पेटेंट कराने वाले,भारत में आयुर्वेद पर गहन शोध और कई लैब के संचालक अमेरिका से पधारे बिलिनियर प्रो बलराम सिंह ने अपने उद्बोधन में पी पी टी की सहायता से बताया कि नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को किस प्रकार प्रोत्साहन दिया गया है, अमेरिका में योग के लिए लोगो में दीवानगी है,भारत में बेटियों को देवी माना जाता है और महिलाओ को शक्ति का स्वरूप,हमे अपने प्राचीन खेलो,खान पान शिक्षा जो किताबी नहीं व्यवहारिक थी। उन्होंने अविराम में बालिकाओं की भागीदारी देख कर बहुत हर्ष व्यक्त किया। ग्लोबल संस्कृत फोरम के महासचिव जो तीस से अधिक देशों ने कार्य कर रही है और नव नालंदा महाविहार के आचार्य डॉ राजेश कुमार मिश्र द्वारा अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था ने कैसे भारतीय शिक्षा,संस्कृति पर कैसे कुठाराधात किया वह बताया गया।

## रात भर अवैध बालू की ढुलाई से आमजन को नींद हराम, विभाग ले रही चैन की नींद

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में इन दिनों शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग काफी परेशान है।कारण है कि वे रात भर सो नहीं पाते हैं एक तो शहर की सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो गयी है और दूसरी ओर रात भर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर तूफान की गति से दौड़ती है जिसे रात की नींद तक उड़ा देती है जो सुबह तक जारी रहता है।जिससे आसपास के लोग परेशान होते जा रहे हैं तेज गति से दौड़ती इन ट्रैक्टरों से उबड़ खाबड़ सड़क के कारण सड़क किनारे के घर दहल जाता है देर रात से अवैध बालू का ढुलाई जो शुरू होती है।वो अहले सुबह तक चलते रहता है और मनमाने दामों पर बेचे भी जाते है।बिना रोक टोक चल रहे इस अवैध बालू के धंधे को रोकने की बात सिर्फ डीसी और पदाधिकारियों के बैठकों में भी होती है।परंतु धरातल पर इसके लिए किसी तरह की कार्रवाई नहीं होती है।जिससे आम जनता त्रस्त है लोग आखिर फरियाद करें तो कहां करें।क्योंकि उनकी सुनने वाला इस समय कोई भी नहीं है।

## लालिमाटी विद्यालय भवन जर्जर, नहीं होता रंग-रोगन

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत के लालिमाटी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के लिए विद्यालय विकास अनुदान राशि का उपयोग ना के बराबर है क्योंकि प्रभारी शिक्षक अनिल गुप्ता उक्त फंड से भवन की मरम्मती कराते ही नहीं जिस कारण भवन काफी जर्जर हो चुका है। वहीं शौचालय बिना उपयोग का हो गया है। वैसे विद्यालय में बच्चों का नामांकन लगभग 56 है पर अभिभावक कहते हैं कि पढ़ाई ना के बराबर होती है, शिक्षक अन्य काम का हवाला देकर हमेशा बाहर ही रहते हैं। वहीं बच्चों को पोष्टिक आहार में अंडे कभी कभी ही दिया जाता है।

## 50 दिवसीय बेल मेटल डोकरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को लोहरदगा जिले के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारांतपुर में बेल मेटल (डोकरा) के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड,रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगरों ने भाग लिया। समापन समारोह मे जिला उद्यमी समानवयक ने कहा उन्होंने डोकरा के उन्नत निर्माण हेतु जल्द कारीगरों को टूल कित वितरण किया जायेगा और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा आसिफ अहमद ने कारीगरों को बताया कि पारम्परिक कार्य को करते हुए अपना उत्पादन बढ़ाये लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से आपको बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला उद्यमी समनवयक श्री सूरज कुमार प्रखंड उद्यमी समन्वयक आसिफ अहमद जन जागरण केंद्र एजेंसी से जैनुल जी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। महान संत और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष देश इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाता है। स्वामी विवेकानंद संत रामकृष्ण परमहंस के प्रिय शिष्य थे। वे वेद और योग पर भारतीय दर्शन से पश्चिमी दुनिया का परिचय कराने वाले थे। विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के प्रकाश पुंज जीवन यात्रा से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंदजी की तस्वीर के समक्ष प्राचार्य महोदय के साथ-साथ सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। धर्म शिक्षक जितेंद्र मेहर द्वारा हवन करवाया गया। शिक्षिका ज्योति पांडे के द्वारा मंच संचालन किया गया। शिक्षिका प्रतिमा साहू व छात्र अनुराग एवं वैभव के द्वारा प्रभावी भाषण प्रस्तुत किए गए। भाषण के माध्यम से इन्होंने महापुरुष के जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इनका अनुसरण करने के लिए कहा । छात्र ऋषभ के द्वारा कविता पाठ किया गया।

## प्री-बोर्ड परीक्षाफल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी समारोह का हुआ आयोजन

### भैया-बहनों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षक एवं अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा : बिपिन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में कक्षा दशम के भैया बहनों के साथ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथि विकास मुखर्जी,मधु गुप्ता एवं प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। मंच संचालन एवं परिचय हिंदी आचार्या अनिता देवी ने किया।प्री- बोर्ड परीक्षाफल वितरण की भूमिका एवं उद्देश्य विज्ञान आचार्य राजीव सिंह ने किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अभिभावक गोष्ठी में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पक्ष पर भी ध्यान देना होगा साथ ही साथ भैया बहनों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षक एवं अभिवावकों को जागरूक होना पड़ेगा। अभिभावकों की सहभागिता रही। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अनुशासन,शिक्षा के प्रति उत्साह जागृत करना है, बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना है।अभिभावकों ने भी बच्चों की समस्याओं को रखा एवं कई सुझाव भी दिए। अभिभावक अपना थोड़ा समय बच्चों के लिए जरूर निकालें। उनकी कॉपी,अध्ययन सामग्री प्रतिदिन जरूर देखें। बच्चों से अच्छा व्यवहार करें। उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। घर के परिवेश को भी संस्कार युक्त रखना चाहिए,क्योंकि बच्चे हमारा अनुसरण करते हैं। परीक्षाफल वितरण का प्रस्तुतीकरण मुकेश कुमार सिन्हा ने किया। इस गोष्ठी में कक्षा दशम के तीनों खंड के कक्षाचार्य मंजू देवी, मुकेश कुमार सिन्हा, अनिता देवी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अनिता देवी ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## आजसू की वनभोज व चुनावी समीक्षा बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने वालों पर गिरेगी गाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सिठियों तट पर आजसु पार्टी लोहरदगा का वन भोज कार्यक्रम सह चुनावी समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान बहुत सारी बातें सामने लाई गई जो भी आजसू के कार्यकर्ता पार्टी में रहकर पार्टी विरोधी कार्य किए हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही स्वर्गीय कमल किशोर भगत के विश्वास को आगे बढ़ाते हुए उनकी धर्मपत्नी नीरू शांति भगत को आजसू पार्टी ने तीन बार लोहरदगा विधानसभा से प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ाया परंतु 78,000 मतदाताओं का अपमान करते हुए नीरू शांति भगत अपने स्वार्थ के लिए झामुमो जाने की पहल कर रही है और साथ में आजसू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को तोड़ने का प्रयास कर रही है इसे लेकर पार्टी में गहन चिंतन की गई पार्टी विरोधी कार्य करने को लेकर नीरू शांति भगत के खिलाफ केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजा गया नीरू शांति भगत पर पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई करें यह प्रस्ताव लाया गया चुनाव के दरमियान कई कार्यकर्ताओं के वाहन, डीजल, कार्यालय, साउंड, सिस्टम आदि का भुगतान नीरू शांति भगत के द्वारा नहीं किया जा रहा है और आजसू पार्टी को बदनाम किया जा रहा है इस पर भी अनुमंडल पदाधिकारी से मिल कार्रवाई करने की बात कही गई आज के इस वन भोज कार्यक्रम में केंद्रीय प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, राम लखन प्रसाद, देवेंद्र साहू, राजू गुप्ता, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, प्रमोद उरांव, विनोद उरांव, चितरंजन उरांव, पंकज मिश्रा, पंचम सहदेव, सुनीता साहू, सुचिता उरांव, रामवती उरांव, उर्मिला देवी, मनोज कुमार गुप्ता, सरस्वती देवी, कौशिक राज मेहता, विनोद सिंह, पवन प्रजापति, अरविंद उरांव, पर्वत उरांव, देवधन नायक, भारत राम, भारत साहू, भोला साहू, उमेश उरांव, दीपक लकड़ा, देवचरण महली, भूखंड लोहार, सोनी उरांव, प्रभु राम, सनी भगत, राजेंद्र लोहरा, केदार प्रसाद साहू, सुमन भगत, सुनील उरांव, बैजू लोहार, गुड्डु साहू, महेंद्र यादव, संदीप नायक, आकाश कुमार, प्रकाश कुमार, संजय कुमार साहू, अभिषेक दुबे, राहुल कुमार, विष्णु महतो, ओमप्रकाश गुप्ता, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, सत्यनारायण प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### सौ एकड़ से ज्यादा खेत में लगी फसल बर्बाद




**अररिया:** फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड पंचायत के महिषाकोल नहर क्षेत्र में सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण सौ एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि प्रभावित हो गई है। नहर में बने गड्ढे की वजह से पानी खेतों में घुस गया। जिससे किसानों के खेत में लगाए गए धान, मक्का, भिंडी और मटर की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं।किसानों का कहना है कि उन्होंने तीन महीने पहले सिंचाई विभाग को इस समस्या के बारे में सूचित किया था, लेकिन विभाग ने बिना किसी जांच के नहर से पानी छोड़ दिया, जिसके कारण उनके खेतों में पानी भर गया और फसलें नष्ट हो गईं। ग्रामीणों ने अब सिंचाई विभाग और आपदा विभाग से मुआवजे की मांग की है।प्रभावित किसानों में मन्नू पासवान, इनर देव मंडल, मोहम्मद बेचन, मनोज ततमा, लखीचंद मंडल, शोभानंद मंडल, मेंडल मंडल, तबरेज आलम, विनोद मंडल, अनिल मंडल, अरुण पासवान, सुनील ठाकुर, राज कुमार मंडल जैसे लोग शामिल हैं। इन किसानों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने की अपील की है और इस लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।

### स्वामी विवेकानंद की 163 वी जयंती धूम धाम से मनाई गयी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु एवम् युवाओ के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के तौर पे पूरे भारत वर्ष मे बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाई गयी.राजधानी रांची के डोरंडा मे अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा के नेतृत्व मे विवेकानंद महोत्सव समिति द्वारा भव्य रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती का आयोजन किया गया. मौके पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी अंतरानंद ने स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित कर श्रृदांजलि दी साथ ही साथ युवाओ को संदेश देते हुए कहा की स्वामी विवेकानंद के बताए गए मार्ग पर चले और देश के विकास मे अपनी एक अहम भूमिका निभाए. कार्यक्रम मे रांची विधायक सीपी सिंह, हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, मुख्य संरक्षक कुणाल आजमानी, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, संरक्षक राजीव चटर्जी, संरक्षक मुनचुन राय , वरिष्ठ सलाहकार प्रमोद मिश्रा, संरक्षक आलोक साहू , भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भाजपा नेत्री कुमुद् झा, भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रोमित् नारायण सिंह मौजूद रहे . कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी नीतीश मिश्रा, दुर्गेश यादव, कुशाग्र सिंह राजपुत , आरती गुप्ता, सलोनी श्रीवास्तव एवम् अन्य सदस्यो का अहम योगदान रहता है.

# महिला हुनर हाट 2025 का हुआ शानदार समापन

## हर्षित तिर्की मिस्टर मेदिनीनगर एवं अनीशा तिवारी ने पहना मिस मेदिनीनगर का ताज







प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग के तत्वाधान में आयोजित शहर में पहली बार महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए महिलाओं द्वारा लगाई गई महिला हुनर हाट 2025 के शानदार सफल आयोजन का समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन उद्घाटन वित्त मंत्री राधाकृष्णा किशोर, सांसद बीडी राम एवं मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। सभी अतिथियों ने महिलाओं द्वारा लगाए गए एक से बढ़कर एक व्यंजन एवं गृह निर्मित मिठाई, पापड़, अचार की 75 स्टॉल घूमते हुए कई सामग्री भी खरीदी। साथ ही बच्चों एवं लड़कियों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कल के कार्यक्रम में शहर के सबसे शानदार एवं अत्याधुनिक जिम बीडी फिटनेस द्वारा जहां 10 पुरुष प्रतिभागी उतारे गए, वहीं एक से बढ़कर एक पांच महिला प्रतिभागीयो ने भाग लेकर सबों को अपनी फिटनेस दिखाते हुए आश्चर्यचकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडी फिटनेस के मालिक भास्कर दुबे ने अपने बॉडी फिटनेस का शानदार प्रदर्शन कर किया। 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बेबी रैंप शो में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। डॉग शो के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा गया। जहां शानदार अलग-अलग ब्रीड के पांच कुत्ते प्रदर्शित किए गए और इनाम दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर मेदिनीनगर एवं मिस मेदनीनगर के प्रति दर्शकों एवं खासकर युवाओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। इस कंपटीशन में लड़कों में 10 एवं लड़कियों में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिस्टर मेदनीनगर का खिताब हर्षित तिर्की ने प्रथम स्थान, ऋषभ अग्रवाल द्वितीय एवं प्रिंस अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।।हर्षित तिर्की 2025 मिस्टर मेदिनी नगर का बन गए। वहीं मिस मेदनीनगर का खिताब अनीशा तिवारी ने जीत कर ताज पहनी। वही राजनंदनी दूसरा एवं शिखा सिंह तीसरा स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित हुई। कार्यक्रम में राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा कालबेलिया डांस का सबों ने लुफ्त उठाते हुए काफी तारीफ की। चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ काफी सक्रिय थी और लगभग 10 हजार के भीड़ का सफल संचालन महिला टीम ने कर डाला जो अपने आप में एक इतिहास बनी।

**इन प्रतिभागियों की रही उपस्थित :** मिस डाल्टनगंज विनर रहे 1. अनिशा तिवारी 2. राज नंदनी और 3. साक्षी सिंह। मिस्टर डाल्टनगंज विनर रहे 1. हर्षित तिर्की 2. ऋषभ अग्रवाल 3. प्रिंस अग्रवाल। इसके इवेंट हेड रहे प्रीति राज गुप्ता एंड अमित आनंद। डॉग शो = 1. चेरी = ऑनर नेम (मनीष सहनी, मोना सहनी) 2. टायसन : ऑनर नेम (मेहुल सिंघानिया सिमरन सिंघानिया) 3. टायसन : ऑनर नेम (गुरबीर सिंह एंड हर्षीन कौर)। डॉग इवेंट हेड रहे सिमरन सिंघानिया। डांस सोलो विनर : 1. नीतीया अश्वी 2. आद्या मानातेछ 3. अनन्या श्री डांस ग्रुप विनर। अर्बन डांस स्टूडियो - आरोही, अंश, अक्षिता, अंशिका, नायरा। डांस इवेंट हेड रहे अलका सिंघानिया।

## मुख्यमंत्री ने कुल्लू के तांदी में आग से प्रभावित स्थल का दौरा किया



एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कुल्लू जिले की बंजार घाटी के गांव तांदी में आग लगने से प्रभावित स्थल का दौरा कर राहत कार्यों का जायजा लिया तथा प्रभावित परिवारों से मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में युद्ध स्तर पर तेजी लाई जाए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने किराए के मकान में रहने वाले लोगों को 5000 रुपये प्रति माह की दर से 6 माह तक किराया देने और पुनः घर न बनने की स्थिति में आगामी 6 माह के लिए 5000 रुपये प्रतिमाह किराया देने तथा पशु-शालाएं बनाने के लिए 50,000 रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पूर्ण रूप से जल चुके घर तथा जो घर अब रहने योग्य नहीं रहे हैंए ऐसे घरों के निर्माण के लिए सात लाख रुपये की सहायता राशि, मुफ्त बिजली तथा पानी का कनेक्शन, घर बनाने के लिए नियमानुसार लकड़ी मुहैया करवाने और जिन घरों का सामान जल गया है उन घरों के लिए आवश्यक सामान, बर्तन, कपड़े आदि देने की घोषणा भी की। उन्होंने गांव में पक्की सड़क बनाने के लिए 75 लाख रुपये तथा गांव तक पहुंचने के लिए 4 किलोमीटर सड़क की मरम्मत कराने के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की।

## महाकुंभ में इतनी अच्छी व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी



एजेंसी

**महाकुंभनगर** : मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती सोमवार को प्रयागराज पहुँची। महाकुंभ की व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खूब सराहना की हैं। उमा भारती ने प्रयागराज पहुंचने पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि 1977 से मैंने श्रीप्रयागराज के महाकुंभ में स्नान शुरू किए, तब से लेकर इस महाकुंभ तक यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था, सुरक्षा, सुविधा, प्रशासन एवं पुलिस का अतिविनम्र व्यवहार पहले कभी नहीं देखा।धन्य है भारत, धन्य है श्री प्रयागराज और धन्य है महाकुंभ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करोड़ों भारतवासियों की ओर से मेरा अभिनंदन। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि मैं आज सवेरे श्री प्रयागराज पहुंच गई। महाकुंभ क्षेत्र में नहीं हूं, शहर के अंदर रुकी हुई हूं। आज सवेरे जब प्रयागराज जं. रेलवे स्टेशन पर उतरी तो भ्रम और भय दोनों दूर हो गए।

# भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम सुदना मे हुआ संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में मेदिनीनगर के सुदना स्थित शिव शक्ति धाम मे सदस्यता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन संटू सिंह ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करती है।

सभी वर्ग, जाति एवं समुदाय का उत्थान ही पार्टी के सोच की केंद्र बिंदु है. कहा कि सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें ताकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें.उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों को 8800002024 नम्बर पर मिस कॉल करवाते हुए उन्हें प्राथमिक सदस्य भी बनाया.उन्होंने कहा की हमारी सरकार समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों तक लाभ पहुंचाने में विश्वास करती है.कहा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश की प्रगति को और तेज रफ्तार देने के लिए हमें इस संगठन को और सशक्त और मजबूत बनाने की आवश्यकता है उन्होंने अधिकाधिक लोगों को प्राथमिक सदस्य बनने हेतु आह्वाहन किया और उपस्थित लोगों को और अधिक लोगों को इसमें जोड़ने हेतु अनुरोध किया.श्री राम ने कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है। बताया कि प्रधानमंत्री के अगुवाई में हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा होने जा रहा है.कहा कि 50 से अधिक सदस्य बनाने वाले लोग सक्रिय प्राथमिक सदस्य के रूप मे जाने जायेंगे.कहा कि कार्यकर्त्ता के बदौलत संगठन एवं देश हर मुकाम हासिल कर सकता है. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर,अमित तिवारी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता नरेंद्र पांडे,परशुराम ओझा,जितेंद्र तिवारी अजय कुमार सिंह, सुनील पांडे छोटू सिंह भोला पांडेय आदि उपस्थित थीं।

## सांझी लोहड़ी में दिखा विवाहित जोड़ों व बच्चों में उत्साह

**रांची :** बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा आयोजित सांझी लोहड़ी में दिखा नव विवाहित जोड़ों और नवजात शिशुओं के परिवारों में उत्साह सोमवार की सर्द शाम में बहावलपुरी पंजाबी समाज ने पूरे उल्लास और उत्साह के साथ लोहड़ी मनाई. खुशी के इस पर्व में जैसे ही लोहड़ी जली, सर्द का एहसास जाता रहा और लोग झूमने लगे.लबों से बोल भी फूट रहे थे, देह माई लोहड़ी जीवे तेरी जोड़ी, तेरे कोठे ऊपर मोर/ रब्ब पुत्तर देवे होर/साल नूं फेर आवा..सुंदर मुंदरिये-होय,..तेरा कौन विचारा-होय!..दुल्ला भट्टी वाला-होय!.कुड़ी दा लाल पटाका-होय ! लोहड़ी के चारों तरफ नाचते हुए लबों पर बोल फूट रहे थे.सांझी लोहड़ी की लपटें आकाश चूम रही थीं. सोमवार को रात 9 बजे अरदास एवं मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं रांची के विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से लोहड़ी प्रज्वलन किया.

# युवा को हुनरमंद बनाना सरकार का लक्ष्य : सैनी



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलते हुए युवाओं के सपने को साकार कर रही है। हमारी सरकार ने युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां देने का काम किया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद बने और वित्तीय रूप से समृद्ध हो।

इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई योजनाएं बनाकर कारगर कदम उठाये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री सोमवार को जिला अंबाला के गांव कड़ासन में स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति के आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। इस मौके पर स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया।नायब सिंह सैनी ने देश व प्रदेशवासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश तीज और त्योहारों का देश है, जिसमें प्रत्येक पर्व का अपना एक विशेष महत्व है। भारत की संस्कृति और गौरव को विश्व में पहुंचाने का कार्य स्वामी विवेकानंद जी ने किया था।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं, इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता बढ़कर 209.44 गीगावाट पर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता दिसंबर 2024 तक बढ़कर 209.44 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो दिसंबर, 2023 में 180.80 गीगावाट थी। यह सलाना आधार पर 15.84 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की यह वृद्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित 'पंचामृत' लक्ष्यों के तहत अपने स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों और इसके व्यापक दृष्टिकोण के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक दिसंबर 2024 तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता 209.44 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो दिसंबर 2023 में 180.80 गीगावाट की तुलना में 15.84 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2024 के दौरान जोड़ी गई कुल क्षमता 28.64 गीगावाट थी, जो वर्ष 2023 में जोड़े गए 13.05 गीगावाट की तुलना में 119.46 फीसदी की महत्वपूर्ण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाती है। मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2024 में सौर ऊर्जा 24.54 गीगावाट की वृद्धि के साथ इस वृद्धि का नेतृत्व करेगी, जो इसकी संचयी स्थापित क्षमता में वर्ष 2023 में 73.32 गीगावाट से वर्ष 2024 में 97.86 गीगावाट तक 33.47 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पवन ऊर्जा ने भी इस विस्तार में योगदान दिया है। वर्ष 2024 में अतिरिक्त 3.42 गीगावाट स्थापित होने से कुल पवन क्षमता बढ़कर 48.16 गीगावाट हो गई, जो 2023 से 7.64 फीसदी की वृद्धि है।

## बच्चों के बीच नमो पतंग, लटेर, धागे का संजय सेठ ने किया वितरण

**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में सोमवार 13 जनवरी 2025 को ओ टी सी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा प्रातः 8=30 बजे नमो पतंग उत्सव की शुरुआत की गयी । संजय सेठ ने कहा हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीड़ियों को जागृत करने के लिए ,हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए हम आज भी पतंग उत्सव ,मकर संक्रांति, लोहड़ी ,टुसू सहित अन्य त्योहारो को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे है। पतंग की उड़ान के संग हम चाहते हैं कि आज देश के युवा भी अपनी प्रगति पर ऐसी उड़ानों के साथ देश और समाज का भविष्य तय करें। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नमो पतंग, लटेर और धागे का युवाओं और बच्चों के बीच वितरण किया ।

# अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के स्नान का समय हुआ तय



एजेंसी

**महाकुम्भ नगर:** महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों के साधु-संत शाही स्नान करते हैं। अखाड़ों को विशेष क्रम में स्नान का अधिकार दिया जाता है, जो परंपराओं और उनकी प्रतिष्ठा के आधार पर तय होता है। कुंभ मेला प्रशासन की तरफ से सभी 13 अखाड़ों को अमृत स्नान संबंधी समय सूची जारी की गई है। सबसे पहले, महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के संत-महंत, महामंडलेश्वर अमृत स्नान करेंगे। परंपरानुसार, पहले सातों संन्यासी स्नान करेंगे, इसके बाद तीनों वैरागी और अंत में तीनों उदासीन अखाड़े स्नान करेंगे। गौरतलब है कि, महाकुंभ के दौरान कुल छह स्नान आयोजित होंगे, जिनमें से तीन स्नान अमृत (शाही) स्नान होंगे, जिन्हें अखाड़े विशेष रूप से करते हैं। पहले अमृत स्नान का आयोजन मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को होगा, दूसरा मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को और तीसरा वसंत पंचमी के दिन 3 फरवरी को होगा। पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी के अनुसार, मकर संक्रान्ति यानी 14 जनवरी को श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले अमृत स्नान करेगा, जिसके साथ श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़ा भी होगा। यह अखाड़ा 5.15 पर शिविर से प्रस्थान करेगा और 6.15 पर घाट पहुंचेगा। इसे 40 मिनट का समय स्नान के लिए दिया गया है. यह 6.55 पर घाट से वापस शिविर के लिए रवाना होगा और 7.55 पर शिविर पहुंचेगा। दूसरे स्थान पर स्नान करेगा श्री निरंजनी अखाड़ाअमृत स्नान में दूसरे स्थान पर श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनन्द है। इसका शिविर से प्रस्थान का समय 06.05, घाट पर आगमन का समय 07.05, स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 7.45 शिविर में आगमन का समय 8.45 रहेगा।